प्रस्तुत कथोपकथन में उसी नदी के मछुआरे को राजा के सिपाहियों और कोतवाल ने पकड़ लिया है। मछुआरा अपनी निर्दोषता प्रकट कर रहा है कि उसने अंगूठी चुरायी नहीं है। उसे वह मछली के पेट में मिली है। सिपाही उसे दण्ड दिलाने के लिए राज दरबार में ले जाते हैं। अंगूठी पाकर राजा उस मछुआरे को पुरष्कृत करता है।

(तओ पविसइ णागरिओ सालो, पच्छा बद्धपुरिसं गेण्हंता दुवे रक्खिणा च)

दुवे रक्खिणा — (ताडिऊण) अले, कुंभीलआ ! कहेहि कहिं तुए एशे मणिबंधणुक्किण्णणामहेए लाअकीए अंगुलीअए शमाशादिए ?

पुरिसो — (भीइं णाडियएण) पशीदंतु भावमिश्शे ! हगे ण ईदिकम्मकाली।

पढमो रक्खिणो — किं खु शोहणे बम्हणे त्ति कलिअ लण्णा पडिग्गहे दिण्णे ?

पुरिसो — शुणुह दारिणं। हगे शक्कावदालब्भंतरालवाशी धीवले।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

बीओ रक्खिणो — पाडच्चला ! किं अम्हेहिं जादी पुच्छिदा ?

सालो (कोडवालो) — सुअअ ! कहेदु शव्वं अणुक्कमेण । मा णं अन्तरा पडिबन्धह ।

दोण्णि — जं आवुत्तो आणवेदि । कहेहि ।

पुरिसो — अहके जालुग्गालादीहिं मच्छबन्धणोवाएहिं कुडुम्ब-भलणं कलेमि ।

सालो — (हसिऊण) विसुद्धो दाणिं आजीवो ।

पुरिसो — भट्ट ! मा एव्वं भण—

शहजे किल जे वि णिन्दिए ण हु दे कम्मविवज्जणीअए ।
पशुमण्डणकम्मदालुणे अणुकम्पामिदु एव्वं शोत्तिए ।। 1 ।।

सालो — तदो तदो ।

पुरिसो — एक्कशिशं दिअशे खंडशो लोहिअमच्छे मए कप्पिदे । जाव तशश उदलब्भंतले एदं लदणभाशुलं अंगुली-अअं देक्खिअं । पच्छा अहके शे विक्कआअ दंश-अंते गहिदे भावमिश्शेहि । मालेहि वा मुंचेह वा, अअं शे आअमवुत्तंते ।

सालो — जाणुअ ! विस्सगंधी गोहादी मच्छबंधो एव्व णिस्संसअं । अंगुलीअअदंसणं शे विमरिसिदव्वं । राअ-उलं एव्व गच्छामो ।

दुवे रक्खिणा — तह । गच्छ अले गंडभेदअ !*

---

* अभिज्ञानशाकुन्तलं, (कालिदास), निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, अंक छठे से उद्धृत ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

अभ्यास (पाठ 29)

1. प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखिए :

1. शकार ने अनुचित कार्य करने के लिए गाड़ीवान् को क्या-क्या प्रलोभन दिये ?
2. गाड़ीवान् पर शकार का कितना अधिकार था ?
3. चेट ने अच्छे-बुरे कर्मों के फल का क्या उदाहरण दिया ?

2. निबन्धात्मक प्रश्न :

(क) इस कथोपकथन की भाषा के सम्बन्ध में अपने शिक्षक से समझें और उसकी विशेषताएं लिखें।

अभ्यास (पाठ 30)

1. प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखिए :

1. मछुआरे को सिपाहिओं ने क्यों पकड़ा था ?
2. मछुआरे ने अपनी जीविका के सम्बन्ध में क्या सूचना दी ?
3. अंगूठी की प्राप्ति के सम्बन्ध में मछुआरा क्यों निर्दोष था ?

2 निबन्धात्मक प्रश्न :

(क) इस कथोपकथन की भाषा के सम्बन्ध में अपने शिक्षक से समझें और उसकी विशेषताएं लिखें।

(ख) अभिज्ञानशाकुन्तलं में अंगूठी के महत्त्व को स्पष्ट करें।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 31 : कवि-गोट्ठी

पाठ-परिचय :

महाकवि **राजशेखर** ने 10 वीं शताब्दी में **कर्पूरमंजरी** नामक नाटक (सट्टक) प्राकृत भाषा में लिखा है। इसमें चन्द्रपाल राजा और कर्पूरमंजरी की प्रेमकथा वर्णित है। सौन्दर्य-वर्णन एवं काव्य-चर्चा की दृष्टि से यह नाटक महत्वपूर्ण है।

प्रस्तुत कथोपकथन में राजा के दरबार में उसके मित्र कर्पिंजल नामक विदूषक तथा रानी की प्रमुख दासी विचक्षणा के बीच काव्यात्मक नोंक-झोंक होती है। राजा विचक्षणा का पक्ष लेता है। इससे क्रोधित होकर विदूषक सभा से चला जाता है।

राआ — सच्चं विअक्खणा विअक्खणा, चतुरत्तणेण उत्तीणं विचित्तदाए रीदीणं। ता किं अण्णं कइचूडामणित्तणे ठिदा एसा।

विऊसओ — (सकोहं) ता उज्जुअं जेव किं ण भणीअदि अच्चुत्तमा विअक्खणा कव्वम्मि, अच्चहमो कविजलो बम्हणो त्ति।

विअक्खणा — अज्ज ! मा कुप्प। कव्वं जेव दे कइत्ताणं पिसुणेदि। जदो कान्तारत्तणिन्दणिज्जे वि अत्थे, सुउमारा दे बाणी-लम्बत्थणीए विअ एक्कावली, तुन्दलाए विअ कंचुलिआ, काणए विअ कज्जलसलाआ ण सुट्ठु दरं रमणिज्जा।

विऊसओ — तुज्ज उण रमणिज्जे वि अत्थे ण सुन्दरा सद्दावली। कण-अकडिसुत्तए विअ लोहकिंकिणीमाला, पडिवट्टए विअ तसरविरअणा, गोरंगीए विअ चंदणचच्चा ण चंगत्तणं अवलम्बेदि। तधा वि तुमं वण्णीअसि।

विअक्खणा — अज्ज ! मा कुप्प। का तुम्हेहिं समं पाडिसिद्धी ? जदो तुमं णाराओ विअ णिरक्खरो वि रदणतुलाए णिउज्जी-

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

असि । अहं उण तुला विअ लद्धक्खरा वि ण सुवण्णतुलणे णिउज्जीआमि ।

विऊसओ — एवं मं हसंतीए तुह वामं दक्खिणं च जुहिट्ठिरजेट्ठभाअर-णामहेअं अंगं तडत्ति उप्पाडइस्सं ।

विअक्खणा — अहं पि उत्तरफग्गुणीपुरस्सर-णक्खत्तणामहेअं अंगं तुह — तडत्ति खंडिस्सं ।

राआ — वअस्स ! मा एवं भण । कइत्तणे ठिदा एसा ।

विऊसओ — (सकोहं) ता उज्जुअं जेव किं ण भणीअदि अम्हाणं चेडिआ हरिउट्ठ-णंदिउट्ठ-पोट्टिस-हालप्पहुदीणं पि पुरिदो सुकइत्ति ।*

अभ्यास

1. प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखिए :

1. विचक्षणा ने विदूषक की कविता में क्या दोष बतलाया ?
2. विदूषक ने विचक्षणा की कविता में क्या दोष बतलाया ?
3. विचक्षणा ने विदूषक के साथ अपनी तुलना किस उदाहरण को देकर की ?

2. निबन्धात्मक प्रश्न :

(क) इस कथोपकथन की भाषा के सम्बन्ध में अपने शिक्षक से समझें और और उसकी विशेषताएं लिखें ।

(ख) इस पाठ में प्रयुक्त उपमाओं की एक सूची बनाईए ।

(ग) अच्छी कविता में दो गुण कौन-से प्रमुख हैं, इस पाठ के आधार पर लिखिए ।

---

* कर्पूरमंजरी (सं.—डॉ. आर. पी. पोद्दार), वैशाली, 1974, प्रथम जवनिका, पृ. 138-139 से उद्धृत ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 32 : पाइय-अहिलेहाणि

पाठ-परिचय :

सम्राट अशोक ने धर्मप्रचार के लिए एवं शासन की आज्ञाएं प्रसारित करने के लिए अपने राज्य की सीमाओं में शिलाओं पर अपनी आज्ञाएं खुदवा दी थीं। उसकी ये आज्ञाएं तत्कालीन जन-भाषा प्राकृत में थीं, किन्तु उनमें पालि एवं संस्कृत के भी कुछ प्रयोग सम्मिलित हो गये हैं। अशोक के ये शिलालेख प्राकृत गद्य के सबसे प्राचीन लिखित नमूने हैं।

अशोक के प्रमुख शिलालेख 14 हैं। उनमें से प्रथम, द्वितीय एवं बारहवां शिलालेख यहाँ प्रस्तुत है। इनमें जीवदया, मांसभक्षण-निषेध, चिकित्सासेवा, वृक्षारोपण, धर्म-समन्वय एवं दान आदि के कार्यों पर प्रकाश डाला गया है।

१. जीवदया : मंसभक्खण-निसेहो

1. इयं धंमलिपी देवानं प्रियेन प्रियदसिना राञा लेखापिता।
2. इध न किं चि जीवं आरमित्पा प्रजूहितव्यं।
3. न च समाजो कतव्यो।
4. बहुकं हि दोसं समाजम्हि पसति देवानंप्रियो प्रियद्रसि राजा।
5. अस्ति पि तु एकचा समाजा साधुमता देवानंप्रियस प्रियदसिनो राञो।
6. पुरा महानसम्हि देवानं प्रियदसनो राञो अनुदिवसं बहूनि प्राण सतसहस्रानि आरभिसु सूपाथाय।
7. से अज यदा अयं धंमलिपी लिखिता ती एव प्राणा आरभरे सूपाथाय द्वो मोरा एको मगो, सो पि मगो न धुवो।
8. एते पि त्रो प्राणा पछा न आरभिसरे।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

२. लोगोवयारी कज्जाणि

1. सर्वत विजितम्हि देवानंप्रियदसनो राओ एवमपि प्रचंतेसु यथा-चोडा पाडा सतियपुत केतलपुतो आतंबपंणी अंतियोको योनराजा, ये वा पि तस अंतियकस सामीपं राजानो सर्वत्र देवानंप्रियस प्रियदसिनो राओ द्वे चिकीछ कता–मनुसचिकीछा च पशुचिकोछा च ।
2. ओसुडानि च यानि मनुसोपगानि च पसोपगानि च यत यत नास्ति, सर्वत्र हरापितानि च रोपापितानि च ।
3. मूलानि च फलानि च यत यत नास्ति सर्वत्रा हारापितानि रोपापितानि च ।
4. पंथेसू कूपा च खानापिता, ब्रछा च रोपापिता पसुमनुसानं ।

३. समवायो एव साधु

1. देवानांपिये पियदसि राजा सव पासंडानि च पवजितानि च घरस्तानि च पूजयति दानेन च विविधाय च पूजाय पूजयति ने ।
2. न तु तथा दानं व पूजा व देवानंपिओ मंञ्ञते यथा किति सारवढी अस सब पासंडानं ।
3. सारवढी तु बहुविधा । तस तु इदं मूलं य वचिगुती किति आत्मपासंड-पूजा व परपासंडगरहा व न भवे अप्रकरणम्हि ।
4. लहुका व अस तम्हि तम्हि प्रकरणे । पूजेतया तु एव परपासंडा तेन तेन प्रकरणेन । एवं करुं आत्मपासंडं च वढयति परपासंडस च उपकरोति ।
5. तदंञ्ञथा करोतो आत्मपासंडं च छणति परवासंडस च पि अयकरोति ।
6. यो हि कोचि आत्मपासंडं पूजयति परपासंडं वा गरहति सवं आत्मपासंड-भतिया किति आत्मपासंडं दीपयेम इति सो च पुन तथ करातो आत्म-पासंडं वाढतरं उपहनाति ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

7. त समयावो एव साधु किति अंञमंञस धंमं स्रुणारु च सुसुंसेर च। एवं हि देवानंपियस इछा किति सवपासंडा बहुश्रुता च असु, कलाणागमा च असु।

8. ये च तत्र तते प्रसंना तेहि वतव्यं–देवानंपियो नो तथा दानं व पूजां व मंञते यथा किति सारवढी अस सर्वपासंडानं।

9. बहुका च एताय अथा व्यापता धंममहामाता य इथीभखमहामाता च वचभूमीका च अञे च निकाया। अयं च एतस फल य आत्मपासंडवढी च होती धंमस च दीपना।*

अभ्यास

1. **प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

   1. अशोक ने किस प्रकार के 'समाज' को न करने का आदेश दिया है?
   2. अशोक ने मांस-भक्षण का निषेध कहाँ से प्रारम्भ किया?
   3. उस समय चिकित्सा की क्या व्यवस्था अशोक ने की थी?
   4. पथिकों के लिए क्या सुविधाएं थीं?
   5. अशोक के मत में 'सारवृद्धि' का क्या अर्थ है?
   6. 'समवाय' का क्या अर्थ है?

2. **निबन्धात्मक प्रश्न :**

   (क) अशोक ने धर्म-समन्वय के लिए कौन-कौन से अधिकारी नियुक्त किये थे?
   (ख) अशोक के द्वारा जन-कल्याणकारी कार्यों का वर्णन कीजिए।
   (ग) इन शिलालेखों की भाषा के सम्बन्ध में अपने शिक्षक से समझें और उसकी विशेषताएं लिखें।

---

* अशोक के अभिलेख (सं.—डॉ. राजबली पाण्डेय), ज्ञानमण्डल वाराणसी, 1965, से उद्धृत।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

(ग) प्राकृत भाषा एवं साहित्य

१. प्रमुख प्राकृत भाषाएं

भारत की प्राचीन भाषाओं में प्राकृत-भाषा साहित्य एवं संस्कृति की दृष्टि से पर्याप्त समृद्ध है। प्राकृत भाषा की प्राचीनता एवं उसकी विशेषताओं के सम्बन्ध में **प्राकृत-स्वयं-शिक्षक** एवं **प्राकृत-काव्य-मंजरी** की भूमिका आदि में प्रकाश डाला जा चुका है। प्राकृत भाषा के भेद-प्रभेदों का संक्षिप्त परिचय यहाँ दिया जा रहा है।

प्राकृत भाषा की उत्पत्ति एवं विकास की दृष्टि से उसके मुख्यतः दो भेद किये जा सकते हैं। प्रथम कथ्य-प्राकृत, जो बोल-चाल में बहुत प्राचीन समय से प्रयुक्त होती रही है। किन्तु उसका कोई लिखित उदाहरण हमारे समक्ष नहीं है। दूसरी प्रकार की प्राकृत साहित्य की भाषा है, जिसके कई रूप हमारे समक्ष उपलब्ध हैं। इस साहित्यिक प्राकृत के भाषा-प्रयोग एवं काल की दृष्टि से तीन भेद किये जा सकते हैं— 1. आदियुग, 2. मध्ययुग एवं 3. अपभ्रंशयुग।

ई. पू. छठी शताब्दी से ईसा की द्वितीय शताब्दी के बीच प्राकृत में निर्मित साहित्य की भाषा प्रथमयुगीन प्राकृत कही जा सकती है। इस प्राकृत भाषा के पांच रूप हैं —

1. **आर्ष प्राकृत** : भगवान बुद्ध और महावीर के उपदेशों की भाषा क्रमशः पालि और अर्धमागधी के नाम से जानी गयी है। धार्मिक प्रचार के लिए सर्व प्रथम इन भाषाओं का महापुरुषों द्वारा उपयोग हुआ इसलिए इनको ऋषियों की भाषा आर्षप्राकृत कहना उचित है।

2. **शिलालेखी प्राकृत** : जन-भाषा प्राकृत को प्रचीन राजाओं ने अपने राज-काज की भाषा भी बनाया। लिखित रूप में प्राकृत भाषा का सबसे पुराना

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

रूप शिलालेखों की भाषा में सुरक्षित है। सर्व प्रथम सम्राट अशोक ने शिलालेखों में प्राकृत भाषा का प्रयोग किया। उसके बाद खारवेल का हाथीगुंफा शिलालेख प्राकृत में लिखा गया। फिर लगभग 400 ई० तक हजारों शिलालेख प्राकृत में लिखे पाये जाते हैं। इन सबकी भाषा जनबोलियों की मिश्रित भाषा है, जिसे विद्वानों ने 'शिलालेखी प्राकृत' कहा है।

3. **निया-प्राकृत :** निया प्रदेश (चीनी तुर्किस्तान) से प्राप्त लेखों की भाषा को 'निया प्राकृत' कहा गया है। इस प्राकृत भाषा का तोखारी भाषा के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध है।

4. **धम्मपद की प्राकृत :** पालि धम्मपद की तरह प्राकृत में भी लिखा गया एक धम्मपद मिला है। इसकी लिपि खरोष्ठी है। इसकी प्राकृत पश्चिमोत्तर प्रदेश की बोलियों से सम्बन्ध रखती है।

5. **अश्वघोष के नाटकों की प्राकृत :** अश्वघोष के नाटकों में प्रयुक्त प्राकृत जैन सूत्रों की प्राकृत से भिन्न है। यह भिन्नता प्राकृत के विकास को सूचित करती है। इस समय तक मागधी, अर्धमागधी, शौरसेनी नाम से प्राकृत के भेद हो चुके थे।

इस प्रकार प्रथम युगीन प्राकृत भाषा इन आठ सौ वर्षों में प्रयोग की दृष्टि से विभिन्न रूप धारण कर चुकी थी।

ईसा की द्वितीय से छठी शताब्दी तक जिस प्राकृत भाषा में साहित्य लिखा गया है, उसे मध्ययुगीन प्राकृत कहा जाता है। इस युग की प्राकृत को हम साहित्यिक प्राकृत भी कह सकते हैं। किन्तु प्रयोग की भिन्नता की दृष्टि से इस समय तक प्राकृत के स्वरूप में क्रमशः परिवर्तन हो गया था, अतः प्राकृत के वैयाकरणों ने प्राकृत के ये पांच भेद निरूपित किये हैं-अर्धमागधी, शौरसेनी, महाराष्ट्री, मागधी एवं पैशाची। इनका स्वरूप एवं प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं:—

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

अर्धमागधी

जैन आगमों की भाषा को अर्धमागधी कहा गया है। प्राचीन आचार्यों ने मगध प्रदेश के अर्धांश में बोली जाने वाली भाषा को अर्धमागधी कहा है। कुछ विद्वान् इसमें मागधी भाषा की कतिपय विशेषताएं होने के कारण इसे अर्धमागधी कहते हैं। मार्कण्डेय ने शौरसेनी के निकट होने से मागधी को ही अर्धमागधी कहा है। वस्तुतः अर्धमागधी में ये तीनों विशेषताएं परिलक्षित होती हैं। पश्चिम में शौरसेनी और पूर्व में मागधी भाषा के बीच के क्षेत्र में बोली जाने के कारण इसका अर्धमागधी नाम सार्थक होता है। यद्यपि इसका उत्पत्ति-स्थान अयोध्या को माना जा सकता है, फिर भी इसका महाराष्ट्री प्राकृत से अधिक सादृश्य है। इसके अस्तित्व में आने का समय ई. पू. चौथी शताब्दी माना जा सकता है।

अर्धमागधी का रूप-गठन मागधी और शौरसेनी की विशेषताओं से मिलकर हुआ है। इसमें लुप्त व्यंजनों के स्थान पर यश्रुति होती है। यथा—श्रेणिकम्→सेणियं। क का 'ग', न का 'ण' एवं प का 'व' में परिवर्तन होता है। प्रथमा एकवचन में 'ए' तथा 'ओ' दोनों होते हैं। धातु-रूपों में भूतकाल के बहुवचन में 'इंसु' प्रत्यय लगता है; तथा कृदन्त में एक धातु के कई रूप बनते हैं। यथा—कृत्वा के कट्टु, किच्चा, करित्ता, करित्ताणं आदि।

शौरसेनी

शौरसेनी प्राकृत शूरसेन (मथुरा) की भाषा थी। इसका प्रचार मध्यदेश में हुआ था। जैनों के षट्खंडागम आदि ग्रन्थों की रचना इसी में हुई थी। बाद में दिगम्बर जैन आगम ग्रन्थों की यह मूल भाषा बन गयी। उपलब्ध साहित्य की दृष्टि से यह सब में प्राचीन प्राकृत है। जैन ग्रन्थों के अतिरिक्त नाटकों में भी इसका प्रयोग हुआ है। इसमें कृत्रिम रूपों की अधिकता पायी जाती है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

शौरसेनी में त का 'द', थ एवं ह का 'ध' भ का 'ह' में परिवर्तन होता है। यथा–जानाति→जाणादि, कथयति→कधेदि आदि। गच्छति→गच्छदि, गच्छदे; भवति→भोदि, होदि; इदानीम्→दाणिं; पठित्वा→पढिया, पढिदूण आदि रूप शौरसेनी के विशिष्ट प्रयोग हैं।

महाराष्ट्री

सामान्य प्राकृत का दूसरा नाम महाराष्ट्री प्राकृत है, ऐसी कई विद्वानों की धारणा है; किन्तु इसका यह नाम उत्पत्ति-स्थल के कारण ही अधिक प्रचलित हुआ है। महाराष्ट्र प्रदेश में जो प्राचीन प्राकृत प्रचलित थी, उसी के बाद काव्य और नाटकों की महाराष्ट्री प्राकृत का जन्म हुआ है। इस प्राकृत में संस्कृत के वर्णों का अधिकतम लोप होने की प्रवृत्ति पायी जाती है। इस कारण महाराष्ट्री प्राकृत काव्य में सबसे अधिक प्रयुक्त हुई है। अतः इसे साहित्यिक प्राकृत भी कहा जा सकता है। जैन काव्य-ग्रन्थों और नाटक आदि काव्य-ग्रन्थों की महाराष्ट्री प्राकृत में कुछ भिन्नता है; अतः कुछ विद्वान् महाराष्ट्री और जैन महाराष्ट्री, इसके ऐसे दो भेद भी मानते हैं।

मागधी

अन्य प्राकृतों की तरह मागधी में स्वतन्त्र रचनाएँ नहीं पायी जातीं। केवल संस्कृत-नाटकों और शिलालेखों में इसके प्रयोग देखने में आते हैं। अतः प्रतीत होता है कि मागधी कोई निश्चित भाषा नहीं थी, अपितु उन कई बोलियों का उसमें सम्मिश्रण था, जिनमें ज के स्थान पर य, र→ल, स→श तथा अकारान्त शब्दों में ए का प्रयोग होता था। मागधी का निश्चित प्रदेश तय करना कठिन है; किन्तु सभी विद्वान् इसे मगध देश की ही भाषा मानते हैं, जो अपने समय में राजभाषा भी थी। इसकी उत्पत्ति वैदिक युग की किसी कथ्य भाषा से मानी जाती है, यद्यपि इसकी प्रकृति शौरसेनी को माना गया है। शकारी, चांडाली और शाबरी जैसी लोक-भाषाएं मागधी की ही प्रशाखाएं हैं।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पैशाची

पैशाची का समय ईसा की दूसरी से पांचवीं शताब्दी तक माना गया है। इसके पूर्व की पैशाची के कोई उदाहरण साहित्य में उपलब्ध नहीं हैं। पैशाची भाषा किसी प्रदेश विशेष की भाषा नहीं थी, अपितु भिन्न-भिन्न प्रदेशों में रहने वाली किसी जाति विशेष की भाषा थी, जिस कारण इसका प्रचार कैकय, शूरसेन और पांचाल प्रदेशों में अधिक हुआ है। ग्रियर्सन इसे पश्चिम पंजाब और अफगानिस्तान की भाषा मानते हैं। पैशाची में वर्ण परिवर्तन बहुत होता है; यथा—गकनं←गगनम् मेखो←मेघः, राचा←राजा, पंचा←प्रज्ञा, सतनं←सदनम, कच्चं←कार्यं आदि।

पैशाची भाषा में गुणाढ्य का बृहत्कथा नामक ग्रन्थ लिखे जाने का उल्लेख है। उसके कथा के कई रूपान्तर आज उपलब्ध हैं।

अपभ्रंश

महाराष्ट्री प्राकृत जब धीरे-धीरे केवल साहित्य की भाषा बनकर रह गयी तब जनभाषा के रूप में जो भाषा विकसित हुई उसे विद्वानों ने 'अपभ्रंश भाषा' कहा है। इस अपभ्रंश में 7 वीं शताब्दी से 15 वीं शताब्दी तक पर्याप्त साहित्य लिखा गया है। अपभ्रंश भाषा प्राकृत और हिन्दी भाषा को परस्पर जोड़ने वाली कड़ी है।

२. प्राकृत गद्य साहित्य की रूपरेखा

प्राकृत भाषा में ई० पू० छठी शताब्दी से साहित्य की रचना होने के उल्लेख हैं। भगवान् महावीर ने जो उपदेश दिये थे, उनका संकलन पद्य एवं गद्य दोनों में किया गया है। अतः रचना की दृष्टि से आगम प्राकृत साहित्य प्राचीन है। प्राकृत गद्य के प्राचीन नमूने इस आगम साहित्य में उपलब्ध हैं। छोटे-छोटे वाक्यों, सूक्तियों से प्रारम्भ होकर समासयुक्त शैली में बड़े-बड़े गद्य भी प्राकृत आगम के ग्रन्थों में उपलब्ध हैं।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

आचारांगसूत्र की सूक्तियां प्राकृत गद्य की आधारशिला कही जा सकती हैं। अहिंसा की सूक्ष्म व्याख्या करते हुए इसमें कहा गया है:-

अरिहता एवं परूवेंति—सव्वे पाणा सवे भूता सव्वे जीवा सव्वे सत्ता ण हंतव्वा, ण अज्जावेयव्वा, ण परिघेतव्वा, ण परितावेयव्वा, ण उद्दवेयव्वा। एस धम्मे सुद्धे णिइए सासए समिच्च लोयं खेयण्णेहिं पवेइए।

भगवतीसूत्र, ज्ञाताधर्मकथा, उपासगदशांग, विपाकसूत्र रायपसेणिय, निरयावली आदि आगम ग्रन्थों में प्राकृत गद्य की प्रौढ़ शैली देखने को मिलती हैं। इनमें समासपद एवं काव्यात्मक भाषा का प्रयोग हुआ है। राजा प्रसेन जित् अपनी सम्पत्ति के चार भाग करते हुए कहता है—

अहं णं सेयवियानयरी पमोक्खाइं सत्त गामसहस्साइं चत्तारि भागे करिस्सामि। एगं भागं बलवाहणस्स दलइस्सामि, एगं भागं कोट्ठागारे छुभिस्सामि, एगं भागं अंतेउरस्स दलइस्सामि, एगेणं भागेणं महइ महालयं कूडागारसालं करिस्सामि।

आगम के इन ग्रन्थों में प्राकृत गद्य में छोटे-छोटे वाक्यों का भी प्रयोग हुआ है। उनके साथ उपमाएं भी जुड़ी हुई हैं। जम्बुद्दीवपण्णत्ति में ऋषभ के मुनि-जीवन का वर्णन कई उपमाओं के साथ किया गया है। यथा—

कुम्मो इव इंदिएसु गुत्तो, जच्चकंचणगं व जायरूवे, पोक्खरपत्तं व निरुवलेवे, चन्दो इव सोमभावयाए, सूरो व दित्ततेए, अचले जह मंदरे गिरिवरे····।

आगम के व्याख्या सहित्य में भी प्राकृत गद्य का प्रयोग हुआ है। चूर्णि एवं भाष्य साहित्य में प्राकृत गद्य के कई सुन्दर नमूने हैं। उत्तराध्ययनचूर्णि दशवैकालिकचूर्णि एवं आवश्यकचूर्णि में कई प्राकृत कथाएं आयी हैं, जो गद्य में हैं। इनमें कथोपकथन शैली का भी प्रयोग हुआ है। निशीथचूर्णि का एक संवाद दर्शनीय है—

तेण पुच्छित्ता — किं ण गतासि भिक्खाए ?
सा भण्णति — अज्ज ! खमणं मे।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

सो भणति — किं निमित्तं ?
सा भणति — मोहतिगिच्छं करेमि ।

अर्धमागधी आगमों के अतिरिक्त शौरसेनी आगम ग्रन्थों में भी कहीं-कहीं गद्य का प्रयोग मिलता है । किन्तु अधिकांश ग्रन्थ पद्य में लिखे गये हैं । 'षट्खंडागम' की टीका 'धवला' में ग्रन्थकार के परिचय के सम्बन्ध में कहा गया है–

तेण वि सोरट्ठ-विसय-गिरि-णयर-पट्टणचंदगुहाठिएण अट्ठंग-महाणिमित्त-पारएण गंथवोच्छेदो होहदि त्ति जादभएण पवयण-वच्छलेण दक्खिणावहाइरिय एं महिमाए मिलियाणं लेहो पेसिदो ।

इस तरह प्राकृत के काव्यग्रन्थों के गद्य की शैली को समझने के लिए प्राकृत आगम ग्रन्थों के गद्य का अध्ययन किया जाना आवश्यक है । इसमें भारतीय प्राचीन गद्य-शैली के विकास के कई बीज सुरक्षित हैं ।

१. प्राकृत कथा साहित्य :

प्राकृत साहित्य में सबसे अधिक कथा-ग्रन्थ लिखे गये हैं । कथाओं की शैली और विविध रूपता के लिए प्राकृत साहित्य प्रसिद्ध है । आगम काल से लेकर वर्तमान युग तक प्राकृत में कथाएं लिखी जाती रही हैं । अतः यह साहित्य पर्याप्त समृद्ध है ।

प्राकृत कथाओं का प्रारम्भ आगम साहित्य में हुआ है, जहाँ संक्षिप्त रूप में कथा का ढांचा प्राप्त होता है । उसके बाद आगम के व्याख्या साहित्य में इन कथाओं को घटनाओं और वर्णनों से पुष्ट किया गया है । ऐसी हजारों कथाएं इस साहित्य में प्राप्त हैं । कथा-प्रधान कुछ आगम गन्थों का परिचय इस प्रकार है :–

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

(क) *आगम कथा-ग्रन्थ* :

ज्ञाताधर्मकथा : आगम ग्रन्थों में कथा-तत्व के अध्ययन की दृष्टि से ज्ञाताधर्मकथा में पर्याप्त सामग्री है। इसमें विभिन्न दृष्टान्त एवं धर्मकथाएं हैं, जिनके माध्यम से जैन तत्त्व-दर्शन को सहज रूप में जन-मानस तक पहुँचाया गया है। ज्ञाताधर्मकथा आगमिक कथाओं का प्रतिनिधि ग्रन्थ है। इसमें कथाओं की विविधता है और प्रौढ़ता भी। मेघकुमार, थावच्चापुत्र मल्ली तथा द्रोपदी की कथाएं ऐतिहासिक वातावरण प्रस्तुत करती हैं। प्रतिबुद्धराजा, अर्हन्नक व्यापारी, राजा रुक्मी, स्वर्णकार की कथा, चित्रकार-कथा चोखा परिव्राजिका आदि कथाएं मल्ली की कथा की अवान्तर कथाएं हैं। मूलकथा के साथ अवान्तर कथा की परम्परा की जानकारी के लिए ज्ञाताधर्मकथा आधारभूत स्रोत है। ये कथाएं कल्पना-प्रधान एवं सोद्देश्य हैं। इसी तरह जिनपाल एवं जिनरक्षित की कथा, तेतलीपुत्र, सुषमा की कथा एवं पुण्डरीक कथा कल्पना-प्रधान कथाएं हैं।

ज्ञाताधर्मकथा में दृष्टान्त और रूपक कथाएं भी हैं। मयूरों के अण्डों के दृष्टान्त से श्रद्धा और संशय के फल को प्रकट किया गया है। दो कछुओं के उदाहरण से संयमी और असंयमी साधक के परिणामों को उपस्थित किया गया है। तूम्बे के दृष्टान्त से कर्मवाद को स्पष्ट किया गया है। चन्द्रमा के उदाहरण से आत्मा की ज्योति की स्थिति स्पष्ट की गयी है। दावद्रव नामक वृक्ष के उदाहरण द्वारा आराधक और विराधक के स्वरूप को स्पष्ट किया गया है। ये दृष्टान्त कथाएं परवर्ती कथा साहित्य के लिए प्रेरणा प्रदान करती हैं।

इस ग्रन्थ में कुछ रूपक कथाएं भी हैं। दूसरे अध्ययन की कथा धन्ना सार्थवाह एवं विजय चोर की कथा है। यह आत्मा और शरीर के में सम्बन्ध का रूपक है। सातवें अध्ययन की रोहिणी कथा पांच व्रतों की रक्षा और वृद्धि को रूपक द्वारा प्रस्तुत करती है। उदकजात नामक कथा

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

संक्षिप्त है। किन्तु इसमें जल-शुद्धि की प्रक्रिया द्वारा एक ही पदार्थ के शुभ एवं अशुभ दोनों रूपों को प्रकट किया गया है। अनेकान्त के सिद्धान्त को समझाने के लिए यह बहुत उपयोगी कथा है नन्दीफल की कथा यद्यपि अर्थ-कथा है। किन्तु इसमें रूपक की प्रधानता है। धर्मगुरु के उपदेशों के प्रति आस्था रखने का स्वर इस कथा से तीव्र हुआ है। समुद्री अश्वों के रूपक द्वारा लुभावने विषयों के स्वरूप को स्पष्ट किया गया है।

ज्ञाताधर्मकथा पशुकथाओं के लिए भी उद्गम ग्रन्थ माना जा सकता है। इस एक ही ग्रन्थ में हाथी, अश्व, खरगोश, कछुए, मयूर, मेंढक, सियार आदि को कथाओं के पात्रों के रूप में चित्रित किया गया है। मेरुप्रभ हाथी ने अहिंसा का जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह भारतीय कथा साहित्य में अन्यत्र दुर्लभ है। ज्ञाताधर्मकथा के द्वितीय श्रुतस्कंध में यद्यपि 206 साध्वियों की कथाएं हैं। किन्तु उनके ढांचे, नाम, उपदेश आदि एक-से हैं। केवल काली की कथा पूर्णकथा है। नारी-कथा की दृष्टि से यह कथा महत्त्वपूर्ण है।

उपासकदशांग : उपासकदशांग में महावीर के प्रमुख दश श्रावकों का जीवन-चरित वर्णित है। इन कथाओं मे यद्यपि वर्णकों का प्रयोग है। फिर भी प्रत्येक कथा का स्वतन्त्र महत्त्व भी है। व्रतों के पालन में अथवा धर्म की आराधना में उपस्थित होने वाले विघ्नों, समस्याओं का सामना साधक कैसे करे इसको प्रतिप्रादित करना ही इन कथाओं का मुख्य प्रतिपाद्य है। कथा-तत्वों का बाहुल्य न होते हुए भी इन कथाओं के वर्णन पाठक को आकर्षित करते हैं। समाज एवं संस्कृति विषयक सामग्री उपासदगसाओ की कथाओं में पर्याप्त है। ये कथाएं आज भी श्रावक-धर्म के उपासकों के लिए आदर्श बनी हैं। किन्तु इन श्रावकों की साधना पद्धति के प्रति पाठकों का आकर्षण कम है, उनकी वर्णित समृद्धि के प्रति उनका अधिक लगाव है।

अन्तकृद्दशासूत्र : जन्म-मरण की परम्परा का अपनी साधना से अन्त कर देने वाले दश व्यक्तियों की कथाओं का इसमें वर्णन होने से इस ग्रन्थ को अन्तकृद्-

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

शांग कहा गया है। इस ग्रन्थ में वर्णित कुछ कथाओं का सम्बन्ध अरिट्ठनेमि और कृष्ण-वासुदेव के युग से है। गजसुकुमाल की कथा लौकिक कथा के अनुरूप विकसित हुई है। द्वारिका नगरी के विनाश का वर्णन कथा-यात्रा में कौतुहल तत्व का प्रेरक है। ग्रन्थ के अंतिम तीन वर्गों की कथाओं का सम्बन्ध महावीर तथा राजा श्रेणिक के साथ है। इनमें अर्जुन मालाकार की कथा तथा सुदर्शन सेठ की अवान्तर-कथा ने पाठक का ध्यान अधिक आकर्षित किया है। अतिमुक्त कुमार की कथा बालकथा की उत्सुकुता को लिए हुए है। इन कथाओं के साथ राजकीय परिवारों के व्यक्तियों का सम्बन्ध जुड़ा हुआ है। साधना के अनुभवों का साधारणीकरण करने में ये कथाएं कुछ सफल हुई हैं।

अनुत्तरोपपातिकदशा : इस ग्रन्थ में उन लोगों की कथाएं हैं, जिन्होंने तप-साधना के द्वारा अनुत्तर विमानों (देवलोकों) की प्राप्ति की है। कुल 33 कथाएं हैं, जिनमें से 23 कथाएं राजकुमारों की हैं, 10 कथाएं इसमें सामान्य पात्रों की। इनमें धन्यकुमार सार्थवाह-पुत्र की कथा अधिक हृदयग्राही है।

विपाकसूत्र : विपाकसूत्र में कर्म-परिणामों की कथाएं हैं। पहले स्कन्ध में बुरे कर्मों के दुखदायी परिणामों को प्रकट करने वाली दश कथाएं हैं। मृगापुत्र की कथा में कई अवान्तर कथाएं गुंफित हैं। उद्देश्य की प्रधानता होने से कथातत्व अधिक विकसित नहीं है। किन्तु वर्णनों का आकर्षण बना हुआ है। अति-प्राकृत तत्वों का समावेश इन कथाओं को लोक से जोड़ता है। व्यापारी, कसाई, पुरोहित, कोतवाल, वैद्य, धीवर, रसोईया, वेश्या आदि से सम्बन्ध होने से इन प्राकृत कथाओं में लोकतत्वों का समावेश अधिक हुआ है। दूसरे स्कन्ध की कथाएं अच्छे कर्मों के परिणामों को बताने वाली हैं। सुबाहु की कथा विस्तृत है। अन्य कथाओं में प्रायः वर्णक हैं। इस ग्रन्थ की कथाएं कथोपकथन की दृष्टि से अधिक समृद्ध हैं। उनकी इस शैली ने परिवर्ती कथा साहित्य को भी प्रभावित किया है। हिंसा, चोरी, मैथुन के दुष्परिणामों को तो ये कथाएं व्यक्त करती हैं। किन्तु इनमें असत्य

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

एवं परिग्रह के परिणामों को प्रकट करने वाली कथाएं नहीं हैं। सम्भवतः इस ग्रन्थ की कुछ कथाएं लुप्त भी हुई हों। क्योंकि नन्दी और समवायांग-सूत्र में विपाकसूत्र की जो कथावस्तु वर्णित है, उसमें असत्य एवं परिग्रह के दुष्परिणामों की कथाएं होने के उल्लेख हैं।

औपपातिक एवं रायपसेणिय : औपपातिकसूत्र में भगवान् महावीर की विशेष उपदेश-विधि का निरूपण है। गौतम इन्द्रभूति के प्रश्नों और महावीर के उत्तरों में जो संवादतत्व विकसित हुआ है, वह कई कथाओं के लिए आधार प्रदान करता है। नगर-वर्णन, शरीर-वर्णन आदि में अलंकारिक भाषा व शैली का प्रयोग इस ग्रन्थ में है। राजप्रश्नीयसूत्र में राजा प्रदेशी और केशो श्रमण के बीच हुआ संवाद विशेष महत्त्व का है। इसमें कई कथासूत्र विद्य-मान हैं। इस प्रसंग में धातु के व्यापारियों की कथा मनोरंजक है। उसे लोक से उठाकर प्रस्तुत किया गया है।

(ख) *आगमिक व्याख्या साहित्य :*

प्राकृत आगमों पर जो व्याख्या साहित्य लिखा गया है, उसमें कई छोटी-छोटी कथाएं आयी हैं। अतः प्राकृत कथा साहित्य के अध्ययन की दृष्टि से इस व्याख्या साहित्य का भी विशेष महत्त्व है। **आचारांगचूर्णि, सूत्र-कृतांगचूर्णि** और **निशीथचूर्णि** में प्राकृत गद्य में लौकिक कथाएं प्राप्त होती हैं। **उत्तराध्ययनचूर्णि** में बुद्धि-चमत्कार की भी कथाएं हैं। **आवश्यक-चूर्णि** कथाओं का भण्डार है। इसमें लौकिक एवं उपदेशात्मक दोनों प्रकार की कथाएं मिलती हैं। इन चूर्णियों के लेखक जिनदासगणि महत्तर बहुत बड़े दार्शनिक एवं कुशल कथाकार थे। लोक-जीवन को उन्होंने इन कथाओं के द्वारा व्यक्त किया है।

आचार्य हरिभद्र ने **दशवैकालिकवृत्ति** और **उपदेशपद** में कई प्रकार की कथाएं प्रस्तुत की हैं। अतः ये दोनों ग्रन्थ भी प्राकृत कथा के आधार

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

ग्रन्थ माने जा सकते हैं। टीका साहित्य में नेमिचन्द्रसूरि का नाम उल्लेखनीय है। इन्होंने **उत्तराध्ययन-सुखबोधाटीका** में कई महत्त्वपूर्ण प्राकृत कथाएं प्रस्तुत की हैं। इस व्याख्या साहित्य की कथाओं का डा. जगदीशचन्द्र जैन ने जो अध्ययन प्रस्तुत किया है, उससे इनके स्वरूप एवं महत्त्व पर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है।

(ग) स्वतन्त्र कथा-ग्रन्थ :

तरंगवतीकहा : प्राकृत में प्राचीन समय से स्वतन्त्र रूप से भी कथा-ग्रन्थ लिखे गये हैं। पादलिप्तसूरि प्रथम कथाकार हैं, जिन्होंने प्राकृत में तरंगवइकहा नामक बड़ा कथाग्रन्थ लिखा है। किन्तु दुर्भाग्य से आज वह उपलब्ध नहीं है। उसका संक्षिप्त सार तरंगलोला के नाम से नेमिचन्द्रगणि ने प्रस्तुत किया है। इसको सम्पादित कर डा. एच. सी. भायाणी ने प्रकाशित कराया है। इस ग्रन्थ में तरंगवती के आदर्श प्रेम एव त्याग की कथा वर्णित है।

वसुदेवहिण्डी : यह ग्रन्थ विश्व कथा-साहित्य में महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। क्योंकि वसुदेवहिण्डी की कई कथाएं विश्व में प्रचलित हुई हैं। संघदासगणि ने इस ग्रन्थ में वसुदेव के भ्रमण-वृतान्त का वर्णन किया है। प्रसंगवश अनेक अवान्तरकथाएं भी इसमें आयी हैं। इस ग्रन्थ का दूसरा खण्ड धर्मदासगणि के द्वारा रचित माना जाता है, उसका नाम मध्यमखण्ड है। वसुदेवहिण्डी में रामकथा एवं कृष्णकथा के भी कई प्रसंग हैं तथा कुछ लौकिक कथाएं हैं। इस कारण इस ग्रन्थ में चरित, कथा और पुराण इन तीनो तत्वों का समावेश हो गया है। इस ग्रन्थ का सांस्कृतिक महत्त्व भी है। इस ग्रन्थ को कुछ कथाओं अथवा घटनाओं को लेकर प्राकृत, अपभ्रंश में आगे चलकर कथाएं लिखी गयी हैं। अतः प्राकृत कथा साहित्य का यह आधार ग्रन्थ है।

समराइच्चकहा : यह प्राकृत कथा साहित्य का सशक्त ग्रन्थ है। आचार्य हरिभद्रसूरि ने लगभग 8वीं शताब्दी में चित्तौड़ में इस ग्रन्थ की रचना की थी।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

इस ग्रन्थ की कथा का मूल आधार अग्निशर्मा एवं गुणसेन के जीवन की घटना है। अपमान से दुखी होकर अग्निशर्मा प्रतिशोध की भावना मन में लाता है। इस निदान के फल बरूप 9 भवों तक वह गुणसेन के जीव से बदला लेता है। वास्तव में समराइच्चकहा की कथावस्तु सदाचार और दुराचार के संघर्ष की कहानी है। प्रसंगवश इसमें अनेक कथाएं भी गुंथी हुई हैं

समराइच्चकहा में प्राकृत गद्य एवं पद्य दोनों का प्रयोग हुआ है। कथाकार का कवित्व इस ग्रन्थ में पूरी तरह प्रकट हुआ है। एक स्थान पर राजा की बीमारी से व्याकुल अन्तःपुर का वर्णन करते हुए कथाकार कहता है—

तहा मिलाणसुरहिमल्लदामसोहं, सुवण्णगड्ढवियलियअंगरायं, बाहजलधोय-कवोलपत्तलेहं, करयलपणामियरुव्वायवयणपंकयं, उव्विग्गमन्तेउरं।

—प्रथम भव पृ. 24

समराइच्चकहा गुप्तकालीन संस्कृति की दृष्टि से भी विशेष महत्त्व की है। इस ग्रन्थ में समुद्रयात्रा आदि के जो वर्णन हैं, वे भारतीय पथ-पद्धति पर विशेष प्रकाश डालते हैं।

कुवलयमालाकहा : आचार्य हरिभद्र के शिष्य उद्द्योतनसूरि ने ई. ७७९ में जालौर में कुवलयमालाकहा की रचना की है। यह ग्रन्थ गद्य एवं पद्य दोनों में लिखा गया है। किन्तु इसकी विशिष्ट शैली के कारण इसे प्राकृत का चम्पू ग्रन्थ भी कहते हैं। कुवलयमाला की कथावस्तु भी एक नवीनता लिये हुए है। इसमें क्रोध, मान, माया, लोभ और मोह जैसी मानसिक वृत्तियों को पात्र बनाकर उनकी चार जन्मों की कथा कही गयी है।

कुवलयमाला नैतिक आचरण को प्रतिपादित करने वाला कथा ग्रन्थ है। । साहित्य के माध्यम से जन-सामान्य के आचरण को कैसे संतुलित किया जा सकता है, इसका उदाहरण यह ग्रन्थ है। प्रेमकथा, अर्थ-

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

कथा एवं धर्मकथा तीनों का समिश्रण इस ग्रन्थ में है। प्रसंगानुसार इसमें अन्य लौकिक कथाएं भी आयी हैं। कुछ पशु-पक्षियों की भी कथाएं हैं। समुद्र-यात्रा एवं वाणिज्य-व्यापार की प्रामाणिक जानकारी इस ग्रन्थ से मिलती है। अतः भारत के सांस्कृतिक इतिहास के लिए भी कुवलयमाला महत्त्वपूर्ण साहित्यिक साक्ष्य है।

कहारयणकोस : मध्ययुग में स्वतन्त्रकथा ग्रन्थों के साथ प्राकृत में कथाओं के संग्रह-ग्रन्थ भी लिखे जाने लगे थे। देवभद्रसूरि (गुणचन्द्र) ने ई. 1101 में भड़ौच में कहारयणकोस की रचना की थी। इस ग्रन्थ में कुल 50 कथाएं है। गृहस्थ धर्म के विभिन्न पक्षों को इन कथाओं के माध्यम से पुष्ट किया गया है। काव्यात्मक वर्णन भी इस ग्रन्थ में हैं। कथाएं प्रायः प्राकृत गद्य में कही गयीं हैं और वर्णन पद्यों में किये गये हैं। लौकिक जीवन के भी कई प्रसंग इस ग्रन्थ की कथाओं में मिलते हैं। कथा कहने की शैली विवरणात्मक है। यथा—

अत्थि इहेव जंबुद्दीवे दीवे एरावयखेत्ते कलिंगदेसकुलंगणावयणं व मणोहरवाणियं, कम्मगंथपगरणं व बहुविहपयइ इएसगहणं, धण-धन्नसमिद्धं जयत्थलं नाम खेडं। तत्थ य वथव्वो विसाहदत्तो नाम सेट्ठी। सेणा नाम से भज्जा।

—कथा नं० 2, पृ 24

कुमारवालपडिबोह : सोमप्रभसूरि ने सन् 1184 में इस ग्रन्थ की रचना की थी। इस ग्रन्थ में गुजरात के राजा कुमारपालके चरित्र का वर्णन है। किन्तु उसको प्रदान की गयी शिक्षा के दृष्टान्तों के रूप में इस ग्रन्थ में कई कथाएं दी गयी हैं। अतः यह चरित-ग्रन्थ न होकर कथा-ग्रन्थ बन गया है। लघु कथानकों एवं आदर्श चरितों का इसमें समन्वय है। यद्यपि इस ग्रन्थ का वातावरण धार्मिक है, फिर भी इसमें काव्यात्मक छटा देखने को मिलती है। कथाओं के विकास को जानने के लिए इस ग्रन्थ का अध्ययन उपयोगी है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

रयणसेहरनिवकहा : जिनहर्षसूरि ने इस ग्रन्थ की रचना ई० सन् 1430 में चित्तौड़ में की थी : यह एक प्रेमकथा है। इसमें रत्नशेखर सिंहलद्वीप की राजकुमारी रत्नवती से प्रेम करता है, अनेक कष्ट सहकर उसे प्राप्त करता है। इसमें राजा का मंत्री मतिसागर सहायक होता है। कथा के दूसरे भाग में सात्विक-जीवन की साधना का वर्णन है। पर्व के दिनों में धर्म-साधना करना इस ग्रन्थ का प्रमुख स्वर है। किन्तु लौकिक पक्ष भी उतना ही सबल है। इस ग्रन्थ की कथावस्तु के आधार पर जायसी के पद्मावत का इसे मूल आधार माना जाता है।

प्राकृत के इन कथा-ग्रन्थों के अतिरिक्त गद्य में लिखी गयी अन्य रचनाएं भी उपलब्ध हैं। लगभग 12वीं शताब्दी में आचार्य सुमतिसूरि ने **जिनदत्ताख्यान** नामक ग्रन्थ लिखा है। वर्धमानसूरि द्वारा सन् 1083 में लिखित **मनोरमाकहा** एक सरस कथा है। संघतिलक आचार्य ने लगभग 12वीं शताब्दी में **आरामसोहाकहा** की रचना की है। यह कथा विशुद्ध लौकिक कथा है। इन सब कथा-ग्रन्थों का अभी व्यापक प्रचार नहीं हुआ है। इनकी कथा के सूक्ष्म अध्ययन से भारतीय कथा-साहित्य के कई पक्ष समृद्ध हो सकते हैं।

पाइयविन्नाणकहा : श्री विजयकस्तूरसूरि ने 20वीं शताब्दी में प्राकृत कथा-प्रणयन को जीवित रखा है। उन्होंने इस पुस्तक में 55 कथाएं लिखी हैं। प्राकृत गद्य में लिखी ये कथाएं लौकिक-जीवन और परम्परा के चित्र को उजागर करती हैं।

रयणवालकहा : श्री चन्दनमुनि प्राकृत के आधुनिक लेखक हैं। उन्होंने इस ग्रन्थ में रत्नपाल की कथा को प्राकृत के प्रांजल गद्य में प्रस्तुत किया है। इस ग्रन्थ को पढ़ने से प्राकृत-कथाओं की समृद्ध परम्परा का आभास हो जाता है।

२. प्राकृत चरित–साहित्य :

प्राकृत गद्य का प्रयोग आगम ग्रन्थों और कथा-ग्रन्थों के अतिरिक्त प्राकृत के चरित ग्रन्थों में भी हुआ है। गद्य-पद्य में मिश्रित रूप से लिखे गये प्राकृत के निम्न प्रमुख चरित ग्रन्थ हैं:—

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

1. चउप्पनमहापुरिसचरियं, 2. जंबुचरियं 3. रयणचूडरायचरियं, 4. सिरिपासनाहचरियं एवं 5. महावीरचरियं आदि।

चरित साहित्य के ये ग्रन्थ प्रायः पौराणिक कथानकों पर आधारित हैं। उन्हीं में से ग्रन्थों के नायकों का चयन कर उनके चरितों को विकसित किया गया है। मूल चरितनायक के जीवन को उद्घाटित करने के लिए इन ग्रन्थों में जो अन्य कथाएं एवं दृष्टान्त दिये गये हैं उनसे इन ग्रन्थों का कथात्मक महत्त्व बढ़ गया है। इन ग्रन्थों का गद्य भाग प्रायः सरल है। पद्य भाग में काव्यात्मक शैली अपनायी गयी है।

चउप्पन-महापुरिसचरियं : इस ग्रन्थ की रचना लगभग 9वीं शताब्दी (ई.868) में की गयी थी। शीलंकाचार्य ने इस ग्रन्थ में 24 तीर्थंकरों, 12 चक्रवर्तियों, 9 वासुदेवों एवं 9 बलदेवों इन कुल 54 महापुरुषों के जीवन-चरितों को प्रस्तुत किया है। अतः यह ग्रन्थ विशालकाय है। ऋषभदेव, पार्श्वनाथ, महावीर, राम, कृष्ण, भरत सभी प्रमुख व्यक्तियों का जीवन इसमें आ गया है। अतः कुछ वर्णन तो केवल परम्परा का निर्वाह करते हैं। किन्तु कुछ चरितों का विश्लेषण सूक्ष्मता से हुआ है। प्रासंगिक कथाएं इस ग्रन्थ को मनोरंजक बनाती हैं।

जंबुचरियं : गुणपाल मुनि ने लगभग 9वीं शताब्दी में इस ग्रन्थ की रचना की है। जम्बुस्वामी के वर्तमान जन्म की कथा जितनी मनोरंजक है, उतनी ही उनके पूर्वजन्मों की कथाएं हैं। इस कारण यह ग्रन्थ पर्याप्त सरस है। धार्मिक वातावरण व्याप्त होने पर भी प्राकृतिक वर्णनों से ग्रन्थकार का कवित्व प्रकट होता है। इस ग्रन्थ का प्राकृत गद्य समासयुक्त और प्रौढ़ है। वासगृह का वर्णन करते हुए कवि कहता है—

तत्थ वि सुरहिपइन्नकुसुमदामविलंबियपवराहिरामं, कप्पूररेणुकुंकुमकेसरलवंगकत्थूरियसुरहिगंधठ्ठपूरपूरिय ..... पविट्ठो कुमारो वासहरं ति।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

रयणचूडरायचरियं : यह ग्रन्थ लगभग 12वीं शताब्दी में चन्द्रावती नगरी (आबू) में लिखा गया था। इसके रचयिता नेमिचन्द्रसूरि प्राकृत के प्रसिद्ध कथाकार हैं। इस ग्रन्थ में रत्नचूड एवं तिलकसुन्दरी के धार्मिक-जीवन का वर्णन है। किन्तु उनके पूर्वजन्मों का वर्णन करते समय ग्रन्थकार ने इस ग्रन्थ को मनोरंजक और काव्यात्मक बना दिया है। इस ग्रन्थ की कथाएं लौकिक एवं उपदेशात्मक हैं। इसका प्राकृत गद्य प्रांजल एवं समासयुक्त है।

सिरिपासनाहचरियं : इस ग्रन्थ की रचना देवभद्रसूरि (गुणचन्द्र) ने ई. सन् 1111 में की थी। इसमें पार्श्वनाथ के जीवन का विस्तार से वर्णन है। पूर्वभवों के प्रसंग में मनुष्य-जीवन की विभिन्न वृत्तियों का इसमें अच्छा चित्रण हुआ है। अवान्तर कथाएं इस ग्रन्थ के कथानक को रोचक बनाती हैं।

महावीरचरियं : ई० सन् 1082 में गुणचन्द्र ने इस ग्रन्थ की रचना छत्रावली में की थी। इस ग्रन्थ में भगवान् महावीर के जीवन को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। यह ग्रन्थ गद्य और पद्य में लिखा गया है। काव्यात्मक वर्णनों के लिए यह ग्रन्थ प्रसिद्ध है।

इस प्रकार प्राकृत चरित साहित्य ने भी प्राकृत गद्य-साहित्य के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

३. प्राकृत नाटक साहित्य :

प्राकृत भाषा में काव्य एवं कथा (चरित) के कई ग्रन्थ उपलब्ध हैं। साहित्य की एक तीसरी विधा भी है- नाटक। नाटक जन-जीवन का प्रतिबिम्ब होता है। उसकी वेषभूषा, रहन-सहन, संस्कृति आदि नाटकों में प्रस्तुत की जाती है। अतः जनभाषा प्राकृत को भी नाटकों में उपस्थित करने के लिए प्राचीन नाटकों के पात्र प्राकृत में बातचीत करते हैं। भरतमुनि ने कई प्रकार के रूपकों (नाटकों) का उल्लेख किया है। उनमें से कई- प्रहसन, भाण, सट्टक, रासक आदि प्राकृत भाषा में रहे होंगे। किन्तु आज वे

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

उपलब्ध नहीं हैं। उनमें से केवल मृच्छकटिकं प्रहसन आज उपलब्ध है, जिसमें सर्वाधिक प्राकृत भाषाओं का प्रयोग हुआ है। मृच्छकटिकं के गद्य सरस एवं काव्यात्मक हैं।

प्राकृत में सम्पूर्ण रूप से लिखे गये सट्टकों की परम्परा आज उपलब्ध है। 10वीं शताब्दी के राजशेखर द्वारा लिखित सट्टक कर्पूरमंजरी प्राकृत का प्रतिनिधि सट्टक है। यह नाटक का लघु संस्करण कहा जा सकता है। इसके अतिरिक्त 17-18वीं शताब्दी में भी प्राकृत में कई सट्टक लिखे गये हैं। इनकी विषयवस्तु प्रेमकथा है। इन सट्टकों में भी प्राकृत गद्य का अच्छा प्रयोग हुआ है।

इनके अतिरिक्त प्राचीन नाटककारों के नाटकों में भी अधिकांश पात्र प्राकृत बोलने वाले हैं। अतः बिना प्राकृत के ज्ञान के उन नाटकों को समझना कठिन है। महाकवि भास के नाटक अविमारक में विदूषक सन्ध्या का वर्णन करते हुए कहता है—

अहो णअरस्स सोहासंपदि। अत्थं आसादिदो भअवं सुय्यो दीसइ दहि-पिंडपंडरेसु पासादेसु अग्गपणालिन्देसु पसारिअगुलमहुरसंगदो विअ।

कालिदास के नाटक अभिज्ञानशाकुन्तलं में शकुन्तला प्राकृत में वार्तालाप करती है। दुष्यन्त के प्रेम को वह नहीं जानती, किन्तु अपने हृदय में उसके प्रति प्रेम का अनुभव करती हुई विरह में दुखी शकुन्तला कहती है—

तुज्झ ण जाणे हिअअं मम उण कामो दिवापि रत्तिम्मि।
णिग्घिण तवइ बलीअं तुइ वुत्तमणोरहाइं अंगाइं॥

इसी तरह श्रीहर्ष, भवभूति, विशाखदत्त आदि भारत के प्राचीन नाटककारों के नाटकों में अधिकांश पात्र प्राकृत बोलते हैं। उनकी उक्तियां प्राकृत गद्य-साहित्य की महत्त्वपूर्ण निधि हैं।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

४. प्राकृत शिलालेखी साहित्य :

प्राकृत गद्य के प्राचीन नमूने शिलालेखों में देखने को मिलते हैं। शिलालेखी प्राकृत के प्राचीनतम रूप अशोक के शिलालेखों में प्राप्त होते हैं। ये शिलालेख ई. पू. ३०० के लगभग देश के विभिन्न भागों में अशोक ने खुदवाये थे। अशोक के शिलालेख प्राकृत भाषा की दृष्टि से तो महत्त्व-पूर्ण हैं ही, साथ ही वे तत्कालीन संस्कृति के जीते-जागते प्रमाण हैं। अशोक ने अपने शिलालेखों में प्राकृत के छोटे-छोटे वाक्यों में कई जीवन-मूल्य जनता तक पहुंचाए हैं। वह कहता है—

प्राणानां साधु अनारम्भो, अपव्ययता अपभाण्डता साधु —(तृतीय शिलालेख)

(प्राणियों के लिए की गयी अहिंसा अच्छी है, थोड़ा खर्च और थोड़ा संग्रह अच्छा है।)

ईसा की लगभग चौथी शताब्दी तक प्राकृत में शिलालेख लिखे जाते रहे हैं, जिनकी संख्या लगभग दो हजार है। खारवेल का हाथीगुंफा शिला-लेख, उदयगिरि एवं खण्डगिरि के शिलालेख तथा आन्ध्र राजाओं के प्राकृत शिलालेख भाषा एवं इतिहास की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं। प्राकृत गद्य का सबसे छोटा और महत्त्वपूर्ण नमूना **नमो अरहंतानं नमो सवसिधानं** खारवेल के शिलालेखों में मिलता है। अतः भारतीय गद्य साहित्य के विकास के लिए भी प्राकृत के इन शिलालेखों का अध्ययन आवश्यक है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

(घ) परिशिष्ट

गद्य पाठों का अनुवाद

पाठ ५ : विद्यारहित नष्ट होता है

दुर्भाग्य-प्रमुख एक ग्रामीण अत्यन्त गरीबी से दुखी था। खेती का कार्य करते हुए भी उसे कुछ नहीं मिलता था। तब उदासीन होकर वह घर से निकला और पृथ्वी पर घूमने लगा। धनोपार्जन के उसने कई उपाय किये, किन्तु कुछ भी पूरा नहीं हुआ। तब निरर्थक भ्रमण से दुखी वह फिर से घर वापिस लौट आया।

एक बार रात्रि में वह एक गांव के मंदिर में सोया हुआ था। तभी मंदिर से हाथ में एक विचित्र घड़ा लिए हुए एक आदमी निकला। वह एक स्थान पर खड़ा होकर उस विचित्र घड़े को पूजकर कहता है— 'शीघ्र ही मेरे लिए अत्यन्त, रमणीय महल सजा दो।' घड़े ने तुरन्त ही वह कर दिया। इसी प्रकार शयन, आसन, धन, धान्य, परिजन, भोग की सामग्री तैयार कर ली। इस प्रकार वह जो जो कहता घड़ा उस-उस को पूरा कर देता। जब तक उस विचित्र घड़े की प्रभा शान्त हो गयी।

उस ग्रामीण के द्वारा वह घड़ा देखा गया। उसके बाद वह सोचता है— 'मुझे अधिक घूमने से क्या लाभ ? इसकी ही सेवा करता हूँ।' उसके समीप जाकर उसने विनयपूर्वक उसकी आराधना की। वह सिद्धपुरुष पूछता है— '(तुम्हारे लिए) क्या करूं ?' ग्रामीण ने कहा— 'मैं मन्दभागी हूँ।' सिद्धपुरुष ने सोचा— 'अहो ! यह बेचारा अत्यन्त गरीबी के दुख से पीड़ित है। महापुरुष दुखियों के प्रति वत्सल होते हैं। और भी—

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

गाथा 1- 'अपने उपकार को चाहने वाला कौआ भी पेट भर लेता है। अतः (महापुरुषों को) सम्पत्ति पाकर सभी प्राणियों का उपकार करना चाहिए।'

'इसलिए इसका उपकार करता हूँ।' ऐसा सोचकर वह कहता है— 'क्या तुम्हें विद्या दूं अथवा विद्या से अभिमन्त्रित घड़ा?' विद्या की साधना के आचरण से डरने वाले, मंदबुद्धि एवं भोग की इच्छा करने वाले उस ग्रामीण ने कहा— 'विद्या से अभिमन्त्रित घड़ा दे दें।' उसने दे दिया। वह ग्रामीण उसे लेकर प्रसन्न एवं संतुष्ट मन से गांव चला गया। उसने विचार किया—

गाथा 2— 'उस अत्यधिक लक्ष्मी से क्या लाभ, जो अन्य देश में मिले, जिसमें मित्रों का साथ न हो और जिसे शत्रु न देखें।'

तब वह बन्धुओं और मित्रों के साथ इच्छानुसार भवन बनाकर भोगों को भोगता हुआ रहने लगा।

कुछ समय बाद वह ग्रामीण अत्यन्त संतोष से कंधे पर घड़े को रखकर- 'इसके प्रभाव से मैं बन्धुओं के बीच में आनन्द करता हूँ।' ऐसा कहकर शराब पिये हुए नाचने लगा। उसकी असावधानी से वह घड़ा टूट गया। विद्या से प्राप्त सब सम्पत्ति भी नष्ट हो गयी। बाद में दूसरों की सहायता से प्राप्त वैभव को नष्ट कर देने वाला वह ग्रामीण दुखों का अनुभव करने लगा। यदि उस समय उसने वह विद्या ग्रहण की होती तो टूटे हुए घड़े को पुनः बना लेता।

000

पाठ ६ : लोभ का अन्त नहीं

उस युग और उस समय में कौशाम्बी नामक नगरी थी। राजा जितशत्रु था। विद्या का आधार-स्तम्भ काश्यप उपाध्याय राजा के द्वारा सम्मानित था। उसको नौकरी दे दी गयी। उस काश्यप के यशा नामक पत्नी थी। उनके कपिल नामक पुत्र था।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

उस कपिल के बचपने में ही काश्यप मृत्यु को प्राप्त हो गया। तब उसके मर जाने पर उसका पद राजा के द्वारा अन्य ब्राह्मण को दे दिया गया। वह घोड़े पर छत्र धारण किये हुए वहाँ से निकला। उसे देखकर यशा रोने लगी। कपिल ने (इसका कारण) पूछा। उसने कहा कि– 'तुम्हारा पिता भी इसी प्रकार की समृद्धि के साथ निकलता था। क्योंकि वह विद्या-सम्पन्न था।'

वह कपिल कहता है— 'मैं भी पढ़ूँगा।' वह कहती है— 'यहाँ पर तुम्हें ईर्ष्या के कारण कोई नहीं पढ़ायेगा। तुम श्रावस्ती चले जाओ, वहाँ तुम्हारे पिता का मित्र इन्द्रदत्त नामक उपाध्याय है। वह तुम्हें सब सिखा देगा।' कपिल श्रावस्ती चला गया और उस उपाध्याय के पास पहुँचा। उसके चरणों पर गिर पड़ा। उसने पूछा— 'तुम कहाँ से ? कपिल ने सब कुछ कह दिया। हाथ जोड़कर विनयपूर्वक उसने कहा— 'हे भगवन् ! पिता के निधन हो जाने से आपके चरणों में मैं विद्या के लिए आया हूँ। इसलिए विद्या पढ़ाकर मेरे ऊपर कृपा करिए।'

पुत्र की तरह स्नेह धारण करते हुए उपाध्याय ने कहा– 'पुत्र ! विद्याग्रहण करने में तुम्हारा प्रयत्न उचित है। विद्या से रहित मनुष्य पशु के समान होता है। इस और पर लोक में विद्या ही कल्याण करने में साधनरूप है। इसलिए विद्या पढ़ो। विद्या पढ़ने के सब साधन तुम्हें प्राप्त हैं, किन्तु परिग्रहरहित होने के कारण मेरे घर में भोजन नहीं है। उसके बिना पढ़ना नहीं हो सकेगा।'

कपिल ने कहा– 'भिक्षावृत्ति से भी भोजन मिल जायेगा।' उपाध्याय ने कहा– 'भिक्षावृत्ति से पढ़ना संभव नहीं है। इसलिए आओ, तुम्हारे भोजन की व्यवस्था के लिए किसी धनी के यहाँ चलते हैं।' वे दोनों वहाँ के निवासी शालिभद्र धनी के यहाँ गये। उसे आशीर्वाद दिया। धनी ने (आने का) प्रयोजन पूछा। उपाध्याय ने कहा — 'यह मेरे मित्र का पुत्र कौशाम्बी से विद्या पढ़ने के लिए आया है। तुम्हारी भोजन की व्यवस्था में मेरे पास यह विद्या पढ़ेगा। विद्या के साधन जुटाने से तुम्हें बड़ा पुण्य होगा।' उस धनी ने सहर्ष इसे स्वीकार कर लिया। वह कपिल वहाँ भोजन करता हुआ पढ़ने लगा। एक नौकरानी उसे भोजन परोसती थी।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

एक बार वह नौकरानी दुखी दिखायी दी। कपिल ने पूछा— 'तुम किस कारण दुखी हो ?' उसने कहा— 'मेरे पास पत्ते और फूल खरीदने के लिए भी उनकी कीमत नहीं है। सखियों के बीच में मुझे नीचा देखना पड़ता है। अतः तुम मेरे लिए कुछ धन लाओ। यहाँ धन नाम का सेठ है। प्रातःकाल के पहले ही जो उसे सबसे पहले बधाई देता है, वह उसके लिए दो माशा स्वर्ण देता है। वहाँ जाकर तुम बधाई दो।'

'ठीक है' उसके ऐसा कहने पर उस नौकरानी ने सुबह होने के बहुत पहले ही उसे वहाँ भेज दिया। जाते हुए वह सिपाहियों के द्वारा पकड़ा गया और बांध लिया गया। तब प्रातःकाल में राजा प्रसेनजित के पास उसे ले जाया गया। राजा ने उससे पूछा। उसने सरलता से सब कुछ कह दिया। राजा ने कहा— 'जो तुम मांगो वह मैं देता हूँ।' कपिल ने कहा— 'सोचकर मागूँगा।' राजा के द्वारा 'ठीक है' ऐसा कहने पर वह कपिल अशोक वाटिका में सोचने लगा— 'दो माशा सोने से वस्त्राभूषण भी न होंगे। इसलिए सौ स्वर्ण मांगूँगा। किन्तु उनसे भी महल, रथ आदि न होंगे। अतः हजार स्वर्ण मांगूँगा। इनसे भी बाल-बच्चों के विवाह एवं जाति-भोजन आदि नहीं हो सकेंगे। इसलिए लाख (स्वर्ण) मांगता हूँ। यह भी मित्र, स्वजन, बन्धु लोगों के सम्मान के लिए, दीन, अनाथों के दान के लिए, विशिष्ट भोग-उपभोगों के लिए पर्याप्त नहीं है। अतः एक करोड़ अथवा हजार करोड़ मांगता हूँ।'

इस प्रकार से चिन्तन करता हुआ कपिल शुभ कर्मों के उदय से उसी क्षण ही शुभभाव को प्राप्त हो गया और वैराग्य से युक्त वह सोचने लगा— 'अहो! लोभ का फैलाव ? दो माशा स्वर्ण के कार्य से आया और लाभ प्राप्त होते देखकर करोड़ों से भी मनोरथ पूरा नहीं हो रहा है। दूसरी बात यह भी है कि विद्या पढ़ने के लिए यहाँ विदेश में आया हुआ मैं जिस किसी प्रकार से माता की अवहेलना करके, उपाध्याय के हितकारी उपदेशों को कुछ न गिनकर, कुल का अपमान करके इस लोभ से जानते हुए भी मोहित हो गया।' ऐसा सोचकर वह कपिल राजा के पास आया। राजा ने पूछा— 'क्या सोचा ?' तब उसने अपने मनोरथ को विस्तार से कह दिया।

000

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ ७ : असंतोष का दुष्परिणाम

एक कंडे पाथने वाली बुढ़िया थी। उसने एक व्यंतर को प्रसन्न किया। उस व्यंतर ने उसे वर दिया कि वह जितने कन्डे पाथेगी वे रत्न हो जायेंगे। वह बुढ़िया धनवान हो गयी। उसने चार मंजिल का मकान बनवा लिया।

बुढ़िया की पड़ोसिन ने पूछा-'यह सब क्या है ?' उसने सब कुछ बता दिया। तब वह पड़ोसन भी उसी व्यंतर को पूजने में लग गयी। पूजित व्यंतर पूछता है-'क्या करूँ ?' उसने कहा-'यदि प्रसन्न हो तो पड़ोसिन बुढ़िया के लिए जो वरदान दिया जाय वह मेरे लिए दुगुना हो जाय।'

व्यंतर ने कहा— 'ऐसा ही हो।'

जो जो पहली बुढ़िया मांगती वह सब पड़ोसिन बुढ़िया के लिये दुगुना हो जाता। तब उस पहली बुढ़िया ने जाना कि 'इसने मुझसे दुगुना वरदान प्राप्त कर लिया है।'

वह यह जानकर उसे न सहन करती हुई उस देवता को कहती है—'मेरा चार मंजिल का मकान नष्ट हो जाय। मेरी घास की कुटिया हो जाय।' तब दूसरी बुढ़िया के दो घास की कुटियां बन गयीं। चार मंजिल वाले मकान नष्ट हो गये।

पहली बुढ़िया फिर माँगती है—'मेरी एक आंख कानी हो जाय।' दूसरी बूढ़ी की दोनों आँखें कानी हो गयीं।

फिर वह पहली बूढ़ी मांगती है—'मेरा एक हाथ हो जाय।' पड़ोसिन के दोनों हाथ नष्ट हो गये। फिर वह सोचती है—'मेरा एक पैर हो जाय।' पड़ोसिन बुढ़िया के दोनों पैर नष्ट हो गये। वह गिर पड़ी।

गाथा—'थोड़ी लक्ष्मी से संतोष कर लो, किन्तु अधिक लक्ष्मी की चाह मत करो। अधिक समृद्धि को चाहती हुई बुढ़िया (पड़ोसिन) ने अपने को नष्ट कर लिया।

000

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ ८ : मेरुप्रभ हाथी की अनुकंपा

तब तुम हे मेघ ! पूर्व जन्म में चार दांतों वाले मेरुप्रभ नाम के हाथी हुए। एक बार उस जंगल की आग को देखकर तुम्हें यह इस प्रकार का संकल्प उत्पन्न हुआ- 'मेरे लिये यह श्रेयष्कर है कि इस समय गंगा महानदी के दक्षिणी तट पर विन्ध्याचल की तलहटी में जंगल की अग्नि से रक्षा करने के लिए अपने झुंड के साथ एक बड़ा मंडल (रक्षा का बड़ा मैदान) बनाऊँ।' ऐसा (विचार) करके इस प्रकार निरीक्षण करते हो। निरीक्षण करके सुखपूर्वक विचरण करते हो।

किसी अन्य समय क्रमशः पांच ऋतुएं व्यतीत हो जाने पर ग्रीष्मकाल के अवसर पर जेठ के महिने में पेड़ों की रगड़ से उत्पन्न अग्नि के फैल जाने पर मृग, पशु, पक्षी तथा सरकने वाले प्राणियों के विभिन्न दिशाओं पर दौड़ने पर उन बहुत से हाथियों के साथ (तुम भी) जिस ओर वह मंडल था उसी ओर जाने के लिए दौड़े।

उस मण्डल में अन्य बहुत से सिंह, बाघ, भेड़िया, चीते, रीछ, तरच्छ (?) पाराशर, शरभ, शृगाल, बिडाल, कुत्ते, कोल (सुअर), खरगोश, लोमड़ी, चित्र और चिल्लल आदि अग्नि के भय से घबराकर पहले ही आ घुसे थे और एक साथ बिलधर्म के अनुसार (कम स्थान पर अधिक प्राणी ठहराने की तरह) ठहरे थे।

तब हे मेघ ! तुम भी जहाँ वह मंडल था, वहाँ आये और आकर उन बहुत से सिंहों से लेकर चिल्ललों आदि के साथ एक जगह बिलधर्म से ठहर गये।

तब तुमने- 'पैर से शरीर खुजाऊँगा' ऐसा सोचकर एक पैर ऊपर उठाया, इसी समय उस खाली हुई जगह में अन्य बलवान प्राणियों द्वारा धकियाया हुआ एक खरगोश प्रविष्ट हो गया। तुमने शरीर खुजाकर फिर से पैर को नीचे रखूँगा' ऐसा सोचकर नीचे घुसे हुए उस खरगोश को देखा। यह देखकर (दो इन्द्री आदि वाले) प्राणियों की अनुकंपा से, (वनस्पति आदि) भूतों की अनुकंपा से, (स्थावर) सत्त्वों की अनुकंपा से तुमने वह पैर अधर में ही उठाये रखा, उसे नीचे नहीं रखा। (अन्यथा वह खरगोश मर जाता)।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

तब तुमने उस प्राणियों की अनुकंपा और सत्त्वों आदि की अनुकंपा से संसार बन्धन को कम किया और मनुष्य-आयु का बन्ध किया। तब वह जंगल की अग्नि अढ़ाई दिन-रात तक उस वन को जलाती रही। जलाकर (वह दावानल) पूरी हो गयी, उपरत हो गयी, उपशान्त हो गयी और बुझ गयी।

तब वे बहुत से सिंह, चिल्लाल आदि प्राणी उस वन की अग्नि को पूरा हुआ, बुझा हुआ देखते हैं। देखकर अग्नि के भय से मुक्त हुए। भूख और प्यास से पीड़ित, दुखी वे पशु उस मंडल से निकल जाते हैं। निकलकर सब ओर जाकर फैल गये।

तब तुम हे मेघ! जीर्ण, जरा से जर्जरित शरीर वाले, शिथिल एवं सिकुड़ने वाली चमड़ी से व्याप्त शरीर वाले, दुर्बल, थके हुए, भूखे-प्यासे, आधार रहित निर्बल, सामर्थ्यरहित, चलने-फिरने में असमर्थ ठूँठ की भांति हो गये। 'मैं वेग से चलूँगा' ऐसा सोचकर ज्योंहि तुमने पैर पसारा कि बिजली से आघात पाये हुए रजत-गिरि के शिखर के समान सभी अंगों से तुम धरती पर धड़ाम से गिर पड़े।

तब तुम्हारे शरीर में वेदना उत्पन्न हुई। तीन दिन-रात तक उस वेदना को भोगते हुए रहे। तब एक सौ वर्ष की पूर्ण आयु भोगकर इसी जंबूद्वीप नामक द्वीप में भारतवर्ष में राजगृह नगर में श्रेणिक राजा की धारिणी नामक रानी की कूँख में कुमार के रूप में प्रविष्ट हुए।

000

पाठ ६ : नंद मणिकार की जन-सेवा

पुष्करिणी

तत्पश्चात् नंद श्रेणिक राजा से आज्ञा प्राप्त करके प्रसन्न और संतुष्ट होता हुआ राजगृह नगर के बीचोंबीच से निकला। निकलकर वास्तुशास्त्र के पाठकों द्वारा पसंद किये गये भूमिभाग में नन्दा पुष्करिणी (बावड़ी) खुदवाने में प्रवृत्त हो गया।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

तब वह नन्दा पुष्करिणी क्रम से खुदती-खुदती चार कौनों वाली एवं समान किनारों वाली हो गयी । अनुक्रम से वह वापी शीतल जल वाली हुई । वह पत्तों, बिषतंतुओं और मृणालों से आच्छादित हुई । वह अनेक उत्पल (कमल) पद्म, कुमुद, नलिनी सुन्दर, सुगंधित पुंडरीक, महापुण्डरीक, शतपत्त एवं सहस्रपत्र वाले फूलों, कमलों की केशर से युक्त हुई । वह परिहत्थ, जलजन्तु, भ्रमणशील और मदोन्मत्त भ्रमरों और अनेक पक्षियों के जोड़ों द्वारा किये गये शब्दों से उत्पन्न मधुर स्वरवाली जानी जाने लगी । वह वापी सबको प्रसन्न करने वाली, दर्शनीय, सुन्दर रूपवाली और अनुपम रूपवाली थी ।

वनखंड

उसके बाद उस नंद मणिकार सेठ ने नन्दा पुष्करिणी की चारों दिशाओं में चार वनखण्ड (बगीचे) बनवाये (लगवाये), उन वनखण्डों की क्रमशः अच्छी रखवाली की गयी, सार-संभाल की गयी, अच्छी तरह उन्हें बढ़ाया गया । तब वे वनखण्ड हरे तथा सघन हो गये । वे पत्तों, पुष्पों, फलों से युक्त होकर हरे-भरे होते हुए अपनी शोभा से अत्यन्त शोभनीय रूप में स्थित हो गये ।

चित्र–सभा

तब नंद मणिकार सेठ ने पूर्व दिशा के बगीचे में एक विशाल चित्रसभा बनवायी । वह कई सौ खंभों पर स्थित, प्रसन्नताजनक, दर्शनीय, सुन्दर एवं अनुपम थी । उस चित्रसभा में बहुत से काले, नीले, लाल,पीले और सफेद रंग वाले काष्ठकर्म (लकड़ी की कला), वस्त्रकर्म (कपड़े पर चित्रकारी), चित्रकर्म तथा लेप्यकर्म (मिट्टी की कलाकृतियां) किये गये थे । धागे से गूंथी हुई, फूलों से लपेटी हुई, भरकर बनायी हुई. तथा जोड़-जोड़ कर बनाई हुई कई कलाकृतियों से दर्शनीय वह चित्रसभा दर्शकों को दिखाने लिए स्थित थी ।

उस चित्रसभा में बहुत से आसन और शयन हमेशा सत्कार के लिए बिछे रहते थे । वहाँ पर बहुत से नाटक करने वाले, नर्तक, स्तुतिगायक, मल्ल, मुष्टि लड़ाने वाले, विदूषक, कथावाचक, तैराक, रास रचने वाले, ज्योतिषी, नट, चित्रपट दिखाने वाले, संगीतज्ञ, तूंबा और वीणा बजाने वाले लोग जीविका, भोजन, वेतन आदि

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

देकर रखे गये थे, जो वहाँ तालाचर (मनोरंजन) कार्य करते हुए रहते थे। राजगृह से निकलने वाले बहुत से लोग वहाँ पर पहले से बिछे हुए आसनों पर, शयनों पर बैठकर या लेटकर संतुष्ट होते हुए कथा सुनते हुए, नाटक देखते हुए और वहाँ की शोभा देखते हुए सुखपूर्वक विचरण करते थे।

भोजनशाला

तब नंद मणिकार सेठ ने बगीचे के दक्षिणखण्ड में एक बड़ी महानसशाला (भोजनशाला) बनवाई। वह अनेक सैकड़ों खंभोंवाली, प्रसन्न करने वाली, दर्शनीय, सुन्दर एवं अनुपम थी। वहाँ पर बहुत से लोग जीविका, भोजन, वेतनभोगी थे, जो विपुल भोजन, पान, खाने योग्य, स्वाद लेने योग्य पदार्थों को बनाते थे। वे बहुत से श्रमण, ब्राह्मण. अतिथि, दरिद्रों. और भिखारियों को भोजन कराते हुए वहाँ रहते थे।

चिकित्साशाला

तब नंद मणिकार सेठ ने पश्चिम दिशा के बगीचे में एक विशाल चिकित्सा-शाला (अस्पताल) बनवायी। वह अनेक खंभोंवाली सुन्दर थी। वहाँ पर अनेक वैद्य, वैद्यपुत्र, ज्ञायक (वैद्यगिरि के जानकार), ज्ञायकपुत्र, कुशल (चिकित्सा में विशेषज्ञ), कुशलपुत्र आजीविका, भोजन और वेतन पर नियुक्त थे। वे बहुत से व्याधित, (मानसिक रोगी) ग्लानों, रोगियों और दुर्बलों की चिकित्सा करते रहते थे। वहाँ पर दूसरे भी बहुत से लोग आजीविका, भोजन और वेतन देकर नियुक्त किये गये थे, जो उन रोगियों की औषधि, भेषज (मिश्रण), भोजन और पानी देकर सेवा, परिचर्या करते हुए रहते थे।

अलंकार–सभा

उसके बाद उस नंद मणिकार सेठ ने बगीचे की उत्तर दिशा में एक विशाल अलंकार-सभा (सेवा-केन्द्र) बनवायी। वह भी अनेक सैकड़ों खंभो से सुन्दर थी। उसमें

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

बहुत से अलंकारिक व्यक्ति (शरीर की सेवा और शृंगार करने वाले नाई आदि) जीविका, भोजन और वेतन देकर रखे गये। वे बहुत से श्रमणों, अनाथों, अशक्तों, रोगियों और दुर्बलों का अलंकार-कर्म (शारीरिक सेवा) करते हुए रहते थे।

तब नंदा पुष्करिणी में बहुत से सनाथ, अनाथ, पंथिक, राहगीर, काँवर ढोने वाले, मजदूर, घसियारे, पत्तों के भार वाले, लकड़हारे आदि आते थे। उनमें से कोई स्नान करते, कोई पानी पीते, कोई पानी भर ले जाते और कोई-कोई पसीने, मैल, आदि को मिटाकर परिश्रम, निद्रा, भूख और प्यास को वहाँ मिटाकर सुखपूर्वक रहते थे।

राजगृह नगरी से घूमने के लिए निकले हुए भी बहुत से लोग उस पुष्करिणी में क्या करते थे ? वे लोग जल में रमण करते थे, विविध प्रकार से स्नान करते थे, कदलीगृहों, लतागृहों, फूलों की विछावनों पर आनन्द करते थे। और अनेक पक्षिओं के समूह के मनोहर शब्दों से युक्त उस पुष्करिणी आदि में क्रीड़ा करते हुए विचरण करते थे।

नंद की प्रशंसा

तब उस नंदा पुष्करिणी में स्नान करते हुए, पानी पीते हुए और पानी भरकर ले जाते हुए बहुत से लोग आपस में इस प्रकार कहते थे—'देवानुप्रिय! नंद मणिकार सेठ धन्य है, कृतार्थ है, उसका जन्म और जीवन सफल है, जिसकी इस प्रकार की नंदा पुष्करिणी आदि है। जहाँ बहुत से लोग आसनों पर, शयनों पर बैठते हुए, संतुष्ट होते हुए, वार्ता करते हुए सुखपूर्वक घूमते हैं। अतः नंद मणिकार का जन्म सुलब्ध है और जीवन सफल है

तब वह नंद मणिकार बहुत लोगों से यह प्रशंसा आदि सुनकर प्रसन्न और संतुष्ट हुआ। मेघ की धारा से आहत कदंब वृक्ष के समान उसके रोमकूप विकसित हो गये। वह सातायुक्त परमसुख का अनुभव करता हुआ रहने लगा।

000

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ १० : कृष्ण के द्वारा वृद्ध की सेवा

तब कृष्ण वासुदेव ने दूसरे दिन रात्रि के प्रातःकाल तक पहुंचने पर, फूले हुए उत्पल और कमलों के कोमल पत्ते विकसित होने वाले तथा सफेदी लिए हुए प्रभात में, लाल अशोक के प्रकाश, पलाश के पुष्प, सुग्गे के मुख, चिरमु के आधे लाल मुख, बन्धुजीवक पुष्प, कबूतर के पैर और नेत्र, कोयल के लाल नेत्र, जसोदा के फूल, जलती हुई अग्नि, स्वर्ण-कलश, हिंगलू के समूह की तरह लालिमा से अधिक लाल रूप वाली शोभा से उन्हें तिरस्कृत करते हुए अनुक्रम से सूर्य के उदित होने पर, उस सूर्य की किरणों के अवतरित होने से अंधकार के समाप्त हो जाने पर, बाल सूर्यरूपी कुंकम के द्वारा समस्त जीवलोक को व्याप्त कर लिये जाने पर, लोचनों के विषय के प्रसार से लोक दिखायी दिये जाने पर, सरोवरों के कमलवनों को विकसित करने वाले सूर्य के उदित होने पर, हजार किरणों वाले उस सूर्य के तेज के फैल जाने पर स्नान किया। विभूषित होने पर वे कृष्ण हाथी के कंधे पर बैठे। कोरंटपुष्पों की माला के छत्र को धारण करते हुए, श्वेत चामरों के ढोले जाते हुए, अनेक भटों, सेवकों, पथिकों से युक्त वे कृष्ण द्वारवाती नगरी के बीचोंबीच से, जहाँ अरिहंत अरिट्ठनेमि थे, वहाँ जाने के लिए निकले।

तब द्वारावती नगरी के बीचोंबीच से निकलते हुए वे कृष्ण वासुदेव एक वृद्ध, जरा से जर्जरित देह वाले, क्लान्त, कुम्हलाये हुए, थके हुए, दुर्बल एवं दुखी पुरुष को देखते हैं। वह पुरुष राजमार्ग के बाहर से बड़े राशि वाले ईंटों के ढेर में से एक-एक ईंट लेकर भीतर घर में पहुँचा रहा था।

तब उन कृष्ण वासुदेव ने उस पुरुष पर हुई अनुकंपा से हाथी के कंधे पर बैठे हुए ही एक ईंट को उठाया और उठाकर बाहर के राज-पथ से उसके भीतर घर में पहुँचा दी।

तब कृष्ण वासुदेव के द्वारा एक ईंट उठाने से उनका अनुगमन करते हुए अनेक व्यक्तियों ने उस ईंटों की बड़ी राशि को उठाकर बाहर के राजपथ से (उस बूढ़े के) घर के भीतर पहुँचा दिया।

तब वे कृष्ण वासुदेव द्वारावती नगरी के मध्य भाग से बाहर निकल गये।

000

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ ११ : कलह विनाश का कारण

(किसी एक) जंगल के बीच में मेघ के समान सुशोभित, वनखंड से मंडित अथाह जल से भरा हुआ एक तालाब था। वहाँ बहुत से जलचर (जल के प्राणी), नभचर (आकाश में उड़ने वाले) और थलचर (पशु, जानवर आदि) प्राणी रहते थे। वहाँ पर हाथियों का एक बड़ा झुण्ड भी रहता था। एक बार ग्रीष्मकाल में वह हाथियों का झुंड पानी पीकर और स्नान करके दोपहर के समय में वृक्ष की शीतल छाया में सुखपूर्वक सो रहा था।

और वहाँ समीप में ही दो गिरगिट लड़ने लग गये। उनको देखकर वनदेवता ने सबकी सभा में यह घोषणा की—

गाथा 1.— 'हे हाथियो, जल में रहने वाले प्राणी, त्रस और स्थावर जीवो, सुनो—जहाँ गिरगिट लड़ते हैं, वहाँ नाश हो जाता है।'

देवता ने कहा—'इन लड़ते हुए गिरगिटों की उपेक्षा मत करो। इनको रोको।' (यह सुनकर) उन जलचर, थलचर आदि प्राणियों ने सोचा—'ये लड़ते हुए गिरगिट हमारा क्या बिगाड़ेंगे ?'

तभी वहाँ लड़ता हुआ एक गिरगिट पीड़ित होकर भागा और पीछा किया जाता हुआ वह सुखपूर्वक सोये हुए हाथी के नथुने में 'यह बिल है' ऐसा समझकर घुस गया। दूसरा गिरगिट भी वहीं घुस गया। वे वहीं हाथी के सिर कपाल में लड़ने लगे।

इससे व्याकुल हुए और न सहन करने योग्य अधिक पीड़ा से युक्त उस हाथी ने उस वनखंड को ही नष्ट कर दिया। इससे वहाँ पर रहने वाले बहुत से प्राणी मारे गये। और जल का आलोडन करने से जलचर पीड़ित हुए। तालाब की पाल तोड़ दी गयी। तालाब नष्ट हो गया। इससे सभी जलचर मर गये।

ooo

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ १२ : धूर्त और गाड़ीवान

एक मनुष्य ककड़ियों से भरी हुई अपनी गाड़ी के द्वारा नगर में प्रवेश करता है। प्रवेश करते हुए उसे एक धूर्त कहता है—'जो व्यक्ति तुम्हारी ककड़ियों की गाड़ी को खा ले तो तुम उसे क्या दोगे ?' तब उस गाड़ीवान ने उस धूर्त को कहा—'उस व्यक्ति को मैं वह लड्डू दूँगा, जो नगर के दरवाजे से भी न निकले।'

धूर्त ने कहा—'तब इस ककड़ी की गाड़ी को मैं खा लेता हूँ। तुम फिर वह लड्डू दोगे जो नगर के दरवाजे से न निकले।' गाड़ीवान के यह स्वीकार लेने पर बाद में धूर्त ने गवाह भी कर लिये। फिर गाड़ी पर बैठकर वह उन ककड़ियों के एक एक टुकड़े को तोड़कर फेंक देता है। बाद में उस गाड़ीवान से लड्डू मांगने लगता है।

तब गाड़ीवान ने कहा—'तुमने इन ककड़ियों को नहीं खाया है।' धूर्त कहता है—'यदि नहीं खाया है तो तुम इन ककड़ियों को बेच लो।' बेचने पर कुछ लोग वहाँ आ गये। वे टूटी हुई ककड़ियों को देखते हैं। तब कुछ लोग कहते हैं—'इन खायी हुई ककड़ियों को कौन खरीदेगा ?'

उस कारण से तब फैसला किया गया—'ककड़ियां खायी गयी हैं' ऐसा मानकर गाड़ीवान शर्त हार गया। तब धूर्त के द्वारा फिर लड्डू मांगा गया। गाड़ीवान को नहीं छोड़ा गया। तब गाड़ीवान ने बुद्धिमानों की सेवा की। उन्होंने संतुष्ट होकर सब पूछा। गाड़ीवान ने उनसे सब कुछ यथावत् कह दिया। ऐसा कहने पर उन्होंने उसे एक उपाय सिखा दिया कि—'तुम एक छोटे लड्डू को नगर के दरवाजे पर रखकर कहो—'देखो यह लड्डू नगर के दरवाजे से स्वयं नहीं निकलता है। अतः इसे ले लो।' ऐसा करने पर तब वह धूर्त हार गया।

000

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ १३ : कृतघ्न कौए

आज से अतीत काल में बारह वर्ष का दुर्भिक्ष पड़ा। उसमें कौए झुण्ड बनाकर आपस में बात करते हैं—'हम लोगों के द्वारा अब क्या किया जाना चाहिये ? बड़ी भुखमरी उपस्थित हुई है। जनपदों में कौओं के लिये कोई भोजन नहीं है। दूसरे, उस तरह का कुछ अन्य छोड़ा हुआ खाद्य पदार्थ भी प्राप्त नहीं होता है। तो कहाँ चलें ?'

तब बूढ़े कौओं के द्वारा कहा गया कि—'हम लोग समुद्रतट पर चलें। वहाँ कार्पिजल हमारे भनेज होते हैं। वे हमें समुद्र से भोजन लाकर देंगे। इस के अतिरिक्त जीवन का उपाय नहीं है।' ऐसा विचारकर वे सब समुद्रतट पर गये। वहाँ कार्पजल प्रसन्न हुए। स्वागत, अतिथ-सत्कार द्वारा कौओं का सम्मान किया गया। उनकी पाहुनी भी की गयी। इस प्रकार से वहाँ कार्पजल उनको भोजन देने लगे। कौए वहाँ पर सुखपूर्वक अपना समय व्यतीत करने हैं।

उसके बाद बारह वर्ष का दुर्भिक्ष समाप्त हो गया। जनपदों में सुभिक्ष हो गया। तब उन कौओं ने कौओं के मुखिया को 'जनपद को देखकर आओ' ऐसा कह-कर वहाँ भेजा। 'यदि सुकाल होगा तो हम लोग जायेंगे।'

तब वह मुखिया शीघ्र ही पता करके आ गया और कौओं को कहता है कि—'जनपदों में कौओं के भोजन-पिण्ड दान दिये हुए पड़े हैं। उठो, चलते हैं।' तब वे कहते हैं—'जब हमसे अभी जाने को नहीं कहा गया है तब क्यों जाना चाहिए ?' यह जानकर कार्पजल को बुलाकर इस प्रकार कहते हैं—'भनेज ! हम जाते हैं।'

तब उन्होंने कहा—'क्यों जा रहे हैं।' तब वे कहते हैं—'सूर्य के निकलने के पहले ही प्रतिदिन तुम्हारे अहोभाग्य को देखना सम्भव नहीं है।' ऐसा कहकर वे चले गये।

000

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ १४ : शिल्पी कोक्कास

इसके बाद वह कोक्कास पड़ौस में रहने वाले शास्त्र पढ़े हुए शिल्पी बढ़ई के घर जाकर दिन व्यतीत करता। उस शिल्पी के पुत्र नाना प्रकार के काष्ठकर्म सीखते थे। किन्तु उस शिल्पी पिता के द्वारा सिखाये जाने पर भी (शिक्षा) ग्रहण नहीं करते थे। तब उस कोक्कास के द्वारा उन्हें कहा जाता–'ऐसा करो तो ऐसा होगा' यह सुनकर तब उस आचार्य ने विस्मित हृदय से कहा —'पुत्र ! तुम उपदेश सीखो। मैं तुम्हें सिखाऊँगा।' तब कोक्कास ने कहा—'स्वामी ! जैसी आपकी आज्ञा।' ऐसा कहकर तब से वह सीखने में लग गया। आचार्य के सिखाने के गुण से सब प्रकार का काष्ठ-कर्म वह सीख गया। गुरु की आज्ञा से निपुण वह कोक्कास जहाज पर चढ़कर ताम्र-लिप्ति वापिस आ गया।

वहाँ शान्ति से समय व्यतीत हो रहा था। तब उसने अपनी जीविका के उपाय के लिए राजा को पता कराने के लिए एक कपोत विमान का जोड़ा बनाया। वे कपोत प्रतिदिन जाकर छत पर सूख रहे राजा के धान को लेकर आ जाते। तब रक्षकों ने धान को चोरी जाते हुए देखकर शत्रु का दमन करने के लिए राजा को निवेदन किया। राजा ने मन्त्री को बुलाकर कहा—'पता लगाओ'।

तब उन नीतिकुशलों ने आकर राजा को निवेदित किया कि—'देव ! कोक्कास के घर का यन्त्र कपोतों का जोड़ा आकर (धान्य) ले जाता है। राजा ने आदेश दिया—'उसको पकड़कर लाओ'। ऐसा कहने पर वह कोक्कास लाया गया और उससे पूछा गया। उसने सब कुछ पूरी तरह राजा को कह दिया।

तब संतुष्ट राजा के द्वारा कोक्कास का सम्मान किया गया और उसे कहा गया—'आकाश में जाने के लिए यन्त्र तैयार करो। उस विमान के द्वारा हम दोनों जनें इच्छित स्थान को जाकर वापिस आते हैं। तब कोक्कास ने राजा की आज्ञा के साथ ही यन्त्र तैयार कर दिया। राजा और वह उस पर चढ़े तथा इच्छित स्थान को जाकर वापिस आ गये। इस प्रकार से समय व्यतीत होता रहा।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

उस बात को देखकर पटरानी ने राजा को निवेदन किया—'मैं भी आपके साथ आकाशमार्ग से देशान्तर में जाना चाहती हूँ।' तब राजा ने कोक्कास को बुलाकर कहा—'महादेवी भी हमारे साथ चलें।' ऐसा कहने पर कोक्कास ने कहा–'हे स्वामी ! उस पर तीसरे का चढ़ना उचित नहीं है। दो ही जनों को यह विमान ले जा सकता है।'

तब वह रानी आग्रह करके रोकी जाती हुई भी अपनी जिद करती है। अज्ञानी राजा भी उसके साथ जहाज पर चढ़ गया। तब कोक्कास ने कहा–'हमें पछताना पड़ेगा। दुर्घटना अवश्य होगी।' ऐसा कहकर विमान पर चढ़ते हुए उसने तन्त्री को खींच दिया, आकश को ले जाने वाली यन्त्र की कील पर चोट की तो वह विमान आकाश में उड़ चला। बहुत योजन दूर चले जाने पर अतिरिक्त भार के भर जाने पर तन्त्री टूट गयी, यन्त्र नष्ट हो गया, कील गिर गयी और धीरे से वह विमान जमीन पर स्थित हो गया। वह कोक्कास और रानी सहित राजा पहले बात न सुनने से पश्चाताप से दुखी होने लगे।

000

पाठ १५ : अग्निशर्मा का अपमान

यहाँ पर ही जम्बूद्वीप द्वीप में, अपरविदेह देश में ऊँचे, सफेद परकोटे से सुशोभित, कमलिनियों के वन से ढकी हुई खाई से युक्त, तिराहे, चौराहे एवं चौकों से अच्छी तरह विभक्त, भवनों से इन्द्र के भवन की शोभा को जीतने वाला क्षितिप्रतिष्ठित नामक नगर था।

गाथा– 1. जिस देश की कामिनियां अपने मुखों से कमलों को, वाणी से कोयल को, नेत्रों से नीलकमलों को और अपनी गति से राजहंसों को जीतती हैं।

2. जहाँ पर पुरुषों को विद्याओं में व्यसन था, निर्मल यश में लोभ था, सदा पापों में भीरुता थी तथा धर्म के कार्यों में संग्रह-बुद्धि थी।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

3. वहाँ पर अधीनस्थ राजमंडलों से परिपूर्ण, मदरूपी कलंक से रहित, जनता के मन और नयनों को आनन्द देने वाला पूर्णचन्द्र नाम का राजा था, (जो वास्तव में पूर्णिमा के चन्द्र की तरह था) ।

4. उस राजा के अन्तःपुर में प्रधान कुमुदिनी नामक रानी थी । उसके साथ विषयसुखों की वृद्धि होती रहती थी । वह कामदेव के लिए रति की तरह राजा को प्रिय थी ।

5. उनके गुण-समूहों से युक्त गुणसेण नामक पुत्र था, जो बालकपन में ही व्यंतर देव की तरह मात्र क्रीड़ाप्रिय था ।

और उसी नगर में सब लोगों के द्वारा अत्यन्त सम्मानित, धर्मशास्त्र के समूह का पाठक, लोक-व्यवहार में नीतिकुशल, अल्प हिंसा और अल्प परिग्रह वाला, यज्ञदत्त नामक उपाध्याय था । उसकी पत्नी सोमदेवा के गर्भ से उत्पन्न, बड़ा और तिकौने सिर वाला, पीली और गोल आंखों वाला, स्थान मात्र से मालूम पड़ने वाली चपटी नाक वाला, छेद मात्र से युक्त कानों वाला, ओठों से बाहर निकले हुए बड़े दांतों वाला, टेढ़ी और मोटी गर्दन वाला, असमान और छोटी-छोटी बांहों वाला, अत्यन्त छोटे वक्षस्थल वाला, ऊँचा-नीचा और लम्बे पेट वाला, एक ओर को उठी हुई बेडौल कमर वाला, असमान रूप से स्थित जंघाओं वाला, मोटी, कड़ी और छोटी पिंडलियों वाला, असमान और चौड़े पैरों वाला तथा आग की लपटों की तरह पीले बालों वाला अग्निशर्मा नाम का पुत्र था ।

उस (अग्नि शर्मा नामक) पुत्र को कौतुहलवश कुमार गुणसेन नागाड़े, पटह, मृदंग, बांसुरी, मंजीरों आदि एवं बड़े तूर की आवाज से, नगर के बीच में, हाथों से तालियां बजाता हुआ, हंसता हुआ नचाता था । गधे पर चढ़ाकर, हंसते हुए बहुत से बालकों से घिरे हुए, छत्र के रूप में फटे सूप को धारण कराये हुए, मनोहर पर बेसुरे ताल से डोंडी पिटवाता हुआ, महाराज शब्दों से सम्बोधित करता हुआ बहुत बार राजमार्ग में जल्दी-जल्दी उस अग्निशर्मा को घुमाता था ।

इस प्रकार प्रतिदिन यमराज की तरह उस गुणसेन के द्वारा अपमानित किये जाते हुए उस अग्निशर्मा के (मन में) वैराग्यभावना उत्पन्न हो गयी । वह सोचने लगा—

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

गाथा– 6. 'पूर्व जन्म में पुण्यकर्म न करने वाले बहुत से लोगों के धिक्कार से पीड़ित और सब लोगों के उपहासयोग्य पुरुष दूसरों के अपमान को सहते हैं।

7. पूर्वजन्म में मुझ मूढहृदय अधन्य के द्वारा, जो सज्जन पुरुषों के द्वारा आचरित अत्यन्त सुख देने वाला धर्म का आचरण नहीं किया गया है।

8. सो अब पुण्य न करने वालों के इस तीव्र फलविपाक को देखकर मैं परलोक में बन्धु के समान एवं मुनियों के द्वारा सेवित इस धर्म को करूँगा।

9. जिससे अगले जन्म में भी दुर्जन लोगों से समस्त लोगों के द्वारा उपहास किये जानी वाली इस प्रकार की विडम्बना को पुनः प्राप्त न करूँ।'

इस प्रकार सोचकर वैराग्य को प्राप्त वह अग्निशर्मा नगर से निकला और एक महीने में उस प्रदेश की सीमा पर स्थित 'सुपरितोष' नामक तपोवन को पहुँच गया। फिर वह तपोवन में प्रविष्ट हुआ। उसने तापसकुल के प्रधान 'आर्जव कौडन्य' को देखा। देखकर उसने उनको प्रणाम किया। ऋषि ने उससे पूछा—'आप कहाँ से आये हैं?' तब अग्निशर्मा ने विस्तार से अपना सब वृतान्त उन्हें कह दिया। तब ऋषि ने कहा—'हे वत्स! पूर्व-जन्मों में किये गये कर्मों के परिणाम के वश से जीव इस प्रकार दूसरों के द्वारा दुख पाने के भागी होते हैं। अतः राज-अपमान से पीड़ितों के लिए, दरिद्रता के दुख से दुखी लोगों के लिए, दुर्भाग्य के कलंक से उदास लोगों के लिए और इष्टजनों के वियोग की अग्नि में जले हुए लोगों के लिए यह आश्रम इस लोक और परलोक में सुख देने वाला तथा परम शान्ति का स्थान है। यहाँ पर–

गाथा– 10. वनवासी सर्वथा धन्य हैं, जो आसक्तिजनित दुख, लोगों के द्वारा किये गये अपमान और दुर्गति में गमन को नहीं देखते हैं।'

इस प्रकार से उपदेश पाये हुए अग्निशर्मा ने कहा—'भगवन्! ऐसी ही बात है, इसमें कोई संदेह नहीं है। अतः यदि आपकी मेरे ऊपर अनुकम्पा है और इस व्रत विशेष के लिए मैं उचित हूँ तो मुझे यह व्रत प्रदान करके अनुग्रहीत करें।' ऋषि ने कहा— हे वत्स! तुम वैराग्यपथ के अनुगामी हो अतः मुझे तुम्हारा अनुरोध स्वी-

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

कार है। तुम्हारे सिवाय दूसरा कौन इस व्रत के लिए योग्य है।' ऐसा कहकर तब कुछ दिन व्यतीत हो जाने पर अपने नियम और आचार विस्तार से समझाकर प्रशस्त तिथि, करण, मुहूर्त एवं लगन में उस अग्निशर्मा को तापसदीक्षा दे दी गयी।

महान् तिरस्कार से उत्पन्न अतिशय वैराग्य भावना के कारण उस अग्निशर्मा ने उसी दीक्षा के दिन में ही समस्त तापस लोगों से घिरे हुए गुरु के समक्ष एक महाप्रतिज्ञा की कि—'मैं जीवन-पर्यन्त एक माह के अन्तर से ही भोजन करूँगा। और पारणा के दिन सर्वप्रथम प्रविष्ट पहले घर से ही लौट आऊँगा। भिक्षा प्राप्त हो अथवा नहीं, दूसरे घर में नहीं जाऊँगा।' और इस प्रकार प्रतिज्ञा लेने वाले तथा उसका उसी प्रकार से पालन करने वाले उस अग्निशर्मा के बहुत से दिन व्यतीत हो गये।

000

पाठ १६ : गुणसेन के प्रति निदान

और इधर पूर्णचन्द्र राजा कुमार का विवाह करके उसे राज्य सिंहासन पर बैठाकर कुमुदिनी रानी के साथ तपोवन में रहने चला गया। अनेक सामन्तों के के द्वारा चरणयुगलों को नमन किये जाने वाला, अनेक राजाओं को जीतकर अपने राज्य में मिलाने वाला, दशों दिशाओं में प्रसिद्ध निर्मल यश वाला, धर्म, अर्थ एवं काम इन पुरुषार्थों का सम्पादन करने वाला वह कुमार गुणसेन महाराजा हो गया।

एक बार वह राजा गुणसेन भक्ति और कौतुक से उस तपोवन को गया। उसने वहाँ बहुत से तपस्वियों एवं कुलपति को देखा। और उसने पद्मासन में बैठे हुए, नयन-युगल को स्थिर किये हुए, विचित्र मन के व्यापारों को शान्त किये हुए, उस प्रकार से कुछ-कुछ ध्यान करते हुए अग्निशर्मा तापस को भी देखा। तब राजा ने कहा—हे भगवन्! आपकी इस महाकठिन तपश्चर्या के प्रयत्न का कारण क्या है?' अग्निशर्मा तापस ने कहा—'हे महाप्राणी! दरिद्रता का दुख, दूसरों से प्राप्त अपमान, कुरूपता और महाराज-पुत्र तथा मेरा कल्याणमित्र गुणसेन (इसका कारण है)'

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

तब राजा ने बचपन के वृतान्त को यादकर लज्जा से झुकाये हुए मुख से कहा -'भगवन् ! मैं वह महापाप कर्म करने वाला और आपके हृदय को संताप देने वाला अगुणसेन हूँ।' अग्निशर्मा तपास ने कहा—'हे महाराज ! आपका स्वागत है। आप अगुणसेन कैसे हुए ? क्योंकि आपके द्वारा ही दूसरों के भोजन पर पलने वाले मैंने अब इस प्रकार की तप-विभूति प्राप्त की है।' राजा ने कहा—'अहो ! आपकी महानता, अथवा क्या तपस्वीजन प्रिय वचनों को छोड़कर अन्य बोलना जानते हैं? चन्द्रबिम्ब से अग्नि की वर्षा नहीं होती है। अतः अब इसको रहने दें। हे भगवन् ! आपकी पारणा (भोजन) कब होगी ?'

अग्निशर्मा ने कहा—'महाराज ! पांच दिनों के बाद।' राजा ने कहा-'भगवन्। यदि आपको कोई अधिक आपत्ति न हो तो मेरे घर पर भोजन के द्वारा कृपा की जानी चाहिए। मैंने कुलपति के पास से आपकी विशेष प्रतिज्ञा के सम्बन्ध में जान लिया है। अतः पहले से ही प्रार्थना कर रहा हूँ।' अग्निशर्मा ने कहा—'महाराज तब तक वह दिन आने दीजिए। कौन जानता है कि बीच में क्या होगा ?' राजा ने कहा—'भगवन् ! विघ्न को छोड़कर आप अवश्य आयें।' अग्निशर्मा ने कहा—'यदि आपका ऐसा आग्रह है तो आपकी प्रार्थना स्वीकार की जाती है।' तब प्रसन्नता से पुलकित अंग वाला राजा उन्हें प्रणाम कर कुछ समय वहाँ व्यतीत कर नगर को चला गया।

पांच दिन व्यतीत होने पर पारणा के दिन अग्निशर्मा तापस पारणा के लिए सर्व प्रथम राजा के महल में ही प्रविष्ट हुआ। उस दिन में किसी प्रकार राजा गुणसेन के सिर में अत्यन्त पीड़ा उत्पन्न हो गयी। अतः पूरा राजकुल व्याकुल हो उठा। तब वह अग्निशर्मा तापस इस प्रकार के राजकुल में कुछ समय व्यतीत कर किसी के द्वारा शब्दों से भी उसकी खबर न लेने पर उस राज-गृह से वापिस आ गया। निकल कर तपोवन को चला गया। उसने कुलपति को सब समाचार निवेदित कर दिये।

इधर सिर की पीड़ा शान्त होने पर राजा गुणसेन के द्वारा सेवकों से पूछा गया। सेवकों ने यथास्थिति कह दी। राजा ने कहा—'अहो ! मेरी अधन्यता, महालाभ से मैं चूक गया और तपस्वी के शरीर को (भोजन ने मिलने से) पीड़ा पहुँचने के

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

कारण महा अनर्थ हो गया है।' ऐसा पश्चाताप कर दूसरे दिन प्रातःकाल में ही वह तपोवन को गया। उसने कुलपति को अपना प्रमाद और अपराध निवेदित किया।

तब कुलपति ने अग्निशर्मा तापस को बुलवाया। और सम्मानपूर्वक उसके हाथों को पकड़ कर उन्होंने कहा—'हे वत्स! राजा के घर से जो तुम्हें बिना भोजन किये लौटना पड़ा है उसके लिए यह राजा बहुत दुखी हो रहा है। इसमें राजा का कोई दोष नहीं है। अतः अब पारणा का दिन आने पर निर्विघ्न-पूर्वक, मेरे कहने से और इस राजा के बहुत आग्रह से तुम्हारे द्वारा इसके घर ही भोजन किया जाना चाहिए।' अग्निशर्मा तापस ने कहा—'भगवन्! जो आपकी आज्ञा।'

फिर कालक्रम से राजा के द्वारा विषय सुखों का अनुभव किये जाते हुए एवं अग्निशर्मा के द्वारा कठिन तपचर्या की विधि को करते हुए एक माह व्यतीत हो गया। इसके उपरान्त पारणा का दिन उपस्थित होने पर राजकुल में अत्यन्त भाग-दौड़ मच गयी। राजा गुणसेन मन्त्री, सामन्तों के साथ और सेना सहित युद्धभूमि में जाने के लिए तैयार था। उसी समय में अग्निशर्मा तापस पारणा के लिए राजमहल में पहुँचा। तब उस अपार लोगों की भीड़ में राजा के प्रस्थान के लिए व्याकुल प्रधान सेवकों में से किसी ने भी अग्निशर्मा की तरफ ध्यान नहीं दिया। तब कुछ समय वहाँ बिताकर मदोन्मत्त हाथियों और घोड़ों के समूह की चपेट में आ जाने के भय से वह अग्निशर्मा राजा के महल से निकल गया।

(युद्ध से वापिस लौटने पर) अग्निशर्मा के वापिस लौट जाने को सुनकर घबड़ाया हुआ वह राजा तुरन्त उसके रास्ते में चल पड़ा। नगर से निकलते हुए उसने अग्निशर्मा को देखा। तब वह राजा भक्तिपूर्वक उसके चरणों पर गिरकर आदरपूर्वक निवेदन करता है—'हे भगवन्! कृपा करिए, वापिस लौट चलिए। इस प्रकार की असावधानी वाले आचरण के लिए मैं लज्जित हूँ।' तब अग्निशर्मा ने कहा—'महाराज! आपका यह दुःख बिना कारण के है। फिर भी इस दुःख को शान्त करने का उपाय है। विघ्नरहित फिर से पारणा का दिन आने पर आपके महल में ही आहार ग्रहण करूँगा। यह मैंने स्वीकार कर लिया है। अतः आप संताप न करें।'

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

तब राजा ने कहा—'भगवन् आपका मैं अनुग्रहीत हूँ। यह आप जैसे निःस्वार्थी वत्सलता वालों के अनुरूप ही है।' ऐसा कहकर और अग्निशर्मा को प्रणाम कर राजा वापिस लौट गया। अग्निशर्मा ने भी तपोवन में जाकर कुलपति को सारा वृतान्त कह दिया।

तदनन्तर प्रतिदिन वैराग्य की ओर बढ़ने वाले राजा के द्वारा सेवा किये जाते हुए अग्निशर्मा का वह एक माह पूरा हुआ। तथा राजा के सैकड़ों मनोरथों से वह पारणा का दिन आया। और उस पारणा के दिन राजा गुणसेन की रानी वसन्तसेना ने पुत्र को जन्म दिया। तब राजा के आदेश से नगर में महोत्सव मनाया जाने लगा। इस प्रकार रानी के पुत्रजन्म के अभ्युदय के आनन्द से अत्यन्त मस्त राजा के साथ राजा के सेवकों के होने पर पारणा के लिए राजकुल में प्रविष्ट अग्निशर्मा को वचनों से भी किसी के द्वारा नहीं पूछे जाने पर अशुभकर्मों के उदय से आर्त (दूषित) ध्यान को प्राप्त वह अग्निशर्मा शीघ्र ही वहाँ से निकल गया।

तब अग्निशर्मा ने सोचा—'अहो ! यह राजा बचपन से ही मेरे प्रतिकूल एवं बैरभाव रखने वाला है। उसके अत्यन्त रहस्यपूर्ण आचरण को देखो तो सही, मेरे आगे तो मनोनुकूल बातें करके क्रिया में विपरीत आचरण करता है।' इस प्रकार से चिन्तन करता हुआ वह नगर से निकल गया।

इसके बाद अज्ञान के दोष से पारमार्थिक मार्ग का चिन्तन न करने से वह अग्निशर्मा बुरी भावनाओं (कषायों) द्वारा जकड़ लिया गया। उसकी परलोक-भावना चली गयी, धर्मश्रद्धा नष्ट हो गयी, समस्त दुखरूपी वृक्ष के बीज की तरह अमैत्री उत्पन्न हो गयी और उसे शरीर को पीड़ा देने वाली अत्यन्त भूख लगी। वह भूख से तिलमिला उठा। तब—

गाथा– 1. प्रथम परीषह (भूख के दुख) से आक्रान्त, अज्ञान और क्रोध के वशीभूत उस मूढहृदय अग्निशर्मा के द्वारा यह घोर निदान (संकल्प) किया गया—

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

2. 'यदि मेरे द्वारा अच्छी तरह से पालन किये गये इस व्रत विशेष का कोई फल हो तो प्रत्येक भव में मेरा जन्म इस गुणसेन के वध करने के लिए हो।

3. जो पुरुष अपने प्रिय-जनों के लिए उनका प्रिय (कार्य) एवं शत्रुओं के लिए अप्रियकार्य नहीं करता है तो केवल माता के यौवन को नष्ट करने वाले उस व्यक्ति के जन्म से क्या लाभ ?

4. यह पापी राजा बिना किसी अपराध के बचपन से ही मेरा शत्रु है। अतः मैं इसका अप्रिय करूँगा।'

5. इस प्रकार निदान करके उस (बैर भावना के) स्थान से न लौटते हुए, क्रोध की अग्नि में जलते हुए उसे अग्निशर्मा ने अनेक बार ऐसे भाव किये।

इसी बीच में वह तपोवन में पहुँचा। वहाँ अकेला बैठा हुआ वह अपमान के कारण पुनः सोचने लग गया—'अहो ! उस राजा का मेरे ऊपर कितना शत्रुभाव है ? उस प्रकार बार-बार निमन्त्रण करके और पारणा पूरी न कराके वह मेरा उपहास करता रहा। अथवा मैंने आहार-भाव की आसक्ति सर्वथा नहीं छोड़ी इसलिए मेरा इतना उपहास किया जा सकता है। अतः जिसमें मात्र तिरस्कार समाया हुआ है ऐसा आहार अब में जीवन भर नहीं करूँगा।' इस प्रकार निश्चय कर उसने जीवनभर के लिए महा उपवास व्रत ग्रहण कर लिया।

यह सब जानकर कुलपति ने उसे कहा—'हे वत्स ! यदि तुमने आहार भी छोड़ दिया है तो अब तुम्हें आज्ञा देने का समय नहीं रहा। तपस्वी तो सत्य प्रतिज्ञा वाले होते हैं। किन्तु तुम्हें राजा के ऊपर क्रोध नहीं करना चाहिए। क्योंकि—

गाथा- 6. सब लोग पूर्वजन्मों में किये गए कर्मों के फलरूपी परिणाम को प्राप्त करते हैं। अपराध अथवा गुणों में तो दूसरा व्यक्ति मात्र निमित्त होता है।'

000

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ १७ : मित्र का कपट

महानगरी वाराणसी के पश्चिम-दक्षिण दिशाभाग में शालिग्राम नामक गाँव है। वहाँ एक वैश्य जाति का गंगादत्त नामक व्यक्ति रहता था। अनेक धन, धान्य, हिरण्य, सुवर्ण से समृद्ध लोगों वाले उस गाँव में वह अकेला ही एक जन्म से दरिद्र था। उसके कपटपूर्ण व्यहार से उसका मायादित्य नाम प्रसिद्ध हो गया। और उसी गाँव में पहले से प्राप्त वैभव वाला स्थाणू नामक एक वणिक रहता था। किसी प्रकार मायादित्य के साथ उस स्थाणू का स्नेह हो गया। उनमें मैत्री हो गयी।

एक बार धन कमाने के लिए एक दिन वे दोनों मंगल-उपचार करके, स्वजन और स्नेहीवर्ग को पूछकर रास्ते का नास्ता लेकर निकल पड़े। तब अनेक पर्वतों, सैकड़ों नदियों से युक्त अटवियों (जगलों) को पारकर किसी-किसी प्रकार वे प्रतिष्ठान नामक नगर को पहुँचे। अनेक धन, धान्य, रत्नों से युक्त महास्वर्ग नगर के समान उस नगर में अनेक प्रकार के वाणिज्यों को किया गया और व्यापारिक कार्यों को करते हुए उन दोनों के द्वारा किसी-किसी प्रकार एक-एक ने पाँच-पांच हजार स्वर्ण रत्न कमा लिये।

उन्होंने आपस में विचार किया 'अहो! जो धन हम चाहते थे वह हमने कमा लिया है। किन्तु चोरों के उपद्रवों के कारण से अपने देश इसको ले जाना सम्भव नहीं हैं। इसलिए इस धन से एक हजार स्वर्ण के मोल के पांच-पांच रत्न ले लेते हैं। अपने देश में जाकर वे रत्न बराबर मूल्य में अथवा अधिक मूल्य में बेच दिये जायेंगे।' ऐसा कहकर प्रत्येक ने हजार स्वर्ग मोल के रत्न ले लिये। इससे एक-एक के पास पांच-पांच रत्न हो गये। तब उन दोनों जनों के द्वारा उन दसों रत्नों को एक ही मैल और धूली से धूसरित कपड़े में अच्छी तरह बांध लिया गया। और उन्होंने अपना वेष भी परिवर्तित कर लिया।

उनके द्वारा मुंडे सिर करा लिये गए। छाते ले लिये गये। डंडे के अग्रभाग में तुम्बी लटका ली गयी। गेरुए रंग के कपड़े पहिन लिये गये। रस्सी के सींकों से बनी हुई काँवरें लटका ली गयीं। सब प्रकार से दूर जाने वाले तीर्थ-यात्रियों का वेष

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

बना लिया गया। तब इस प्रकार परिवृतित वेष वाले वे दोनों चोरों के द्वारा न लक्ष्य किये जाते हुए, भिक्षा मांगते हुए चल दिये। कहीं पर मोल खरीदकर, कहीं पर भोजनशालाओं में, कहीं पर अतिथिशालाओं में भोजन करते हुए एक संनिवेश (नगर के नजदीक) में वे पहुँचे।

वहाँ पर स्थाणू ने कहा—'अरे मित्र! थके होने से अब भीख मांगते हुए घूमना हमारे वश का नहीं है। अतः आज स्वयं रोटी बनाकर खायेंगे।' तब मायादित्य ने कहा—'यदि ऐसा है, तुम बाजार में जाओ। क्योंकि मैं भोला, खरीदना बेचना नहीं जानता, किन्तु तुम जानते हो। शीघ्र ही तुम आ जाना।' तब स्थाणू ने कहा—'ठीक है, ऐसा ही हो। किन्तु फिर इस रत्न की पोटली का क्या करें?' ऐसा पूछने पर मायादित्य ने कहा—'दूसरे के बाजार की स्थिति कौन जानता है? इसलिए वहाँ प्रवेश करने वाले तुम्हें कोई आपत्ति न हो इस कारण मेरे ही पास इस रत्न-पोटली को रहने दो।' उस स्थाणू ने ऐसा कहने पर वह रत्न-पोटली उसे दे दी। देकर वह बाजार को चला गया।

तब मायादित्य ने सोचा—'अहो! ये दस रत्न हैं। इनमें से पांच मेरे हैं। यदि इस स्थाणू को किसी प्रकार धोखा दिया जाय तो दसों रत्न मेरे ही हो जायेंगे।' ऐसा सोचते ही उसके बुद्धि उत्पन्न हुई कि—'इनको लेकर भाग जाता हूँ।' अथवा उसे गये हुए अधिक समय नहीं हुआ है। अभी वापिस आ जायेगा। इसलिए जिस प्रकार से वह नहीं जान पाये उस प्रकार से भागूँगा।' ऐसा सोचकर उसने रास्ते की धूलि से वैसा ही मैला दूसरा एक कपड़ा लिया। उसमें वे रत्न बांध दिये। और उस पुराने रत्न के कपड़े में रत्नों के तौल और आकार के गोल दस पत्थर बांध दिये। और इस प्रकार उस कपट-प्रपंच को करते समय ही अचानक वह स्थाणू आ गया।

तब घबड़ाए हुए और पाप मन वाले उस मायादित्य ने नहीं जाना कौन-सा वास्तविक रत्नों का कपड़ा है, और कौन-सा नकली रत्नों का कपड़ा। तब स्थाणू ने कहा—'मित्र! मुझे देखकर इस प्रकार व्याकुल से क्यों दिखायी दे रहे हो?' मायादित्य ने कहा—'मित्र! यहीं इस प्रकार का धन का भय प्रत्यक्ष देख लिया, कि तुम्हें देखकर सहसा ऐसी बुद्धि हुई कि—यह चोर आ गया है। अतः इस भय से मैं घबड़ा

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

गया ।' स्थाणू ने कहा —'धैर्य धारण करो ।' उसने कहा—'मित्र ! इस रत्न-कपड़े को वापिस लो । मैं डरता हूँ । मुझे इसके भय से कुछ लेना-देना नहीं है ।' ऐसा कहते हुए उस मायादित्य ने 'नकली रत्न-कपड़ा है' ऐसा विचारकर ठगी बुद्धी से उस स्थाणू को असली रत्नों का कपड़ा समर्पित कर दिया । उसने भी बिना किसी विकल्प वाले मन से ग्रहण कर लिया ।

तब उस सरल हृदय वाले स्थाणू को पाप हृदय वाले मायादित्य ने ठगकर इस प्रकार कहा– हे मित्र ! मैं कुछ खटाई आदि मांगकर अभी आता हूँ ।' ऐसा कहकर जो गया सो गया, वापिस ही नहीं लौटा । रात-दिन चलकर बारह योजन दूर निकल जाने पर उस मायादित्य ने जब उस अपने रत्न-कपड़े को देखा तब वे जो पत्थर उसने ठगने के लिए उस कपड़े में बांधे थे वही यह नकली रत्नों का कपड़ा था । उसे देखकर वह ठगे हुए की तरह, लूट लिये गये की तरह, मार दिये गये की तरह, डरे हुए की तरह, पागल की तरह, सोए हुए की तरह, मरे हुए की तरह न कथन करने योग्य महान् मूर्च्छा को प्राप्त हो गया ।

वह क्षणमात्र में चेतना को प्राप्त हुआ । तब उसने सोचा—अहो ! मैं इतना मंदभागी हूँ कि जो मैंने सोचा था कि उसे ठगूँगा तो मैं ही ठगा गया ।' ऐसा सोचकर उस पापहृदयी ने फिर विचार किया—'अच्छा, अब फिर उस सरल हृदय वाले को ठगूँगा । अब ऐसा करता हूँ कि वह पुनः मुझे कहीं मार्ग में मिल जाय ।' ऐसा सोचता हुआ वह मायादित्य उसी मार्ग पर चल दिया (जहाँ स्थाणू को छोड़ा था) ।

000

पाठ १८ : धनदेव का पुरुषार्थ

इस लोक में जम्बूद्वीप में भारतवर्ष में वैताढ्य के दक्षिण मध्यम खंड में उत्तरापथ नामक पथ है । वहाँ तक्षशिला नामक नगरी है । उस नगरी के पश्चिम-दक्षिण दिशाभाग में उच्चस्थल नामक गाँव है, जो देव भवनों से स्वर्ग नगर की तरह, विविध रत्नों से पाताल की तरह, गौ-सम्पदा से गौओं के निवास-स्थान की तरह तथा धन सम्पदा से धनकपुरी की तरह है ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

उस गाँव में शूद्र जाति का धनदेव नामक सार्थवाह (बड़े व्यापारी) का एक पुत्र था। वहाँ अपने जैसे सार्थवाह पुत्रों के साथ खेलते हुए उसका समय व्यतीत होता था। किन्तु वह लोभी, धन ग्रहण करने में तल्लीन, मायावी, ठग, झूठ बोलने वाला और दूसरों के धन को हरण करने वाला था। तब उसके समान सार्थवाह युवकों के द्वारा ऐसे उसका धनदेव नाम बदलकर लोभदेव नाम प्रतिष्ठित कर दिया गया। तब लोभदेव नाम वाला वह दिनों के बीतने पर बड़े युवक की तरह हो गया।

तब बाहर जाने के लिए इसके लोभ उत्पन्न हुआ, इसलिए उसने अपने पिता से कहा—'हे पिता ! घोड़े लेकर दक्षिणापथ को जाऊँगा और वहाँ बहुत अधिक धन कमाऊँगा, जिससे सुख का उपभोग करेंगे।'

ऐसा कहने पर उसके पिता ने कहा-'हे पुत्र ! तुम्हें धन से क्या प्रयोजन ? तुम्हारे और मेरे पुत्र-पौत्रों के लिए भी विपुल सारयुक्त धन मेरे पास है। इसलिए गरीबों को दान दो, याचकों की मांग पूरी करो, ब्राह्मणों को दक्षिणा दो, मंदिरों को बनवाओ, तालाब और बांध खुदवाओ, वापियों को बंधवाओ, निशुल्क भोजन. शालाओं को चलाओ, औषधालयों को बनवाओ, दीन एवं विह्वल लोगों का उद्धार करो। किन्तु हे पुत्र ! विदेश जाने से रहने दो।'

तब लोभदेव ने कहा—'हे पिता ! जो यहाँ है वह तो अपने अधीन है ही। किन्तु अपनी बाहुओं के पुरुषार्थ से अन्य अपूर्व धन कमाना चाहता हूँ।' तब उस सार्थवाह ने सोचा —'इसका उत्साह ठीक ही है। यह करने योग्य, उचित एवं हमारे अनुकूल है। हमारा धर्म ही है— अपूर्व धन कमाना। इसलिए मुझे इसकी इच्छा को नहीं तोड़ना चाहिए। अतः यह जाय।' ऐसा सोचकर उसने कहा—'हे पुत्र ! यदि तुम नहीं रुक सकते तो जाओ।'

ऐसा कहे जाने पर वह जाने को तैयार हो गया। घोड़े सजाये गये। गाड़ीवान सज्जित की गयीं, रास्ते का खाना रखा गया, दलालों को सूचना दी गयी, मजदूर लोगों को एकत्र किया गया, गुरुजनों से पूछा गया, दिशा-देवता की वन्दना की

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

गयी, सार्थ तैयार हुआ और जल्दी से चल पड़ा। तब उसके पिता ने उसे कहा—'हे पुत्र! देशान्तर दूर है, रास्ते भयानक हैं, लोग निष्ठुर हैं, दुर्जन अधिक हैं, सज्जन विरले हैं, मित्र कठिनता से मिलते हैं, यौवन कठिन है, बड़ी मुश्किल से तुम पाले गये हो, कार्यों की गति विषम है, यमराज अनर्थ करने वाला है, क्रोधी चोर निरन्तर मिलते हैं। इसलिए कहीं पर पंडिताई से, कहीं पर मूर्खता से, कहीं चतुरता से, कहीं निष्ठुरता से, कहीं दयालुता से, कहीं निर्दयता से, कहीं शूरता से, कहीं कायरता से, कहीं त्याग से, कहीं कंजूसी से, कहीं मान से, कहीं दीनता से, कहीं बुद्धिमानी से और कहीं मूर्खता से (अपना कार्य सिद्ध करना)।

ऐसा कहकर वह पिता वापिस लौट गया।

वह लोभदेव किसी समय के बाद दक्षिणापथ को पहुँचा। वहाँ सोपारक नगर में भद्रश्रेष्ठि नामक पुराने सेठ के घर में वह ठहरा। तब कुछ समय के बाद उसने अत्यधिक मोल से उन घोड़ों को बेच दिया। उससे बहुत अधिक धन का संचय किया। और उसको लेकर अपने देश की ओर वह सार्थवाह-पुत्र जाने को तैयार हो गया।

000

पाठ १६ : राजा का व्यवहार

दूसरे दिन प्रातःकाल में समस्त कार्यों को करके मैं भैरवानन्द आचार्य के दर्शन के लिए उद्यान में गया। और व्याघ्रचर्म पर बैठे हुए भैरवाचार्य को मैंने देखा। उनके द्वारा मेरा स्वागत किया गया। मैं उनके चरणों पर गिरा। आशीष देकर मृगचर्म दिखाकर उन्होंने मुझसे कहा—'इस पर बैठिए।' मैंने कहा—'हे भगवन्! यह उचित नहीं है कि अन्य दूसरे राजाओं के समान मुझसे व्यवहार किया जाय। दूसरे, इसमें आपका भी कोई दोष नहीं है, इस प्रकार की अनेक राजाओं से सेवित इस राज्यलक्ष्मी का ही यह दोष है कि मुझ जैसे शिष्य को भी आप अपना आसन प्रदान करते हुए ऐसा व्यवहार कर रहे हैं। भगवन्! आप तो दूर में स्थित रहते हुए भी मेरे गुरु हैं।' इसके बाद मैं अपने सेवक के टट्टू पर ही बैठ गया।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

थोड़ी देर में ही मैंने कहना प्रारम्भ किया—'हे भगवन् ! वह देश, नगर, गाँव अथवा प्रदेश कृतार्थ हो जाता है, जहाँ आप जैसे लोगों की चर्चा भी आ जाती है, फिर आपके स्वयं आने से तो कहना ही क्या ? इसलिए आपके आगमन से मैं अनुग्रहीत हूँ।'

उन जटाधारी ने कहा-'निरीह साधु लोग भी गुणों से आकृष्ट होकर भक्त-जनों में पक्षपात करते हैं। अतः तुम्हारे गुणों से कौन आकर्षित नहीं होता ? और भी, तुम्हारे जैसे लोगों के आ जाने पर हम जैसे अपरिग्रही साधु लोग तुम्हारा क्या स्वागत करें ? क्योंकि मैंने जन्म से ही परिग्रह नहीं किया। द्रव्य, पैसा आदि के बिना लोक-व्यवहार पूरा नहीं होता है।'

ऐसा सुनकर मैंने कहा—'हे भगवन् ! आपको लोक-व्यवहार से क्या प्रयोजन ? आपकी आशीष ही लोक का आतिथ्य है।' तब फिर उन जटाधारी,ने कहा—'हे महाभाग !

गाथा-- 1. निर्मल जन में भी गुरुजनों की पूजा, भक्ति और सम्मान युक्त विनय दान के बिना संभव नहीं होती है।

2. दान धन के बिना नहीं होता, धर्मरहित व्यक्तियों के धन नहीं होता और विनय से रहित लोगों के धर्म नहीं, तथा अभिमान से युक्त लोगों के विनय नहीं होती है।

ऐसा सुनकर मैंने कहा—,भगवन् ! यह ठीक है, किन्तु आप जैसे लोगों का देख लेना ही दान है, आदेश ही सम्मान है। अतः आदेश करें कि आपके लिए मुझे क्या सेवा करनी चाहिए ?' भैरवाचार्य ने कहा—'हे महाभाग ! आप जैसे परोपकार में तल्लीन लोगों का याचक-जन को देख लेना ही मनोरथ की पूर्ति होना है। बहुत दिनों से किये जा रहे मेरे एक मन्त्र की सिद्धि तुम्हारे द्वारा ही होनी है। यदि एक दिन समस्त विघ्नों को दूर करने के लिए आप आना स्वीकार लें तो आठ वर्ष के मन्त्रजाप का मेरा परिश्रम सफल हो जायेगा।'

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

तब मैंने कहा'—हे भगवन् ! आपके इस आदेश से मैं अनुग्रहीत हूँ। तो कहाँ पर और किस दिन मुझे क्या करना है ? ऐसा आप आदेश करें। उसके बाद ही जटाधारी ने कहा कि—'हे महाभाग ! इसी कृष्ण चतुर्दशी को तुम्हें हाथ में तलवार लिये हुए नगर के उत्तर की ओर के बगीचे में अकेले श्यमशान भूमि में रात्रि के एक पहर के बीत जाने पर आना है। वहाँ पर मैं तीन जनों के साथ बैठा हुआ मिलूँगा।' तब मैंने कहा—'ऐसा करूँगा।'

मन्त्र के सिद्ध हो जाने के अन्त में भैरवाचार्य ने कहा 'हे महाभाग ! तुम्हारी कृपा से मन्त्र सिद्ध हो गया। मन की इच्छा पूरी हो गयी, दिव्यदृष्टि प्राप्त हो गयी, मानुषोत्तर पराक्रम प्राप्त हो गया है, अन्य प्रकार की देहप्रभा भी उत्पन्न हो गयी है। अत: आपके उपकार के लिए क्या कहूँ ? परोपकार करने में ही लगे हुए तुम्हें छोड़कर दूसरा कौन व्यक्ति स्वप्न में भी इस प्रकार के मार्ग को स्वीकार कर सकता है ? मैं तुम्हारे गुणों से उपकृत हो गया हूँ। कहने में समर्थ नहीं हूँ कि 'जा रहा हूँ' यह स्वार्थ पर की पराकाष्ठा होगी। 'परोपकार करने में तुम तत्पर हो' ऐसा कहना प्रत्यक्ष ही परोपकार देख लेने वाले के लिए यह पुनरोक्ति होगी। 'तुमने मुझे जीवन दिया है' स्नेहभाव से यह कहना उचित नहीं है। 'तुम बान्धव हो' यह कहना दूरी दिखना है। 'निष्कारण परोपकारी हो' यह कहना कृतघ्न वचनों का अनुवाद होगा। 'मुझे याद रखना' यह कहना आज्ञा देना है।' इस प्रकार के वचन कहकर अपने तीनों शिष्यों के साथ भैरवाचार्य चले गये।

000

पाठ २० : चन्दनबाला

श्रेष्ठि ने पूछा—'हे पुत्रि ! तुम कौन हो ? किस कुल में उत्पन्न हो ? किसकी पुत्री हो ?' यह सुनकर आंसू गिराती हुई शब्दरहित वह वसुमती रोने लगी। सेठ ने सोचा—'आपत्ति में पड़ा हुआ श्रेष्ठ व्यक्ति अपने कुल आदि को कैसे कहेगा ? मुझे अब नहीं पूछना।' ऐसा सोचकर उसने कहा—'हे पुत्रि ! रोओ मत।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

तुम मेरी पुत्री हो।' ऐसे कोमल वचनों से उसे आश्वासन दिया। और अपहरण-कर्त्ता को यथेष्ट धन देकर वह सेठ वसुमती को अपने घर ले गया। वहाँ उसने मूला सेठानी को बुलाया और उसे कहा –'प्रिये ! यह तुम्हारी पुत्री है। प्रयत्नपूर्वक इसका पालन करना।' उसने भी उसी प्रकार स्वीकार किया। विनयपूर्वक सेठ और उसके स्वजनों को सम्मान देती हुई वसुमती सुखपूर्वक समय व्यतीत करने लगी।

एक बार मधुर वचन, विनय, शील आदि प्रमुख गुणों से प्रसन्न सेठ ने उसका गुणसम्पन्न दूसरा नाम 'चन्दनबाला' रख दिया। इस प्रकार वह वहाँ अपने घर की तरह सुखपूर्वक समय व्यतीत करती। उसके गुणों से आकृष्ट नगर के लोग भी वसुमती की प्रशंसा करते थे–'अहो ! शील, अहो ! सौन्दर्य, अहो ! सदाचरण, अहो ! अमृत की तरह मधुर वचन, अधिक क्या कहें ? विधि ने इसे सर्वगुण-सम्पन्न बनाया है।' इस प्रकार सबसे प्रशंसा प्राप्त करती हुई, तरुणजनों के मनरूपी हिरण को हरण करने वाले बन्धन की तरह यौवन को प्राप्त करती हुई चन्दनबाला ग्रीष्मकाल को प्राप्त हुई।

तब जैसे-जैसे वह यौवन की ओर बढ़ी और घर तथा नगर के लोगों के द्वारा प्रशंसित हुई वैसे-वैसे ईर्ष्या से युक्त सब अनर्थों की जड़ वह मूला सेठानी दुखी होने लगी। अपने मन में वह सोचती है–'अहो ! यह मेरे दुर्भाग्य की सूचक, विष-कदली की तरह बढ़ती हुई मुझे फंसाने वाली, सभी अनर्थों की जड़, किंपाकफल को खाने के तरह कटु अन्त वाली, छोटे उपेक्षित रोग की तरह दुःख देने वाली होगी।' इस प्रकार के सैकड़ों कु-विकल्पों से युक्त मूला का समय व्यतीत होता था।

एक बार स्नान के समय में अकेला ही सेठ अपने घर पर आया। घर पर कोई नौकर-चाकर नहीं था। मूला सेठानी भी भवन के ऊपर बालकनी पर थी। तब अत्यन्त विनय से घड़ा लेकर चन्दनबाला निकली। आदर के लिए उसने सेठ को आसन दिया। चरण धोने के लिए वह उपस्थित हुई। उस प्रकार से पैर धोती हुई उस चन्दना के सुन्दर लम्बे, काले, घुंघराले एवं खूब चिकने सिर के बाल जमीन से कुछ ही ऊपर गिरने लगे तब 'कहीं कीचड़ में न गिर जांय' ऐसा सोचकर हाथ से सेठ ने उन बालों को पकड़कर उसकी पीठ पर रख दिये और स्नेह से उन्हें बांध दिया।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

मूला सेठानी ऊपर बैठी हुई उस बात को देखकर चित्त में दुखी हुई। वह सोचने लगी—'अहो ! सब नष्ट हो गया। सेठ उसे प्रगाढ़-प्रणय करने वाला दिख रहा है। यह पुत्री है ऐसा स्वीकार किया है, किन्तु कार्य के परिणाम को नहीं जानता है। यदि किसी प्रकार सेठ ने इसे पत्नी बना दिया तो मैं गृह-स्वामिनी न रहूँगी। अतः प्रारम्भिक अवस्था को प्राप्त इस रोग को यहीं नष्ट कर देना चाहिए। बड़े होने पर कौन नखों को काटता है ?' इस प्रकार थोड़े क्रोध के ईंधन से प्रज्वलित क्रोध-अग्नि वाली उस मूला ने सेठ के निकल जाने पर नाई को बुलाकर चन्दनबाला का सिर मुंड़वा दिया। बेड़ी में उसे डाल दिया। जूतों के प्रहार से उसे मारा और कठोर खरे वचनों से उसकी निन्दा की। अपने नौकरों को बुलाकर उसने कहा—'जो इस बात को सेठ को कहेगा उसे मैं स्वयं निकाल दूँगी।' ऐसा कहकर क्रोधपूर्वक उसने डराया। और एक कोठरी में चन्दनबाला को डाल दिया। दरवाजा बन्द कर दिया। ताला लगा दिया और अपने हाथ में चाबी ले ली।

कुछ समय बाद सेठ आया। परिजनों को पूछता है—'चन्दनबाला कहाँ है ?' मूला के भय से डरा हुआ कोई भी नौकर नहीं बोलता है। सेठ समझता है कि वह बाहर खेल रही होगी अथवा ऊपर होगी। रात आने पर वह फिर पूछता है, किन्तु कोई नहीं बताता है। 'निश्चित ही वह कहीं सो रही होगी।' ऐसा सोचकर सेठ सो गया। दूसरे दिन भी वह चन्दनबाला न दिखी। नौकरों को उसने पूछा। किसी ने नहीं बतलाया। तब मन में उसे कुछ शंका हुई तो उसने मूला को पूछा—'प्रिय ! चन्दनबाला दिखायी नहीं दे रही है। उसका क्या हाल है ?' मुँह ऊँचा किये हुए क्रोधपूर्वक मूला ने कहा—'क्या आपको और कोई काम नहीं है जो दास-दासियों की चिन्ता से व्याकुल हो दुःखी हो रहे हो ?' सेठ ने कहा—'प्रिय ! प्रिय वचन बोलो। यह अच्छी बात नहीं है। तुम्हें उससे क्या ईर्ष्या है ?' मूला ने कहा—'यदि मुझे इस प्रकार ईर्ष्यालु जानते हो तो क्यों मुझसे पूछते हो ?' सेठ ने कहा—'अब मैंने भी जान लिया कि सभी अनर्थ की जड़ तुम हो। अतः अब दूसरे को नहीं पूछूँगा।'

दूसरा दिन भी व्यतीत हुआ। तीसरे दिन क्रोधी सेठ नौकरों को पूछता है—'बताओ, अन्यथा तुम सबको मारूँगा।' तब एक बूढ़ी नौकरानी सोचती है—'मेरे

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

जीवन से क्या लाभ ? वही बेचारी जिन्दा रह जाय।' ऐसा सोचकर उसने सेठ को चन्दनबाला का सब वृत्तान्त बताकर कहा—'वह यहाँ एक कोठरी में है।' घबराया हुआ सेठ वहाँ गया। किन्तु वहाँ चाबी नहीं थी।

तब किसी प्रकार किवाड़ों को तोड़ा गया। चन्दनबाला को उस अवस्था में देखकर आखों से आँसू बहाते हुए सेठ ने कहा—'हे पुत्रि ! चन्दन की तरह शीतल ! तुम कैसे इस अवस्था को प्राप्त हुई ? अथवा दुर्जन लोगों की दुष्टता की कोई सीमा नहीं है।'

तब उसने भोजन खोजा। किन्तु मूला के द्वारा भविष्य की तरह उसका अभाव था। इधर-उधर खोजते हुए सेठ ने सूपे के कौने में उड़द देखे। उनको उसी रूप में चन्दनबाला को देकर बेड़ी कटवाने के लिए स्वयं वह लोहार के घर चला गया। वह चन्दनबाला भी दरवाजे की देहरी पर आसरा लेकर बैठ गयी। तब अपनी गोद में सूप के कौने में पड़े हुए उड़दों को देखकर खंभे में बधे नये हाथी की तरह जैसे विन्ध्यपर्वत को याद किया जाता है वैसे ही वह अपने कुल को यादकर रोने लग गयी।

उसके बाद चन्दनबाला ने सोचा—'तीन दिनों से किसी सुपात्र को बिना दान दिये मैं कैसे आज भोजन करूँ ? अच्छा हो यदि कोई सुपात्र यहाँ आ जाय।'

तब भगवान् महावीर ने जो प्रतिज्ञा ली थी वह अभिग्रह सब तरफ से यहाँ परिपूर्ण हो रहा था। अतः उन्होंने चन्दनबाला के सामने आकर हाथ पसार दिये। उसने सूप के कौने से उड़द उन्हें दिये। उन्होंने पारणा कर लिया। इसी समय आसन चलायमान होने से देवता वहाँ आ गये। पांच दिव्य पदार्थ वहाँ उत्पन्न हुए। प्रतिज्ञा पूरी हुई। समस्त जीवलोक के निष्कारण बन्धु, दुष्ट आठ कर्मों को मूल से उखाड़ने वाले त्रिशलानन्दन (महावीर) का आहार हो गया। चन्दनबाला भी तीर्थंकर को आहार देने के धर्म से उपार्जित पुण्य-समूह के द्वारा इस लोक में धन्य हो गयी।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

तभी सारे त्रिभुवन में कुंद एवं चन्द्रमा के समान उसका निर्मल यश फैल गया। अहो ! धन्या है, अहो ! कृतार्थ है, अहो चन्दनबाला लक्षणों से युक्त है। उस चन्दनबाला ने अपने जन्म और जीवन का फल प्राप्त कर लिया है।

000

पाठ २१ : जैसा गुरु वैसा चेला

एक गाँव में बहुत से कोठों से युक्त एक मठ में एक शिष्य के साथ बड़ा आचार्य रहता था। एक बार उसने रात्रि में स्वप्न देखा कि— मठ के सभी कोठे (बखरी) लड्डुओं से भरे हुए हैं। जगने पर उसने प्रसन्नतापूर्वक यह बात अपने शिष्य से कही। उसने कहा– 'यदि ऐसा है तो आज हम पूरे गाँव को निमन्त्रण कर देते हैं। गाँव के घरों में हमने बहुत बार खाया है।'

'ठीक है' ऐसा स्वीकार करने पर पूरे पर जाकर उस चेले ने मुखिया समेत पूरे गाँव को निमन्त्रण दे दिया। 'तुम्हारे यहाँ भोजन सामग्री कहाँ से आयी ?' ऐसा पूछे जाने पर भी 'धर्म के प्रभाव से सब होगा' ऐसा कहकर शिष्य द्वारा बल-पूर्वक उन्हें मना लिया गया। भोजन का मंडप बनवाया गया। आसन-पंक्तियाँ बिछायी गयीं। उचित समय पर गाँव के लोग भी आ गये। आसनों पर बैठ जाने पर उन्हें भोजन-पात्र भी दे दिये गये।

इसी समय में वह परम आचार्य लड्डुओं के लिए भीतर घुसा। किन्तु वहाँ कुछ भी नहीं देखता है। तब 'चित्त न लगाने से मैं लड्डुओं वाले कमरे को भूल गया हूँ। अतः उसे देखने के लिए फिर सो जाता हूँ। तब तक तुम लोगों के शोरगुल को रोकना।' चेला को ऐसा कहकर वह आचार्य सो गया।

इसी बीच में लोगों ने कहा— 'लोग भूखे हैं, शाम हो रही है अतः देर क्यों की जा रही है ?' चेले ने कहा—'शोर मत करो क्योंकि मेरे गुरु नींद ले रहे हैं।'

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

ऐसा सुनने पर लोगों ने कहा—'यह सोने का कौन-सा समय है ?' चेले ने कहा—'आप लोगों के भोजन के लिए स्वप्न में देखे गये लड्डुओं का कोठा गुरूजी भूल गये थे। अतः फिर से उसे देखने के लिए अब सो गये हैं।'

ऐसा सुनकर—'अहो ! इनकी मूर्खता ?' ऐसा कहकर ताली बजाते हुए हँसते हुए लोग अपने घरों को चले गये। इसलिए स्वप्न में देखा हुआ स्थायी नहीं होता।

000

पाठ २२ : मदनश्री की शिक्षा

उज्जयिनी नगरी में विक्रमसेन राजा था। उसने कभी क्रीडा के लिए जाते हुए जिसका पति विदेश गया हुआ है ऐसी सेठ की पत्नि मदनश्री को भवन की मंजिल पर बैठे हुए झरोखे के द्वार से देखा। उस पर आसक्त राजा ने उसके पास अपनी दासी को भेजा। उसने वहाँ जाकर मदनश्री से कहा—'मदनश्री ! तुम कृतार्थ हो जो महाराजा के द्वारा चाही गयी हो। अतः उस राजा ने संदेश दिया है—'हे सुन्दरी ! अमृत की तरह तुम्हारे दर्शन के लिए मेरा हृदय उत्कंठित है। एक दिन को मेरे पास आओ अथवा मैं ही छिपे रूप में तुम्हारे यहाँ आ जाता हूँ। हे सुन्दर शरीरवाली ! इस संदेश का उत्तर अवश्य देना।'

मदनश्री ने 'अहो ! मेरे ऊपर राजा का दृढ़ अनुराग है। दूर रहते हुए उसे समझाना संभव नहीं है।' ऐसा सोचकर 'महाराज मेरे महल पर ही यहाँ आ जाँय' ऐसा उत्तर देकर उस दासी को वापिस भेज दिया।

दासी ने राजा को सब वृतान्त कहा। वह संतुष्ट राजा दोपहर में अंजन के प्रयोग से अदृश्य रूप में उसके घर गया और अंजल धोकर प्रकट हो गया। घबड़ायी हुई मदनश्री ने उसे देखा। उसने सोचा—'यह अनुराग के ग्रह से ग्रसित है। किन्तु मेरे द्वारा प्राण त्यागने पर भी शील को खंडित नहीं किया जाना चाहिए। क्योंकि—

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

"विष खा लेना अच्छा, अग्नि में प्रवेश कर जाना अच्छा, फांसी लगा लेना अच्छा, पर्वत से गिर जाना अच्छा किन्तु शील को खंडित करना अच्छा नहीं है।" अतः इस राजा को किसी उपाय से समझाती हूँ।'

ऐसा सोचकर—'महाराज का स्वागत है' प्रसन्तापूर्वक ऐसा कहकर और आसन प्रदान कर उसने राजा के चरण धोए। मनोहर भोजन तैयार किया। एक ही भोजन को बहुत-सी थालियों में सजाया। उन थालियों को सुन्दर चित्रों वाले रेशमी कपड़ों से ढका। तब उसने कहा—'महाराज! मेरे ऊपर कृपा करिये। और मनोनुकूल भोजन कीजिए।'

राजा भी अनुराग से उसका अनुकरण करता हुआ भोजन के लिए बैठा। वह मनोहर कपड़ों से ढकी हुई नयी बहुत-सी थालियों को देखता है—'अहो! मुझे रिझाने के लिए इसने विविध प्रकार की रसोई की है' ऐसा सोचकर राजा संतुष्ट हुआ। उस मदनश्री ने भी सभी थालियों से थोड़ा-थोड़ा लेकर एक ही प्रकार का भोजन परोसा दिया।

तब कौतुकता से राजा ने कहा—'एक ही भोजन के लिए बहुत-सी थालियों का क्या कारण है?' उसने कहा—'नयापन ही इनकी विशेषता है।' राजा ने कहा—'इस प्रकार के निरर्थक विशेषण से क्या लाभ?' मदनश्री ने कहा—'महाराज! यदि ऐसा है तो युवतियों के शरीरों में भी बाह्य नवीनता के अतिरिक्त और कौन-सी विशेषता है? क्योंकि भीतर से वसा, मांस, मज्जा, शुक्र, फुफ्फस, रुधिर, हड्डि आदि अपवित्रता का घर होने से सभी युवतियों का शरीर एक-सा है। इसी प्रकार महाराज! अपनी पत्नी के विद्यमान होने पर दूसरी स्त्रियों में अनुराग करने का कोई कारण नहीं है।'

यह सुनकर वैराग्य को प्राप्त वह राजा विक्रमसेन कहता है—'हे सुन्दरी! तुमने ठीक आचरण किया, जो अज्ञान से मोहित मुझको प्रतिबोध दिया।' ऐसा कहकर और भारी पारितोषिक देकर वह राजा अपने भवन में चला गया।

000

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ २३ : दमयन्ती का स्वयंवर

इसी भरतक्षेत्र में कौशल नगरी है। वहाँ इक्ष्वाकु कुल में उत्पन्न, अनुपम न्याय, त्याग और पराक्रम से युक्त निषध नाम का राजा है। उसके सुन्दरी नामक रानी की कूँख से उत्पन्न जन-मन को आनन्द देने वाले नल और कूबर नामक दो पुत्र हैं।

और इधर विदर्भ देश के मंडल में कुंडिन नगर है। वहाँ शत्रुरूपी हाथी-समूह को सिंह की तरह भीमरथ राजा है। उसके समस्त अन्तःपुररूपी वृक्ष के पुष्प की तरह पुष्पदन्ती रानी है। विषय-सुख का अनुभव करते हुए उनके समस्त त्रिलोक के अलँकार-स्वरूप एक पुत्री उत्पन्न हुई।

गाथा—1. उस पुत्री के भाल पर सूर्य के प्रतिबिम्ब की तरह एक सहज तिलक उत्पन्न हुआ, जो मानों सज्जन पुरुष के वक्षस्थल पर श्रीवत्सरूपी सुन्दर रत्न हो। 'माता के गर्भ में इस पुत्री के आने से मेरे सभी बैरी दमित (शान्त) हो गये हैं।' ऐसा सोचकर पिता ने उसका नाम 'दमयन्ती' रखा। शुक्लपक्ष के चन्द्रमा की रेखा की तरह सब लोगों की आँखों को आनन्द देने वाली वह वृद्धि को प्राप्त हुई। समय पर उसे कलाचार्य के पास भेजा गया।

2 बुद्धि से युक्त उस दमयन्ती में उपाध्याय के सिखाते ही समस्त कलाएं पूर्णिमा के चन्द्रमा की तरह तुरन्त ही प्राप्त हो गयीं।

वह दमयन्ती यौवन को प्राप्त हुई। उसे देख कर माता-पिता ने सोचा- 'यह अनुपम सुन्दरी है और सयोग से विज्ञान में प्रवीण भी। अतः इसके उपयुक्त वर प्राप्त नहीं है। और यदि हो भी तो उसे कैसे जाना जाय ? अतः स्वयंवर करना उचित है।'

तब दूत भेजकर राजाओं और राजपुत्रों को बुलाया गया। हाथी, घोड़े, रथ एवं पैदल सैनकों के साथ में (राजा लोग) आ गये। वहाँ अनुपम पराक्रम वाला

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

नल भी पहुँचा। भीमराजा के द्वारा सम्मान प्राप्त वे श्रेष्ठ आवासों में ठहर गये। स्वर्ण के खंभों से युक्त स्वयंवर-मंडप बनवाया गया। वहाँ गोल सिंहासन लगवाये गये। उन पर राजा लोग बैठे।

इसी अवसर पर पिता के आदेश से भाल के तिलक की विस्तीर्ण प्रभा से अलंकृत, सूर्य के बिम्ब को धारण करने वाली पूर्व दिशा की तरह, प्रसन्न मुखवाली, सम्पूर्ण चन्द्रमा से शोभित पूर्णिमा की रात की तरह, श्वेतवस्त्र पहिने हुए दमयन्ती स्वयंवर मंडप को सुशोभित करती हुई वहाँ आयी। उसे देखकर आश्चर्यचकित मुखवाले राजाओं द्वारा चक्षुविक्षेप के लिए वह देखी गयी।

गाथा—3. तब राजा के आदेश से अन्तःपुर की प्रतिहारी भद्रा राजकुमारी के सामने राजपुत्रों के पराक्रम (परिचय) को कहने लगी—

4. 'दृढ़ बाहुबल वाला **बल** नामक यह काशी नरेश है। यदि इसे वरोगी तो ऊँची लहरों वाली गंगा नदी को देख सकोगी।'

दमयन्ती ने कहा 'भद्रे ! काशीवासी दूसरों को ढगने में अभ्यस्त सुने जाते हैं। अतः मेरा मन इसमें नहीं लगता, आगे चलो।' उसी प्रकार आगे बढ़कर भद्रा ने कहा—

गाथा-5. 'शत्रुरूपी हाथियों के लिए सिंहरूपी यह कोंकण का स्वामी राजा **सिंह** है। इसको वर कर ग्रीष्मऋतु में कदलीवनों में सुखपूर्वक क्रीड़ा करना।'

दमयन्ती ने कहा—'भद्रे ! कोंकण के लोग अकारण ही क्रोध करने वाले होते हैं। अतः क्षण-क्षण में इनको अनुकूल मैं नही कर पाऊँगी। अतः दूसरे का परिचय दो।' आगे जाकर उसने कहा—

गाथा—6. 'इन्द्र के समान रूपवाले ये काश्मीर के स्वामी राजा **महेन्द्र** हैं। कुंकुम की क्यारियों में क्रीड़ा करने की इच्छा हो तो इन्हें वरण करो।'

राजकुमारी ने कहा—'भद्रे! मेरा शरीर ठंड से बहुत डरता है, क्या तुम यह नहीं जानती हो ? अतः यहाँ से चलें।' ऐसा कही जाती हुई वह प्रतिहारी आगे जाकर कहने लगी—

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

गाथा-7. 'अत्यन्त खजाने वाला और कामदेव के समान सुन्दर कौशाम्बी का स्वामी यह राजा **जयकोष** है । हे मृगाक्षी! क्या यह तुम्हारा मन हरता है ?'

राजकुमारी ने कहा- 'हे कपिंजला ! वरमाला अत्यन्त सुन्दर बनायी गयी है ।' भद्रा ने सोचा- 'अप्रकट वचनों से ही इस राजा का निषेध कर दिया गया है ।' तब वह आगे जाकर कहती है —

गाथा-8 'हे कोयल की तरह कंठवाली ! जिसकी तलवार रूपी राहु से वैरी रूपी चन्द्रमा ग्रस लिया गया है उस कलिंगपति **जय** के माला डाल दो ।'

राजकुमारी ने कहा- 'पिताजी के समान आयु वाले इनको प्रणाम करती हूँ ।' भद्रा ने आगे जाकर कहा—

गाथा-9. 'हे गजगामिनी ! जिसके हाथी-समूह के घंटाओं की आवाज से ब्रह्माण्ड फूटने लगता है वह गौड़ देश का राजा **वीरमुकुट** क्या तुझे अच्छा लगता है?'

राजकुमारी ने कहा-' हे माँ ! क्या मनुष्यों का इतना काला रूप भी होता है ?' अतः तुरन्त आगे चलो । मेरा हृदय काँप रहा है ।' तब थोड़ा हंसती हुई वह आगे गयी और कहने लगी—

गाथा-10. 'हे कमल की तरह नयनों वाली ! क्षिप्रा नदी के किनारे वनकुंज में क्रीड़ा करने की इच्छा करती हुई तुम इस अवन्ती देश के राजा **पद्मनाभ** को अपना पति बना लो'

राजकुमारी ने कहा- 'हे सखी ! इस स्वयंवर मण्डप में चलते-चलते थक गयी हूँ। तो क्या अब भी तुम बोलती ही रहोगी ?' तब भद्रा ने सोचा 'यह भी मेरे मन को ठीक नहीं लग रहा है, ऐसा राजकुमारी ने सूचित कर दिया है तो आगे चलती हूँ ।' ऐसा सोचकर वह भद्रा उसी प्रकार कहने लगी—

गाथा-11. 'यह राजा निषध का पुत्र राजकुमार **नल** है, जिसके सौन्दर्य को देखकर हजार नयनों वाला इन्द्र अपने हजार नेत्रों को सफल मानता है ।'

तब विस्मित मनवाली दमयन्ती ने सोचा-'अहो समस्त रूपवन्त अंगो का निवास-स्थान, अहो ! अद्भुत लावण्य, अहो ! अपूर्व सौभाग्य, अहो ! मधुर हास्य का निवास ! इसलिए हे हृदय, इस राजकुमार के प्रति स्वीकृति देकर परम संतोष को प्राप्त करोगे ।' ऐसा सोचकर नल के कंठ में उसने वरमाला डाल दी । 'अहो ! अच्छे वर का वरण किया' इस प्रकार लोगों की आवाजें उठने लगीं ।

000

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ २४ : विद्युत्प्रभा की बहादुरी और करुणा

यहाँ पर ही जम्बूद्वीप से अलंकृत, द्वीप के मध्य में स्थित, अखण्ड छह खण्डों से सुशोभित, बहुत सम्पूर्ण लक्ष्मी का निवास-स्थान कुसट्ट देश है। वहाँ आनंदित एवं क्रीड़ा करने वाले लोगों से मनोहर, अप्सराओं की तरह गौरियों से सुन्दर बलासक नामक गांव है। वहाँ पर चारों दिशाओं में एक योजन तक के भूमिभाग में कभी भी वृक्ष आदि नही उगते थे।

ऐसे उस गाँव में चारों वेदों में पारंगत, छह कर्मों का साधक अग्निशर्मा ब्राह्मण रहता था। उसके शील आदि गुणों की प्राप्ति से सुशोभित अग्निशिखा नामक पत्नी थी। परम सुख से भोगों को भोगने वाले उनके कालक्रम से एक पुत्री उत्पन्न हुई। माता-पिता के द्वारा उसका नाम विद्युत्प्रभा रखा गया।

गाथा —1. जिसके चंचल नयनों के सामने नीलकमल नौकर था (शोभारहित था) तथा जिसके मुख की निर्मल शोभा को सदा पूर्ण रूप से कामदेव धारण करता था।

2. जिसकी नाक की धार के सामने तोते की चोंच गुणहीन एवं व्यर्थ थी तथा जिसके रूप को देखकर अप्सराओं में भी निश्चित रूप से (लोगों के) आदर (रुचि) शिथिल हो जाते थे।

तब क्रम से उस विद्युत्प्रभा के आठ वर्ष के हो जाने पर दुर्भाग्यवश रोग की व्याधि से ग्रसित उसकी माता मृत्यु को प्राप्त हो गयी। तब से वह घर के समस्त कार्यों को करती थी। प्रातःकाल में उठकर गायों का दोहन कर, घर की सफाई कर, गायों को चराने के लिए बाहर जाकर फिर से दोपहर में गोदोहन आदि कर, पिता के लिए देवपूजा, भोजन आदि के कार्य कर और खाकर फिर से वह गायों को चराकर संध्या में घर आकर सांयकालीन करने योग्य कार्यों को करके क्षणमात्र के लिए नींद का सुख लेती थी। इस प्रकार से प्रतिदिन करती हुई गृहकार्यों से पीड़ित व दुखी वह एक दिन अपने पिता को कहती है—'हे पिताजी ! मैं गृहकार्यों से अत्यन्त दुखी हो गयी हूँ। इसलिए कृपा कर आप दूसरी पत्नी ले आयें।'

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार उसके अच्छे वचनों को मानने वाले उसके पिता के द्वारा बिषवृक्ष की तरह एक ब्राह्मणी ब्याह ली गयी। स्वादशीला, आलसी, दुष्ट वह ब्राह्मणी घर के कार्यों को पहले की तरह विद्युत्प्रभा को सौंपकर स्वयं स्नान, विलेपन, आभूषण, भोजन आदि भोगों में व्याप्त रहती हुई ग्रास को तोड़कर भी दो नहीं करती थी। तब बिजली की तरह जलती हुई वह विद्युत्प्रभा सोचती है-'अहो ! मेरे द्वारा पिता से जो सुख के लिए कराया गया वह नरक की तरह दुख का कारण बन गया। अतः बिना भोगे हुए दुष्कर्मों से नहीं छूटा जा सकता है, दूसरा व्यक्ति निमित्तमात्र ही होता है। क्योंकि—

गाथा—3. 'सभी व्यक्ति पहले किये गये कार्यों के फलों के परिणाम को ही पाते हैं। अपराधों (दुखों) और गुणों (सुखों) में तो दूसरा व्यक्ति निमित्त मात्र ही होता है।

इस प्रकार उदास, दुखी वह विद्युत्प्रभा प्रातःकाल में गायों को चराकर, दोपहर में रसरहित, स्वादहीन, ठंडा, रूखा सैकड़ों मक्खियों से युक्त जूठा भोजन करती थी। इस प्रकार दुःखों को भोगती हुई उसके बारह वर्ष व्यतीत हो गये।

किसी एक दिन दोपहर में गायों को चराती हुई गरमी में गरम किरणों से तपी हुई, वृक्षों के अभाव से वृक्ष की छाया से रहित घास युक्त जमीन पर सोयी हुई उस विद्युत्प्रभा के पास एक सांप आया—

गाथा—4. जो अत्यन्त लाल दोनों जीभों को चलाने वाला, काला और समस्त प्राणियों के लिए विकट फुंकार की आवाज से भय उत्पन्न करने वाला था।

नागकुमार के शरीर को छिपाये हुए वह सांप मनुष्य की भाषा में सुन्दर वचनों से उस कन्या को जगाता है और उसके सामने इस प्रकार कहता है—

गाथा—5. 'हे पुत्री ! भय से डरा मैं तुम्हारे पास आया हूँ। मेरे पीछे लगे हुए जो ये सपेरे हैं, वे मुझे बांधकर पकड़ लेंगे।

6. इसलिए तुम अपनी गोद में श्रेष्ठ वस्त्र से अच्छी तरह ढककर इसी समय मेरी रक्षा करो। उसमें क्षण भर भी देर मत करो।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

7. नागकुमार के शरीर को छिपाये हुए मैं गारुड़िय मन्त्र की देवियों की आज्ञा को भंग करने में समर्थ नहीं हूँ। अतः हे पुत्री ! (किसी प्रकार) मेरी रक्षा करो।

8. हे पुत्री ! भय के संदेह को छोड़कर मेरे वचनों के अनुसार उनका पालन करो।' तब दयालु वह कन्या भी उस नाग को अपनी गोद में छिपा लेती है।

तब उसी समय में उसके पीछे ही औषधि-लता हाथ में लिये हुए सपेरे जल्दी-जल्दी आ पहुंचे। उनके द्वारा वह ब्राह्मण की पुत्री पूछी गयी—'हे बालिके ! इस मार्ग में जाते हुए किसी विशाल नाग को क्या तुमने देखा है ? तब वह उत्तर देती है-'हे राजन ! मुझसे क्या पूछते हो ? क्योंकि कपड़े से शरीर को ढके हुए मैं यहाँ पर सोयी हुई थी।' तब वे सपेरे आपस में बात करते हैं —'यदि इस बालिका के द्वारा उस प्रकार का (भयंकर) नाग देखा गया होता तो भय से कांपती हुई हिरणी की तरह यह उठ कर भाग गई होती। अतः यहाँ वह सांप नहीं आया है।' तब आगे-पीछे देखकर कहीं भी उसे प्राप्त न करते हुए, हाथ से हाथ मलते हुए, दाँतों से होठों को काटते हुए, कांतिहीन मुखवाले वे सपेरे लौटकर अपने घरों को चले गये।

तब उस कन्या ने सर्प को कहा-'यहाँ से अब निकल जाओ, तुम्हारे वे शत्रु चले गये।' वह सांप भी उसकी गोद से निकलकर, सर्प रूप को छोड़ कर हिलते हुए कुंडल आदि आभूषणों से युक्त देवस्वरूप को प्रकटकर उसे कहता है—'हे पुत्री ! वर मांगो क्योंकि मैं तुम्हारे उपकार और साहस से संतुष्ट हूँ।'

वह बालिका भी उस प्रकार के चमके हुए शरीर वाले देव को देखकर समस्त अंगों में हर्ष को भरे हुए निवेदन करती है— 'हे तात ! आप यदि सचमुच संतुष्ट हैं तो मेरे उपर छाया कर दें। उससे गरमी से दुखी मैं छाया में सुखपूर्वक बैठी हुई गायों को चराती रहूँगी।' तब उस देव के द्वारा मन में विचार किया गया—'अहो ! यह बेचारी सरल स्वभाववाली है, जो मुझसे भी यह (तुच्छ वर) मांगती है। अतः इसका यह भी इच्छित कार्य कर देता हूँ।' ऐसा सोचकर उस विद्युत्प्रभा के ऊपर छाया से युक्त एक बगीचा (कुंज) बना दिया गया, जो बड़े साल के वृक्षों के फूलों, सुगन्ध आदि से सुन्दर था तथा मीठे फलों के द्वारा जो सदा प्राणियों के समूह को आनन्द पहुँचाता था।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

तब देवता ने उसके सामने निवेदन किया - 'हे पुत्री ! जहाँ-जहाँ तुम जाओगी वहाँ-वहाँ मेरे महात्म्य के प्रभाव से यह बगीचा भी तुम्हारे साथ जायेगा। घर आदि पर जाने पर तुम्हारी इच्छा से अपने को समेट कर छाते की तरह यह तुम्हारे ऊपर ठहर जायेगा। और तुम आपत्तिकाल आने पर काम होने पर मुझे स्मरण करना।' ऐसा कहकर वह नागकुमार चला गया।

000

पाठ २५ : वर का निर्णय

हस्तिनापुर नगर में अनेक गुणरूपी रत्नों से युक्त शूर नामक राजपुत्र रहता था। उसकी गंगा नाम की पत्नी थी। उन दोनों के परम सौभाग्यवाले शील आदि गुणों से अलंकृत सुमति नामक पुत्री थी। कर्मों के फल के वश से पिता, माता, भाई एवं मामा के द्वारा वह कन्या अलग-अलग वरों को दे दी गयी (सगाई कर दी गयी)।

एक ही दिन में विवाह करने के लिए आये हुए वे चारों ही वर आपस में झगड़ा करते हैं। तब उनमें भयंकर लड़ाई हो जाने पर बहुत से लोगों के नाश को देखकर वह सुमति कन्या आग में प्रविष्ट हो गयी। अत्यन्त आसक्ति के कारण एक वर भी उसके साथ प्रवेश कर गया। (उनके जल जाने पर) एक वर (दूसरा) (उनकी) हड्डियों को गंगा की धारा में बहाने के लिए ले गया। एक (तीसरा) वर वहीं पर चिता की राख को जलसमूह में डालकर उस कन्या के दुख से मोहरूपी महान् ग्रह से ग्रसित होकर पृथ्वीमण्डल में घूमने लगा। चौथा वर वहीं पर स्थित होकर उस स्थान की रक्षा करता हुआ और प्रतिदिन वहाँ अन्न का एक पिण्ड डालता हुआ समय व्यतीत करने लगा।

इसके बाद वह तीसरा वर पृथ्वीतल पर घूमता हुआ किसी गांव में रसोईघर में भोजन बनवाकर जीमने के लिए बैठा था। उस घर की मालकिन उसे परोस रही थी। तभी उसका छोटा पुत्र अत्यन्त रोने लगा। तब क्रोध के बढ़ जाने से उस स्त्री ने उस बालक को अग्नि में डाल दिया। (यह देखकर) वह वर भोजन करते हुए उठने लगा। तब वह स्त्री कहती है —'सन्तान किसी के लिए अप्रिय नहीं होती है। क्योंकि जिनके लिए माता-पिता अनेक देवताओं की पूजा, दान, मंत्र-जाप आदि क्या-क्या नहीं करते हैं। तुम सुख-पूर्वक भोजन करो। मैं बाद में इस बच्चे को जीवित कर लूँगी।'

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

तब भी वह भोजन करके शिघ्र उठ गया। तभी उस स्त्री ने अपने घर के भीतर से अमृतरस की कुपिया लाकर अग्नि में छिड़काव किया। उससे हँसता हुआ बालक निकल आया। माता ने उसे गोद में ले लिया।

तब वह ध्यान करता है—'अहो ! आश्चर्य है, आश्चर्य है जो इस प्रकार अग्नि में जले हुए को भी जीवित कर लिया गया। यदि यह अमृतरस मेरे पास हो तो मैं भी उस कन्या को जीवित कर दूँ।' इस प्रकार सोचकर वह धूर्तता से कपटवेश धारण कर रात्रि में वहीं ठहर गया। अवसर पाकर उस अमृत-कुपिया को लेकर वह हस्तिनापुर आ गया।

फिर उस वर ने पिता आदि के सामने चिता के बीच में अमृतरस को डाला। वह सुमति कन्या अलंकारों सहित जीवित होती हुई उठ आयी। तब उसके साथ एक वर भी जीवित हो गया।

कर्मों के वश से फिर वे चारों वर एक ही स्थान पर इकठ्ठे हो गये। वे कन्या के साथ विवाह करने के लिए झगड़ते हुए बालचन्द्र राजा के दरबार में गये। चारों ने राजा से अपना-अपना वृतान्त कहा। राजा ने मन्त्रियों से कहा कि— 'इनके झगड़े को निपटाकर किसी एक वर को प्रमाणित करो।'

सभी मन्त्री आपस में विचार करते हैं, किन्तु किसी से वह झगड़ा नहीं निपटा। तब एक मन्त्री ने कहा यदि आप सब स्वीकार करें तो मैं इस झगड़े को निपटाता हूँ।

उन्होंने कहा- 'जो राजहंस की तरह गुण-दोषों की परीक्षा करके पक्षपात से रहित विवाद को निपटाता है उसके वचन को कौन नहीं मानता ?'

तब उस मन्त्री ने कहा—'जिस वर के द्वारा कन्या जीवित की गयी है वह वर उसे जन्म देने में कारण होने से उसका पिता हो गया। जो वर उस कन्या के साथ जीवित हुआ है वह जन्म-स्थान एक होने के कारण कन्या का भाई हो गया। जो वर उसकी अस्थियों को गंगा में डालने गया था वह मृत्यु के बाद पुण्य-कार्य करने वाला होने से कन्या का पुत्र हो गया। किन्तु जिस वर के द्वारा उस स्थान की रक्षा की गया वह वर (रक्षा करने के कारण) पति हुआ।'

000

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार मन्त्री के द्वारा झगड़ा निपटा देने पर रूपचन्द्र नामक चौथे वर के साथ वह कन्या व्याह दी गयी। क्रमशः वह अपने नगर को लौट आया। बाद में उस कन्या के प्रभाव से उसी नगर में ही वह राजा बन गया। क्योंकि—

गाथा-1. कहीं पर वर के पुण्य से, कहीं पर महिला के सत्पुण्यों के योग से और कहीं पर दोनों के पुण्य से समृद्धि प्राप्त होती है।

000

पाठ २६ : श्रेष्ठतम पुतली

एक बार राजा भोज की सभा में कोई एक विदेशी आया। तब उस सभा में कालिदास आदि अनेक विद्वान् थे। वह विदेशी राजा को प्रणाम करके कहता है - 'हे राजन्! आपकी सभा को अनेक श्रेष्ठ विद्वानों से अलंकृत जानकर तीन पुतलियों के मूल्य कराने के लिए मैं आपके समीप में आया हूँ।'

ऐसा कहकर वह समान ऊँची, समान रंग और समान रूप वाली तीन पुतलियों को राजा के हाथ में देकर कहता है- 'यदि श्रीमान्, आपके श्रेष्ठ विद्वान् इनके उचित मूल्य को (निश्चित) कर देंगे तो आज तक अन्य राजाओं की सभाओं में लोगों के द्वारा जो मैंने विजय से अंकित एक लाख चांदी की मुद्राएं प्राप्त की हैं वे उन्हें दी जायेंगी। अन्यथा विजय के चिन्ह से अंकित एक लाख स्वर्ण मुद्राएं आपसे मैं ग्रहण करूंगा।'

राजा के द्वारा वे पुतलियां मूल्य-निर्धारण करने के लिए विद्वानों को दी गयीं। कोई विद्वान् कहता है- 'हे मणिकार! तुम कसौटी से इन पुतलियों के स्वर्ण की परीक्षा कर लो। और तराजू पर रखकर उनका मूल्य अंकित कर दो।' तब वह विदेशी थोड़ा हंसकर कहता है- 'इस प्रकार से मूल्य-निर्धारण करने वाले तो संसार में बहुत हैं। इनका सच्चा मूल्य यदि हो सके तो उसके लिए राजा भोज की सभा में मैं आया हूँ। ऐसा सुनकर पंडित लोग पुतलियों को हाथ में लेकर उन्हें अच्छी तरह देखते हैं।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

किन्तु पुतलियों के रहस्य को जानने में समर्थ नहीं होते हैं। तब क्रोधित राजा कहता है— 'क्या इतनी बड़ी सभा में कोई भी इनका मूल्य बताने के लिए समर्थ नहीं है ? तुम सब को धिक्कार है।'

तब कालिदास कहता है— 'तीन दिन के भीतर मैं इनका मूल्य अवश्य बता दूँगा।' ऐसा कहकर वह पुतलियों को लेकर घर चला गया। बार-बार उनको देखकर वह बहुत विचार करता है। सूक्ष्म दृष्टि से उनको देखता है। तब उन पुतलियों के कान में वह छेदों को देखता है। देखकर उन छेदों में पतला तार डालता है। इस प्रकार तार डालकर उन सबको देखकर उन पर मूल्य अंकित कर देता है। तीसरे दिन के अन्त में राजा की सभा में जाकर राजा के सामने क्रमशः उनको रखकर उस कालिदास (पंडित) ने कहा- 'पहली पुतली का मूल्य मात्र एक कौड़ी है। दूसरी का एक रुपया तथा तीसरी का मूल्य एक लाख रुपये है।' उस मूल्य को सुनकर सारी सभा आश्चर्ययुक्त हो गयी।

उस विदेशी ने कहा— 'इस विद्वान् ने सच्चा मूल्य बता दिया है। मैं भी उसी का अनुमोदन करता हूँ।' तब राजा कालिदास को पूछता है— 'समान आकार, रंग और रूप वाली इन पुतलियों के अलग-अलग मूल्य क्यों कहे हैं ? ऐसा पूछने पर कालिदास कहता है— 'हे राजन् ! मैंने पहली पुतली का मूल्य मात्र एक कौड़ी कहा है। क्योंकि इसके कान में एक तार डाला तो वह दूसरे कान के छेद से बाहर निकल गया। अतः यह पुतली उपदेश देती है कि "संसार में धर्म (अच्छी बातों) को सुनने वाले तीन प्रकार के होते हैं। प्रथम श्रोता ऐसा होता है कि जो आत्म-कल्याण के वचन को सुनता है, सुनकर उसे दूसरे कान से निकाल देता है। उस वचन के अनुसार स्वयं आचरण नहीं करता है। उस श्रोता को पहली पुतली की तरह जानना चाहिए, उसका कोई मूल्य नहीं है। अतः मैंने प्रथम श्रोता के समान पहली पुतली का मूल्य मात्र एक कौड़ी कहा है।'

'दूसरी पुतली के कान में डाला हुआ तार उसके मुख से निकल गया। वह ऐसा कहती है कि संसार में कुछ श्रोता ऐसे होते हैं जो आत्महित के वचनों को सुनते हैं,

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

दूसरों को उपदेश देते हैं, किन्तु स्वयं धार्मिक कार्यों में संलग्न नहीं होते हैं। ऐसे श्रोताओं को दूसरी पुतली के समान जानना चाहिए।" इसलिए मैंने दूसरी पुतली का मूल्य मात्र एक रुपया कहा है।'

'तीसरी पुतली के कान में डाला गया तार बाहर नहीं निकला, परन्तु उसके हृदय में उतर गया। वह पुतली यह शिक्षा देती है—"कुछ समझदार जीव मेरे समान होते हैं, जो परलोक के हितकारी वचनों को अच्छी तरह सुनते हैं और धर्म के कार्यों में यथाशक्ति संलग्न रहते हैं। ऐसे श्रोताओं को तीसरी पुतली के समान जानना चाहिए।" इसलिए मैंने तीसरी पुतली का मूल्य एक लाख रुपया बताया है।'

कालिदास के ऐसे कथन को सुनकर राजा भोज एवं अन्य पंडित भी संतुष्ट हुए। वह पराजित विदेशी दुखी मन से उन एक लाख चांदी की मुद्राओं को राजा के आगे रख देता है। राजा उस सब को कालिदास को अर्पित कर देता है।

000

पाठ २७ : परोपकारी पक्षी

तब उसके पुण्य से प्रेरित कोई एक तोता कहीं से आकर आम्रवृक्ष की शाखा पर बैठा। कुम्हलाये हुए मुखकमल वाली वीरमती को देखकर परोपकार में संलग्न वह तोता मनुष्य की भाषा में उससे कहता है—'हे सुन्दरी ! तुम क्यों रो रही हो ? बसन्त ऋतु की क्रीड़ा के मनोरंजन को छोड़कर दुःख से दुखी क्यों दिख रही हो ? मुझे अपना दुःख कहो।'

उस वीरमती ने तोते से ऐसे वचन सुनकर ऊपर देखा। मनुष्य की भाषा में बोलने वाले उस श्रेष्ठ तोते को देखकर कौतुहल से युक्त हो मौन त्यागकर वह कहती है—'हे पक्षी ! मेरे मन की भावना को जानकर तुम क्या करोगे ? क्योंकि—

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

गाथा—1. फल खाने वाले, आकाश में हमेशा घूमने वाले, जगल में रहने वाले, विवेक से रहित तुम एक छोटे पक्षी हो।

'यदि तुम मेरे दुःख को दूर करने वाले होते तो तुम्हारे सामने रहस्य का कथन करना उचित है। जो अज्ञानी अपने रहस्य वृतान्त को दूसरों से कहता है वह केवल अपमान के स्थान को ही पाता है। क्योंकि कहा भी है—

गाथा—2. जो अज्ञानी जिस-किसी व्यक्ति को अपना रहस्य कहता है वह पद-पद पर अपने कार्य की हानि और विपत्ति को ही पाता है।

अतः रहस्य के वृतान्त को न उघाड़ना ही अच्छा है।'

तब वह तोता कहता है—'हे महादेवी ! इस प्रकार की शंका करने से क्या लाभ ? क्योंकि पक्षी जिस-जिस कार्य को कर देते हैं उसे करने में मनुष्य भी असमर्थ हैं।' यह सुनकर विस्मित मन वाली वह कहती है—'हे तोते ! झूठ बोलते हुए लज्जित क्यों नहीं होते हो ? ज्ञान से रहित पक्षी जाति मनुष्य से कैसे चतुर हो सकती है ?

तब तोते ने कहा—'हे देवी ! संसार में पक्षियों के समान कौन है ? तीनों खण्डों के स्वामी वासुदेव विष्णु का वाहन पक्षीराज गरुड़ है। कवियों के मुख की शोभा, वर प्रदान करने वाली, अज्ञान का अपहरण करने वाली भगवती सरस्वती हंस (पक्षी) के वाहन पर ही सुशोभित होती है। यहाँ पर उनकी शोभा का कारण पक्षी ही है। एक सेठ की, कामबाण की बाधा को न सहने वाली किसी प्रियतमा के शील की रक्षा एक तोते ने नयी-नयी कथाओं को सुनाकर की थी, क्या तुमने यह नहीं सुना है ? राजा नल और दमयन्ती का सम्बन्ध कराने वाला एक हंस ही था। इस प्रकार संसार में पक्षियों के द्वारा अनेक उपकार किये गये हैं। अक्षरमात्र को पढ़ने वाले पक्षी भी जीवदया का पालन करते हैं। आगम में भी तिर्यन्चों (पशु-पक्षियों) को पांचवें गुणस्थान का अधिकारी कहा गया है। हम यद्यपि आकाश में चलने वाले होते हैं, किन्तु फिर भी शास्त्रों के सार को जानने वाले होते हैं। अपनी जाति की प्रशंसा उचित है, किन्तु दूसरों को हीन समझना ठीक नहीं है।'

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

शुकराज के ऐसे वचन सुनकर आनन्दित मन वाली वीरमती कहती है— 'हे शुकराज ! तुम सत्य बोलने वाले विद्वान् हो । तुम्हारे इन वचनों के कथन से पुलकित शरीर वाली मैं तुम्हें अपने जीवन से भी श्रेष्ठ मानती हूँ । इस उपवन में तुम्हारा आगमन अपनी इच्छा से हुआ है अथवा अन्य किसी की प्रेरणा से ?'

वह तोता कहता है – 'किसी विद्याधर के द्वारा स्नेहपूर्वक पाला हुआ मैं पिंजड़े में रख दिया गया था । उसके आदेश से समस्त कार्यों को करता हुआ मैं उसके चित्त का मनोरंजन करता था । एक बार मुझे लेकर वह विद्याधर मुनि की वंदना करने के लिए गया । मुनीन्द्र को हाथ जोड़कर प्रणामकर वह उनके सामने बैठ गया । मुनिवर के दर्शन से पाप रहित मैं भी उनका ही ध्यान करता हुआ वहाँ रुका । मुनिवर ने मधुर भाषा में धर्मोपदेश दिया । उपदेश के अन्त में पिंजड़े में स्थित मुझे देखकर उन्होंने कहा– 'जो व्यक्ति तिर्यन्चों (पशु-पक्षी) को बांधकर रखने में आसक्त होता है उसे महापाप होता है । उसके हृदय में दया नहीं होती है । दया के बिना धर्म की सिद्धि कैसे होगी ? बन्धन में पड़े हुए प्राणी बहुत अधिक दुख का अनुभव करते हैं । अतः धर्म चाहने वाले लोगों के द्वारा किसी भी प्राणी को बन्धन में नहीं डालना चाहिए । सबको (स्वतन्त्रता का) सुख प्रिय है । कहा भी है—

गाथा— 3. 'सभी प्राणी सुख में रहना चाहते हैं, सभी प्राणी दुःख से दुखी होते हैं । अतः सुख चाहने वाला व्यक्ति दूसरों को भी सुख देता है । सुख प्रदान करने वाले सुखों को प्राप्त करते हैं ।'

इत्यादि वचनों से प्रतिबोधित उस विद्याधर ने व्रत-नियमों को ग्रहण किया और बन्धन से मुझे मुक्त कर दिया । तब मैं उन मुनीन्द्र को नमनकर उनके उपकार को स्मरण करता हुआ कई वनों को पार करता हुआ, आनन्दित होता हुआ यहाँ आकर आम्र के वृक्ष की शाखा पर बैठा और तुम्हारे द्वारा देखा गया । इसलिए हे देवी ! मेरे सामने कुछ भी गोपनीय नहीं है, झूठ नहीं कहता हूँ । तुम्हारी चिन्ता को अवश्य दूर करूँगा ।'

000

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ २८ : साधु - जीवन

थोड़ा हंसकर सफेद दाँतों की पंक्ति को दिखाने वाले राउल ने कहा—'इसमें खेद का विषय नहीं है। माता-पिता से बढ़कर और क्या श्रेष्ठ है ? उनकी सेवा तो देवता की सेवा है। उनका दर्शन तो देव-दर्शन है। उनकी आज्ञा मानना देव-आज्ञा का पालन करना है। कीड़े की तरह कुल को आग लगाने वाले उस पुत्र से क्या लाभ, जो अपने माता-पिता के लिए सुख देने वाला नहीं होता। किन्तु यह कार्य तुम्हारे जैसे गृहस्थों का नहीं है, अपितु मेरे जैसे योगियों के लिए तो इस कार्य को सम्पन्न करना बांये हाथ का खेल है।'

'हे सुकुमार शेखर ! गृहस्थ लोगों के लिए हेमन्त ऋतु अनुकूल नहीं है। जब (इस ऋतु में) जगत् को कंपाने वाली उत्तरी अत्यन्त शीतल तेज हवा चलती है तब कौन सुखी गृहस्थ घर से निकलता है ? अनेक ऊनी वस्त्र पहिनकर, शक्तिदायक औषधियों से मिश्रित विशेष प्रकार के मिष्ठान्न को खाकर, स्त्री और पुत्रों से घिरा हुआ, अग्नि के पास बैठा हुआ व्यक्ति (हेमन्त के) दिनों को व्यतीत करता है। उस हेमन्त ऋतु में आसक्तिरहित, जटाधारी, श्रमण, तापस, फटे वस्त्र वाला अथवा दिगम्बर साधु वृक्ष के नीचे ठहर कर भी आनन्दपूर्वक ध्यान करता है, और परम इष्टदेव को स्मरण करता है, भूख को सहन करता है और सुखपूर्वक शीतकाल को व्यतीत करता है।

इसी प्रकार सांसारिक (भोगी) लोगों के लिए ग्रीष्मकाल भी अनुकूल नहीं है। उस समय सूर्य अत्यन्त तीव्र किरणों से तपता है। धरती अग्नि की तरह हो जाती है। सारा वातावरण तपा हुआ हो जाता है और न सहने योग्य हवा चलने लगती है। बार-बार पोंछने पर भी पसीना नहीं सूखता है। प्यास से व्याकुल ओंठ, तालु, कंठ अच्छी तरह से पानी पीने पर भी 'पानी कभी नहीं पिया है' ऐसा अनुभव करते हैं। उस गरमी में सभी भोग सामग्री को प्राप्त अनेक तरह के शीतल-पेय को पीता हुआ वातानुकूलित घर में रहता हुआ कौन पुण्यवान् व्यक्ति घर को छोड़ना चाहेगा ? ऐसी ग्रीष्मऋतु में भी मुनि जहाँ कहीं पर ठहरकर जो कुछ भी ठंडा-

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

गरम खाता हुआ, गरम पानी पीता हुआ, बिना बिछौने के गरम भूमि पर सोता हुआ परम प्रसन्न दिखायी देता है। जो साधु हमेशा परमात्मा का स्मरण करता रहता है उसे ग्रीष्मकाल की गरमी का अनुभव क्यों होगा ? जिसके लिए (सुख की) सभी बाहरी वस्तुएं त्याज्य हैं उस साधु के लिए सुख-दुःख की कल्पना क्या करना ? अहो ! मुनियों का मार्ग विचित्र ही है।

इसी प्रकार ज्येष्ठ आश्रम वालों (गृहस्थों) के लिए वर्षा का समय भी सुखकारी नहीं है। जब बादल बरसते हैं तब इधर-उधर सूर्य छिपने से घना अंधकार हो जाता है। हृदय को कंपाने वाली बिजली चमकने लगती है। गर्जन करता हुआ मेघ का शब्द कान के छेद को फाड़ने लगता है। गलियाँ कीचड़ युक्त हो जाती हैं। नदियाँ एवं नाले वेग से बहने लगते हैं। जब (बादलों में) छिपा हुआ सूर्य भी भीतरी गर्मी का अनुभव करता है (अर्थात् बाहर से ठंडा हो जाता है) तब उस वर्षा ऋतु में अपनी पत्नी से रहित कौन व्यक्ति सुखी रहने में समर्थ होगा ? भाग्य से परवश प्रवास में रहने वाला कोई व्यक्ति भी रात-दिन घर को याद करता रहता है। विदेश गये पति से रहित कोई मानिनी पत्नी भी पपीहा के 'पिउ-पिउ' शब्द से पति को याद करती हुई अत्यन्त आन्तरिक पीड़ा का अनुभव करती है।

ऐसी उस वर्षा ऋतु में भी पानी भोजन का त्याग कर पर्वतों और गुफाओं में रहने वाले, शरीर और मन की समस्त चिन्ताओं से रहित सम्पूर्ण ब्रह्मचर्य के पालन से बढ़े हुए तेज वाले, ध्यान में लीन साधु-मुनि अपूर्व एवं बाधारहित सुख का अनुभव करते हुए समय व्यतीत करते हैं। अतः मुनियों के लिए सभी ऋतुएं अनुकूल होती हैं।

000

पाठ २९ : नौकर की कर्तव्य बुद्धि

शकार— यह बूढ़ा सुअर (विट) अधर्म से डरने वाला है। अच्छा, (अब) स्थावरक (नामक) चेट (अपने नौकर) को मनाता हूँ। हे पुत्र ! स्थावरक ! चेट ! (तुम्हें) सोने के कंगन दूँगा।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

चेट — मैं भी पहन लूँगा ।

शकार — तुम्हें सोने का पीढ़ा (आसन) बनवा दूँगा ।

चेट — मैं (उस पर) बैठ जाऊँगा ।

शकार — तुम्हें सब बचा हुआ (जूठा) भोजन दूँगा ।

चेट — मैं भी उसे खा लूँगा ।

शकार — (तुम्हें) सभी नोकरों में प्रधान बना दूँगा ।

चेट — हे स्वमी ! मैं (प्रधान) बन जाऊँगा ।

शकार — तो तुम मेरे (एक) आदेश का पालन कर दो ।

चेट — हे स्वामी ! अनुचित कार्य को छोड़कर सब (काम) कर दूँगा ।

शकार — अनुचित कार्य की तो (उसमें) गन्ध भी नहीं है ।

चेट — हे स्वामी ! तब कहिए ।

शकार — इस वसन्तसेना को मार दो ।

चेट — हे स्वामी ! प्रसन्न हों । मुझ अनार्य (नीच व्यक्ति) के द्वारा गाड़ी बदल जाने के कारण आर्या (वसन्तसेना) को पहले ही यहाँ ला दिया गया है । (अब मैं और अनर्थ नहीं कर सकता हूँ) ।

शकार — अरे चेट ! क्या तुम्हारे ऊपर मेरा अधिकार नहीं है ?

चेट — हे स्वामी ! (आपका) अधिकार है– (मेरे) शरीर पर, किन्तु (मेरे) चरित्र पर नहीं । अतः हे स्वामी ! (मेरे ऊपर आप) कृपा करें, कृपा करें । (मुझे हत्या करने का आदेश न दें) क्योंकि मैं डरता हूँ ।

शकार — तुम मेरे नौकर होकर किससे डरते हो ?

चेट — हे स्वामी ! परलोक (के भय) से ।

शकार — वह परलोक क्या है ?

चेट — हे स्वामी ! अच्छे (पुण्य) और बुरे कर्मों (पाप) का फल (परलोक है) ।

शकार — पुण्य का फल कैसा होता है ?

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

चेट — जैसे कि आप अनेक आभूषणों से अलंकृत हैं (यह आपके पुण्य का फल है)।

शकार — पाप का (फल) कैसा होता है ?

चेट — जैसे कि मैं दूसरों का अन्न खाने वाला (नौकर) हुआ हूँ (यह मेरे पाप कर्मों का फल है)। अतः अब कोई अनुचित कार्य नहीं करूँगा।

शकार — अरे ! (तुम वसन्तसेना को) न मारोगे ?
(ऐसा कहकर शकार नौकर को अनेक प्रकार से मारता है)

चेट — हे स्वामी ! मुझे आप पीटें, हे स्वामी ! मुझे आप मार दें तब भी दुष्कार्य नहीं करूँगा। क्योंकि—
भाग्य (पूर्व जन्मों के पापों) के दोषों से मैं जन्म से ही आपका दास बना हूँ। अतः अब (वसन्तसेना को मारकर) अधिक पाप नहीं करूँगा। इसलिए मैं अनुचित कार्य को त्यागता हूँ।

000

पाठ ३० : अंगूठी की प्राप्ति

(इसके बाद नगर का कोतवाल प्रवेश करता है और उसके पीछे-पीछे बंधे हुए मछुआरे को पकड़े हुए दो सिपाही)।

दोनों सिपाही – (पीटकर) अरे चोर ! बता, कहाँ पर तुमने इस मणि-जड़ित एवं खुदे हुए नाम वाली राजकीय अंगूठी को प्राप्त किया है ?

पुरुष – (भय का अभिनय करते हुए) हे महानुभाव ! मुझ पर प्रसन्न हों। मैं ऐसा (चोरी का) काम करने वाला नहीं हूँ।

प्रथम सिपाही – तो क्या तुम उत्तम ब्राह्मण हो, ऐसा मान करके राजा के द्वारा दान में (यह अंगूठी) दी गयी है ?

पुरुष – इस समय (मेरी बात) सुनिये। मैं शुक्रावतार (नदी के तट) के भीतर रहने वाला धीवर (मछुआरा) हूँ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

द्वितीय सिपाही– अरे चोर ! क्या हम लोगों के द्वारा (तुम्हारी) जाति पूछी गयी है ?

कोतवाल – अरे सूचक ! क्रमवार उसे सब कुछ कहने दो । उसे बीच में टोको मत ।

दोनों सिपाही– श्रीमान् जी ! जो आज्ञा दें । (मछुआरे) से आगे बता ।

पुरुष – मैं जाल से निकलने वाली एवं अन्य रूप से मछलियों को पकड़ने के धन्धे (उपाय) से (अपने) परिवार का भरण-पोषण करता हूँ ।

कोतवाल – (मुस्कराकर) तब तो (तुम्हारी) बड़ी पवित्र आजीविका है ।

पुरुष -- हे स्वामी ! ऐसा न कहें । क्योंकि—
जन्म से (परिवार में) चले आ रहे निन्दित कार्य को भी सहजता से छोड़ देना बड़ा कठिन है । अनुकम्पा से दयालु यज्ञ करने वाला ब्राह्मण भी पशुबलि करते समय कठोर हो जाता है ।

कोतवाल -- अच्छा आगे क्या हुआ ?

पुरुष -- एक दिन जब मेरे द्वारा रोहित मछली के टुकड़े किये गये, तब उसके पेट के भीतर रत्न से चमकती हुई यह अंगूठी (मेरे द्वारा) देखी गयी । बाद में उसी अंगूठी को बेचने के लिए दिखाते हुए मैं आप महानुभावों के द्वारा पकड़ लिया गया हूँ । अतः आप मुझे मारें, चाहें छोड़ दें, इस अंगूठी के मिलने का यही वृतान्त है ।

कोतवाल -- जानुक ! कच्चे मांस की गंध वाला यह आदमी निश्चित ही मछुआरा ही है । अंगूठी मिलने का उसका वृतान्त भी विचारणीय है (ठीक लगता है) । अतः अब हम लोग राज-दरबार में ही चलें ।

दोनों सिपाही– ठीक है, ऐसा ही करें । अरे गिरहकट (चोर) ! चल ।

000

पाठ ३१ : कवि-गोष्ठी

राजा -- काव्य के कथनों की कुशलता से तथा रीतियों (काव्य-शैली) के अनोखेपन से विचक्षणा (नामक दासी) सचमुच विचक्षणा (विदुषी) है ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

इसलिए अन्य (कवि से) क्या, यह ही कवियों में शिरमौर के रूप में स्थित है।

विदूषक — (कोधपूर्वक) तो सीधे ही क्यों नहीं कहा जाता है कि— काव्य-रचना में विचक्षणा अति श्रेष्ठ एवं कपिंजल ब्राह्मण (मैं) अत्यन्त निम्न है।

विचक्षणा — हे आर्य क्रोध न करें। (तुम्हारा) काव्य ही तुम्हारे कवित्व को सूचित कर रहा है। क्योंकि अपनी पत्नी को आनन्दित करने वाले (तुम्हारे काव्य के) अर्थ निन्दनीय हैं। (उन अर्थों के साथ) तुम्हारी सुकुमार वाणी उसी तरह एकदम सुन्दर नहीं लगती है, जिस तरह लटके हुए स्तनों वाली स्त्री के लिए चोली और कानी स्त्री के लिए काजल की रेखा सुन्दर नहीं लगती है।

विदूषक — किन्तु तुम्हारे काव्य के रमणीय अर्थ होने पर भी उसकी शब्दावली सुन्दर नहीं है। सोने की करधनी में लोहे के घुंघरू-समूह की तरह, उल्टे कपड़े पर कढ़ाई के काम के समान और गोरी स्त्री के चन्दन के लेप के समान (तुम्हारी शब्दावली) सुन्दरता को प्राप्त नहीं करती है। फिर भी तुम प्रशंसित हो रही हो।

विचक्षणा — हे आर्य! क्रोध न करें। आपके साथ मेरी क्या बराबरी? क्योंकि आप नाराच (छोटी तराजू पर रखी जाने वाली चमु) के समान निरक्षर (मूर्ख) होते हुए भी रत्नों को तौलने में लगे हुए हो। किन्तु मैं बड़ी तराजू के समान लब्धाक्षर (विदुषी) होते हुए भी सोने के तौलने में भी नियुक्त नहीं होती हूँ। (अर्थात् तुम राजा के मित्र हो और मैं दासी हूँ)।

विदूषक — इस प्रकार मुझ पर हँसती हुई तेरे बाँये और दाहिने युधिष्ठिर के बड़े भाई (कर्ण) के नाम वाले अंग (कान) को जल्दी ही उखाड़कर फेंक दूँगा।

विचक्षणा — मैं भी उत्तर फाल्गुनी के बाद आने वाले नक्षत्र के नाम वाले (हस्त) तेरे अंग (हाथ) को जल्दी ही तोड़ दूँगी।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

राजा — हे मित्र ! इस प्रकार मत झगड़ो (कहो) । यह (विचक्षणा) कवित्व में स्थाप्ति है ।

विदूषक — (क्रोध सहित) तब सीधे ही क्यों नहीं कह दिया जाता है कि हमारी (यह) दासी हरिवृद्ध, नन्दिवृद्ध, पोट्टिश, हाल आदि (प्राकृत कवियों) के समाने भी श्रेष्ठ कवि है ।

000

पाठ ३२ : प्राकृत अभिलेख

१. जीव-दया = मांस-भक्षण का निषेध

1. यह धर्मलिपि देवताओं के प्रिय, प्रियदर्शी राजा (अशोक) द्वारा लिखायी गयी ।
2. यहाँ पर कोई जीव मारकर हवन न किया जाय ।
3. और न समाज (दोषपूर्ण आयोजन) किया जाय ।
4. क्योंकि बहुत दोष समाज में देवानांप्रिय, प्रियदर्शी राजा देखता है ।
5. ऐसे भी एक प्रकार के समाज हैं, जो देवानांप्रिय, प्रियदर्शी राजा के मत में साधु (निर्दोष) हैं ।
6. पहले देवानांप्रिय, प्रियदर्शी राजा की पाकशाला (रसोइ) में प्रतिदिन कई लाख प्राणी सूप (सब्जी आदि) के लिए मारे जाते थे ।
7. ये तीन प्राणी भी पीछे (आगे चलकर) नहीं मारे जायेंगे ।

२. लोकोपकारी कार्य

1. देवानांप्रिय, प्रियदर्शी राजा के राज्य में सर्वत्र, इसी प्रकार प्रत्यन्तों में— चोल, पाण्डय, सत्यपुत्र, केरलपुत्र, ताम्रपर्णी तक यवनराजा अन्तियोक, उस अन्तियोक के समीप जो राजा हैं, (वहाँ) सर्वत्र, देवानांप्रिय, प्रियदर्शी राजा की

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

दो (प्रकार की) चिकित्साएं व्यवस्थित हैं— मनुष्यों की चिकित्सा और पशुओं की चिकित्सा।

2. मनुष्योपयोगी और पशूपयोगी जो औषधियाँ जहाँ-जहाँ नहीं हैं (वे) सब जगह लायी गयी हैं और रोपी (उत्पन्न की) गयी हैं।

3. और मूल (जड़ें) तथा फल जहाँ जहाँ नही हैं (वे) सब जगह लाये गये हैं।

4. पशु और मनुष्यों के उपयोग के लिए पंथों (रास्तों) में कुए खोदे गये हैं और वृक्ष रोपे गये हैं।

३. समन्वय ही श्रेष्ठ है

1. देवानांप्रिय, प्रियदर्शी राजा सभी धार्मिक सम्प्रदायों और प्रव्रजितों (साधु-जीवन वालों) और गृहस्थों को पूजता है तथा वह दान और विविध प्रकार की पूजा से (उन्हें) पूजता है।

2. किन्तु दान और पूजा को देवानांप्रिय उतना नहीं मानता, जितना इस बात को (महत्त्व देता है) कि सभी सम्प्रदायों के सार (तत्व) की वृद्धि हो।

3. सार-वृद्धि कई प्रकार की होती है। किन्तु उसका यह मूल है— वचन का संयम। कैसे ? अनुचित अवसरों पर अपने सम्प्रदाय की प्रशंसा और दूसरों के सम्प्रदाय की निन्दा नहीं होनी चाहिए।

4. किसी-किसी अवसर पर (कारण से) हलकी (आलोचना) होनी चाहिए। किन्तु उन-उन प्रमुख कारणों से दूसरे सम्प्रदाय पूजे जाने चाहिए। ऐसा करते हुए (मनुष्य) अपने सम्प्रदाय को बढ़ाता है तथा दूसरे सम्प्रदाय का उपकार करता है।

5. इसके विपरीत करता हुआ (व्यक्ति) अपने सम्प्रदाय को क्षीण करता है और दूसरे सम्प्रदाय का भी अपकार करता है—

6. जो कोई (व्यक्ति) अपने सम्प्रदाय की पूजा करता है तथा दूसरे सम्प्रदाय की निन्दा करता है— सब अपने सम्प्रदाय की भक्ति (पक्ष) के कारण। कैसे ? कि किस प्रकार अपने सम्प्रदाय का प्रचार (दीपन) किया जाय। वह ऐसा करता हुआ अपने सम्प्रदाय की बहुत हानि करता है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

7. इसलिए (समवाय) ही साधु (श्रेष्ठ) है। कैसे ? एक दूसरे के धर्म को सुनना और सुनाना चाहिए। ऐसी ही देवानांप्रिय की इच्छा है। कैसी ? कि सभी सम्प्रदाय बहुश्रुत हों और कल्याणगामी हों।

8. जो अपने अपने सम्प्रदाय में अनुरक्त हों, वे (दूसरे से) कहें—देवानांप्रिय दान और पूजा को उतना नहीं मानते जितना कि इस बात को कि सब सम्प्रदायों में सार की वृद्धि हो।

9. इस प्रयोजन के लिये बहुत से धर्ममहामात्र, और स्त्री-अध्यक्ष-महामात्र, व्रज-भूमिक (यात्री-रक्षक) और अन्य (अधिकारी) वर्ग नियुक्त हैं। इसका यह फल है कि अपने सम्प्रदाय की वृद्धि और धर्म का दीपन (प्रचार) होता है।

000

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

अपठित प्राकृत गद्यांश

१. कुवलयचंदस्स पउत्ती

णयरीए उण तिय-चउक्क-चच्चर-महापह-रच्छामुह-गोउरेसु 'हा कुमार, केण णीओ, कत्थ गओ, कत्थ पाविओ, हा को उण सो तुरंगमो दारुणो त्ति । सव्वहा तं होहिइ जं देवयाओ इच्छंति' त्ति । तरुणियणो-'हा सुहय, हा सुंदर, हा सोडिय, हा मुद्धड, हा वियड्ढ, हा कुवलयचंद-कुमार कत्थ गओ त्ति । सव्वहा कुमार, तुह विरहे कायरा इव पउत्थवइया' । णयरी केरिसा जाया ।

उवसंत-मुरय-सद्दा संगीय-विवज्जिया सुदीण-जणा ।
झीण-विलासासोहा पउत्थवइय व्व सा णयरी ।।१।।

तओ कुमार, एरिसेसु य दुक्ख-वोलावियव्वेसु दियहेसु सोय-विहले परियणे णिवेइयं पडिहारीए महाराइणो 'देव, को वि

पूसराय-मणि-पुंज-सच्छहो पोमराय-मणि-वण्णो ।
किं पि पियं व भणंतो दट्ठुं कीरो महइ देवं ।।२।।

तं च सोऊण राइणा 'अहो, कीरो कयाइ किं पि जाणइ त्ति दे पेसेसु णं' उल्लविए, पहाइया पडिहारी पविट्ठा य, मग्गालग्गो रायकीरो । उवसप्पिऊण भणियं रायकीरेण । अवि य ।

'भुंजसि पुणो वि भुंजसु उयहि-महामेहलं पु इ-लच्छिं ।
वड्ढसि तहा वि वड्ढसु णरणाह ! जसेण धवलेणं ।।३।।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

भणिए, णरवइणा अउव्व-दंसणायण्णेण-विम्हय-वस-रस-समुससंत-रोमंच-कंचुय-च्छविणा भणियं 'महाकीर, तुमं कओ, केण वा कारणेण इहागओ सि' त्ति । भणियं च रायसुएणं 'देव. वड्ढसि कुवलयचंद कुमार-पउत्तीए, त्ति भणियमेत्ते राइणा पसरंतंतर-सिणेह-णिब्भर-हियएण पसारिओभय बाहु-डंडेण गहिओ करयलेण, ठाविओ उच्छंगे । भणियं च राइणा 'वच्छ' कुमार-पउत्ती,संपायणेण कुमार-णिव्विसेस-दंसणो तुमं । ता दे साह मे कुमारस्स सरीर-वट्टमाणी । कत्थ तए दिट्ठो, कहिं,वा कालंतरम्मि, कत्थ वा पएसे, केच्चिरं वा दिट्ठस्स' त्ति । एवं च भणिए भणियं कीरेण 'देव' एत्तियं ण याणामि, जं पुण जाणामि तं साहिमो त्ति ।

अत्थि इओ अइदूरे णम्मया णाम महाणई । तीय य दाहिणे कूले देयाडई णाम महाडई । तीए देयाडईए मज्झे णम्मयाए णाइदूरे विंझ-गिरिवरस्स पायासण्णे अणेय-सउण-सावग-संकिण्णे पएसे एणिया णाम महातावसी । तीए आसम-पए अम्हे वि चिट्ठामो । एवं च परिवसंतस्स इओ थोएसुं चेय दियहेसुं एगागी सत्त-मेत्त-परिवारो संपत्तो तम्मि आसम-पएसम्मि कुमारो । तओ अम्हेहिं दिट्ठो । तत्थ य सब्भाव-णेह-णिब्भरालावो पयत्तो । पुणो गतुं समुट्ठिओ पुच्छिओ अम्हेहिं जहा 'कुमार, किं तुज्झ कुलं. किं वा णामं, कत्थ वा गंतुं ववसियं' ति । तओ तेण भणियं । 'सोम-वंस-संभवो दढवम्म-महराओ अओज्झाए परिवसइ । तस्स पुत्तो अहं, कुवलयचंदो मह णामं, गंतव्वं च मए भगवओ मुणिणो समाएसेण विजयाए पुरवरीए, कुवलयमालाए पलंबियस्स पादयस्स पूरणेण परिणेउं संबोहणेणं च' त्ति । एवं च भणिऊण गओ तं दक्खिणं दिसं कुमारो । भणियं च तीय तावसीय 'कुमार, महंतो उव्वेवो तुह गुरूणं, ता जइ तुमं भणसि ता साहेउ एस कीरो गंतूणं सरीर-पउत्ति' त्ति । भणियं च तेण 'को दोसो, पूयणिज्जा गुरुणो, जइ तीरइ गंतुं ता वच्चउ, साहेउ गुरूणं पउत्तिं । साहेयव्वं च मज्झ वयणेणं 'पायवडणं गुरूणं' ति भणमाणो पत्थिओ मण-पवण-वेओ कुमारो' त्ति ।*

000

* कुवलयमालाकथा (संक्षेप), सं.-डॉ. के. आर. चन्द्रा, अहमदाबाद, पृ. 36-38 ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

२. आरामसोहा-परिणयं

सा वि तस्सारामस्सामयरुक्खसरसाणि फलाणि जहिच्छं भुंजिय विगयच्छुहतण्हा तत्थेव ठिया सयलं दिणं। रयणीए उण गोणीओ वालिऊण पत्ता नियमंदिरं। आरामोऽवि तीए गिहं चल्लाइऊण समंतओ ठिओ। जणणीए उण सा वुत्ता—'पुत्ति ! कुणसु भोयणं,' तओ तीए वज्जरियं—'नत्थि मे अज्ज खुहं' त्ति उत्तरं काऊण सा नियसयणीए निद्दासुहमणुहवइ। जाए पच्चूससमए सा गावीओ गहिय तहेव गयाऽरण्णं। आरामोऽवि तप्पिट्ठीए गओ। एवं कुव्वंतीए तीए अइक्कंताणि कइवइ दिणाइं।

एगया मज्झण्हे सुहप्पसुत्ताए सिरिपाडलपुराहिवो चउरंगबलकलिओ विजयजत्ताए पडिनियत्तो जियसत्तु नाम राया आगओ तत्थ। तस्सआरामस्स रमणिज्जयाए अक्खित्तचित्तो मंति खंधावारनिवासत्थमाइसइ। नियासणं च चारुअम्बतरुतले ठाविय सयमुवविसइ। सिन्नं पि तस्स चउद्दिसिं पि आवासेइ। अवि य—

तरल-तरंगवलच्छा, बज्झंति समंतओ य तरुमूले।
कविकालं विज्जंति पल्लाणज्जुया य साहासु ॥१॥
बज्झंति निविडथुडपायवेसु मयमत्तदंतितंतीओ।
वसहकरहाइवाहण—परंपराओ ठविज्जंति ॥२॥

तम्मि य समए सिन्नकोलाहलेण विज्जुपहा विगयनिद्दा समाणी उट्ठिऊण करहाइपलोयणुत्तट्ठाओ गावीओ दूरंगयाओ पलोइय तासिं वालणट्ठा तुरियतुरियं रायाइलोयस्स पिक्खंतस्स वि पहाविया। तीए समं च करभतुरियाइसमेओ आरामोऽवि पत्थिओ। तओ समभंतो राया सपरियणो उट्ठिओ अहो किमेयमच्छरियं ति पुच्छइ मंतिं, सोऽवि जोडियकरसंपुडो रायं विन्नवेइ—"देव ! अहमेवं वियक्केमि, जइओ पएसाओ विगयनिद्दमुद्दा उट्ठिऊण करसंपुडेण नयणे चमढंती उट्ठित्ता पहाविया एसा बाला। इमीए सद्धिं आरामोऽवि, ता माहप्पमेयमेईए चेव संभाविज्जइ। एसा देवंगणा वि न संभाविज्जइ,

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

निमेसुम्मेसभावेण नूणमेसा माणुसी।" तओ रण्णा वुत्तं—'मंतिराय ! एयं मे समीवमाणेह।' मंतिणावि धाविऊण सद्दो कओ। सा वि तस्स सद्दसवणेण आरामसहिया तत्थेव ठिया। तओ 'एहि त्ति मंतिणा वुत्ता। सा पडिभणइ—'मम गावीओ दूरं गयाओ।' तओ मंतिणा नियअस्सवारे पेसिऊण आणाविआओ गावीओ। सावि आरामकलिया रायसयासमाणीया। राया वि तीए सव्वमवि चंगमंगअवलोइय 'कुमारि' त्ति निच्छीय सागुराओ मंतिसंमुहमवलोएइ। तेणवि रण्णो मणोभिप्पायं नाऊण वज्जरिया। 'विज्जुपहा !—

नमिर-नरेसरसेहरअमंद-मयरंद-वासियकमग्गं।
रज्जसिरिइ सव्वक्की, होऊण इमं वरं वरमु' ॥३॥

तओ तीए साहियं- 'नाहं सवसा किन्तु जणणिजणयाणमायत्ता।' तओ मंतिणा उत्तं—को ते पिया ? कत्थ वसइ ?', तीए वि संलत्तं—'इत्थेव गामे अग्गिसम्मो माहणो परिवसइ।' तओ मंति तत्थ गमणाय रण्णा आइट्ठो। सो वि गामे गंतूण तस्स घरे पविट्ठो। तेणावि सागयवयणपुरस्सरं आसणे निवेसिऊण भणिओ 'जं करणिज्जं तं मे पसीय आइसह।' आमच्चेण भणियं—'तुम्हं जइ का वि कन्नगा अत्थि, ता दिज्जउ अम्ह सामिणो'। तेणावि "दिन्न" त्ति पडिस्सुयं, जं अम्ह जीवियमवि देवस्स संतियं किं पुण कन्नग त्ति ?", तओ अमच्चेण भणियं—"तुमं पायमवधारेसु देवस्स पासे"। सोऽवि य रायसमीवं गंतूण दिन्नासीसवयणो, मंतिणा बाहरियं वुत्तं, तो रण्णा सहत्थदिन्नासणे उवविट्ठो, भूवइणा वि कालविलंबमसहमाणेण गंधव्वविवाहेण सा परिणीया। पुव्विल्लयं नामं परावत्तिऊण 'आरामसोहं' ति तीए नाम कयं। माहणस्स वि दुवालस गामे दाऊण पणईणि चारामसोहं हत्थिखंधे आरोविऊण सनयरं पइ पत्थिओ पत्थिवो पमोयमुव्वहंतो।

000

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

राजस्थान प्राकृत भारती संस्थान, जयपुर

अद्यावधि प्रकाशित ग्रन्थ

१.	कल्पसूत्र (सचित्र)	: सम्पादक एवं हिन्दी अनुवादक महोपाध्याय विनयसागर अंग्रेजी अनुवादक- डॉ.मुकुन्द लाठ	200-00 अप्राप्य
२.	राजस्थान का जैन साहित्य	: 2500 वां निर्वाणवर्ष प्रकाशन	30.00
३.	प्राकृत स्वयं-शिक्षक	: डॉ. प्रेम सुमन जैन	15.00
४.	आगाम-तीर्थ	: अनु.- डॉ हरिराम आचार्य	10.00
५.	स्मरण-कला	: पं. धीरजलाल टो. शाह अनु.- मोहन मुनि 'शार्दूल'	15.00
६.	जैनागम दिग्दर्शन	: मुनि नगराज	20.00
७.	जैन कहानियाँ	: उपाध्याय महेन्द्र मुनि	4.00
८.	जाति-स्मरण कला	: उपाध्याय महेन्द्र मुनि	3.00
९.	हाफ ए टैल (अर्ध कथानक)	: कवि बनारसीदास अनु.- डॉ. मुकुन्द लाठ	150.00
१०.	गणधरवाद	: प. दलसुखभाई मालवणिया अनु.- प्रो. पृथ्वीराज जैन सम्पा.— म. विनयसागर	50.00
११	जैन इन्सक्रिप्सन ऑफ राजस्थान	: श्री रामवल्लभ सोमानी	70.00
१२.	एग्जेक्ट साइन्स फ्राम जैन सोर्सेज, पार्ट -I	: प्रो. लक्ष्मी चन्द्र जैन	15.00
१३.	प्राकृत काव्य-मंजरी	: डॉ. प्रेम सुमन जैन	16.00
१४.	महावीर का जीवन— सन्देश : युग के सन्दर्भ में	: आचार्य काका कालेलकर	20.00

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org